फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष -2 , अंक -200, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लांच 16

फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी 2

यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा : मोदी

पूर्वांचल में खत्म हुआ माफियाराज

- प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट व अलीगढ़ को दिया एयरपोर्ट का तोहफा
- लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का भी हुआ लोकार्पण
- आजमगढ़ से 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को आजमगढ़ से प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट और लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण करते हुए इंडी गठबंधन को जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, माफियाराज, तुष्टिकरण और कट्टरपंथ का पोषक ठहराया। कहा कि अब उप्र. से माफियाराज और कट्टरपंथ खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते कहा कि उत्तर प्रदेश पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है।

मोदी ने प्रदेश के पांच जिलों में नए एयरपोर्ट और लखनऊ एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण के साथ ही 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों का प्यार और विकास से जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। पीएम ने कहा कि प्रदेश में जबसे डबल इंजन सरकार आई है, तबसे यूपी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। यूपी केंद्र की योजनाओं को लागू करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में है। ये आंकड़े और जमीनी हकीकत बोल रहे हैं। यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, मगर अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है। मोदी ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है।

उन्होंने भोजपुरी में कहा कि ...आजमगढ़ जौन चाह जाला ऊ कर लेवेला...। पिछले चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि परिवारवादी लोग जिसे अपना गढ़ समझते थे उसे दिनेश जैसे एक नौजवान ने ढहा दिया। इसलिए बौखलाए हुए हैं, आए दिन मोदी को गाली दे रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है। वो ये भूल जाते हैं कि मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है। हिन्दुस्तान के हर कोने से आवाज आ रही है, हर कोई कह रहा है कि 'मैं हूं मोदी का परिवार'।

आजमगढ़ में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को प्रतीक चिन्ह देते मुख्यमंत्री योगी।

प्रधानमंत्री ने प्रदेशवासियों को दिया तोहफा

प्रधानमंत्री मोदी ने 3,628 करोड़ से प्रदेश के आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण किया। 108 करोड़ से महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ 11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबलपुर, ग्वालियर, पुणे, कोल्हापुर, दिल्ली और आदमपुर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। 8,176 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। 131 करोड़ से चार टावर लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का भी लोकार्पण हुआ।

रिकॉर्ड निवेश, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से यूपी की पहचान

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी में लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। इससे न सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला है बल्कि युवाओं के लिए लाखों नए अवसर बने हैं। यूपी की पहचान रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से हो रही है। यूपी की चर्चा एक्सप्रेस वे, बेहतर कानून व्यवस्था से हो रही है। अयोध्या में राम मंदिर का इंतजार भी खत्म हो गया है। काशी, मथुरा, कुशीनगर के विकास से यूपी में पर्यटन तेजी से बढ़ा है। यह गारंटी 10 साल पहले दी थी, जो आज पूरी हो रही है।

मुख्यमंत्री बोले- माफिया के गढ़ में अब अपराध नहीं, मनी की हो रही बौछार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज प्रधानमंत्री मनी की बौछार कर रहे हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार में केवल सुरक्षा का बेहतर वातावरण ही नहीं, बल्कि विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पीएम का आभार जताया। विश्वास दिलाया कि 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार की आवाज के साथ पूरा प्रदेश जुड़ेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, ओमप्रकाश राजभर, योगेंद्र उपाध्याय, दारा सिंह चौहान, सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' आदि मौजूद रहे।

सुभासपा की प्रदेश सचिव की धारदार हथियार से हत्या, लोगों में आक्रोश

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव की रविवार शाम उनके बेडरूम में हत्या कर दी गई। धारदार हथियार से उनके चेहरे और गर्दन पर कई वार किए जाने के निशान मिले हैं। सुभासपा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर (30) पत्नी अच्छेलाल राजभर कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा मोहल्ले की निवासी थीं। वे रविवार को भाजपा कार्यालय में एक बैठक में शामिल होने के बाद शाम लगभग 4 बजे घर लौटी थीं। उनके पति काम पर गए थे, जबकि बेटा खेलने गया था। शाम लगभग 5.30 बजे मोहल्ले की एक महिला उनके घर किसी काम से गई। दरवाजा खुला से वह नंदिनी के कमरे में पहुंची तो फर्श पर उनकी खून से लथपथ लाश पड़ी थी। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग पहुंचे। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और पुलिस बल के साथ एएसपी शशि शेखर सिंह ने भी मौका मुआयना किया। घटना को लेकर सुभासपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है।

- रविवार शाम भाजपा कार्यालय में हुई बैठक से लौटी थीं घर

कूनो में पांच चीता शावकों का जन्म

भोपाल। मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता 'गामिनी' ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिसके साथ देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पांच शावक, कूनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई लगभग पांच वर्ष की मादा चीता गामिनी ने आज पांच शावकों को जन्म दिया। मंत्री ने कहा कि भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब 13 हो गई है। यह चौथी बार है जब भारत में किसी चीता ने शावकों को जन्म दिया है।

- अब देश में चीतों की संख्या 26 हुई

रेल रोको आंदोलन, पटरियों पर धरने पर बैठे किसान

चंडीगढ़, एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 'रेल रोको' आंदोलन के तहत रविवार को पंजाब के विभिन्न इलाकों में किसान रेल पटरियों पर धरने पर बैठे। किसानों ने अपनी मांग पूरी नहीं करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। ट्रेन सेवाएं बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई। धरना-प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक चला।

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 27 दिन से अपनी मांगों को लेकर डटे किसानों ने देश भर में रेल रोको आंदोलन चलाया। पंजाब में 52 और हरियाणा में तीन स्थानों पर ट्रेनों को रोका गया। हरियाणा के सिरसा में रेलवे ट्रैक को बाधित करने जा रहे तकरीबन 45 किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पंजाब में किसानों ने 22 जिलों में 52 स्थानों पर रेल पटरियों पर धरना दिया।

- ट्रेनों के चक्के थमने से स्टेशनों पर यात्री रहे परेशान

एक नजर

आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ सात आईईडी बरामद

जम्मू। सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के एक जंगल में आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और सात आईईडी बरादम किए तथा एक वायरलेस सेट जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह ठिकाना सुरनकोट इलाके में दारा सांगला में एक गुफा के अंदर था। पुलिस और सेना के संयुक्त खोज दल ने इसका भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि ठिकाने से कंबल और कुछ अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं।

लालू यादव का करीबी सुभाष यादव गिरफ्तार

पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़े सुभाष यादव को पटना से गिरफ्तार किया है। सुभाष यादव को राजद प्रमुख लालू यादव का करीबी बताया जाता है। केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को पटना में यादव और उनके सहयोगियों के आधा दर्जन परिसरों पर छापे मारे। यादव को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया और जिन विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की गई, वहां से लगभग 2.3 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए।

सरयू में डूबने से कानपुर के तीन छात्रों की मौत

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के संत तुलसीदास घाट के निकट रविवार को स्नान के दौरान कानपुर के तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गई। हालांकि इनके तीन साथी सकुशल बचा लिए गए।

कानपुर नगर के बर्रा थाना क्षेत्र के वर्ल्ड बैंक कॉलोनी निवासी छह युवकों का दल रविवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आया था। सभी युवक सुबह लगभग दस बजे सरयू में जल पुलिस की बैरिकेडिंग के आगे कच्चे घाट पर स्नान के लिए पहुंचे थे। सरयू का जलस्तर कम होने के चलते शुभम मिश्र उर्फ रवि का अचानक पैर फिसला और वह गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगा। साथी अद्द्यन सिंह चौहान उर्फ़ प्रांशु और हर्षित अवस्थी ने उसे बचाने की कोशिश की और इसी में वे दोनों डूब गए। तीन अन्य साथी भी बचाने के लिए सरयू में आगे बढ़े, लेकिन स्थानीय लोगों और नाविकों ने इनको सकुशल बचा लिया। जल पुलिस के जवान और नाविकों ने सरयू में डूबे तीनों युवकों को बाहर निकाल कर श्रीराम चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर एसएसपी राजकरन नय्यर, सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र ने मौका मुआयना किया। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे में शुभम मिश्रा (20) पुत्र मोहन मिश्रा, अद्द्यन सिंह चौहान उर्फ प्रांशु (18) पुत्र ओम प्रकाश सिंह चौहान व हर्षित अवस्थी (18) पुत्र ललित नरायण अवस्थी की मौत हुई है। इनके साथी कृष्णा सहगल (18), तनिष्क पाल (20) व अमन शर्मा को बचा लिया गया है।

- तुलसीदास घाट के पास हुआ हादसा, छह दोस्त रामलला के दर्शन करने आए थे

सीएम ने लिया संज्ञान मिलेगी आर्थिक मदद

मुख्यमंत्री की ओर से हादसे का संज्ञान लिए जाने के बाद राजस्व महकमे ने पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराई है। लेखपाल ने मृतक छात्रों के परिवारीजनों से उनका आधार कार्ड व अन्य ब्यौरा हासिल किया है जिसे आर्थिक मदद तथा प्रशासनिक कार्रवाई के लिए शासन व राज्य आपदा विभाग को भेजा जाएगा।

बंगाल में सभी 42 सीटों पर टीएमसी ने उतारे प्रत्याशी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नये चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। पश्चिम बंगाल से लोकसभा की सभी सीटों पर टीएमसी द्वारा प्रत्याशी उतारे जाने से विपक्षी इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। इसके बावजूद कांग्रेस नेताओं को अभी भी सीटों के बंटवारे पर समझौता होने की उम्मीद है।

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को असानसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। बसीरहाट से पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को उतारा है। पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर लोकसभा सीट से नामांकित किया गया है।

लोकसभा चुनाव

- इंडिया गठबंधन को लगा झटका कांग्रेस को अभी भी उम्मीद

दुधवा : खतरे में डॉल्फिन, जांच वाली फाइल ही गायब

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन खतरे में है। 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित होने के बाद से दुधवा में कई डॉल्फिन की मौत हो चुकी है लेकिन मौत की वजह जानने को लेकर अधिकारी संजीदा नजर नहीं आ रहे। 24 फरवरी 2024 को भी एक डॉल्फिन का शव गिरजा बैराज में मिला था। डॉल्फिन की मौत कैसे हुई इसकी जांच फाइल ही गायब हो गई है। फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने 16 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है और एक सप्ताह में संपूर्ण रिपोर्ट मांगी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज के गेट नंबर वन में 22 फरवरी 2024 को डॉल्फिन का शव मिला था। वन विभाग की टीम ने दो चिकित्सकों डॉ. दयाशंकर और डॉ. दीपक से पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉल्फिन की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी तो विसरा आईवीआरआई बरेली भेजने के लिए सुरक्षित कर लिया गया था। हैरानी की बात है कि 16 दिन बाद भी विसरा आईवीआरआई नहीं भेजा जा सका। आशंका जताई जा रही थी कि अवैध रूप से मछली का शिकार होने के चलते डॉल्फिन की मौत हुई है तो यह बड़ा मामला होगा। बहरहाल इससे संबंधित जांच रिपोर्ट ही गायब हो गई है। प्रतिबंध के बाद भी गेरुआ और घाघरा नदी से मछली के शिकार की सच्चाई सामने आने से जिम्मेदारों की न सिर्फ पोल खुल जाएगी, बल्कि कई पर कार्रवाई भी हो सकती है। कार्रवाई से बचने को जांच रिपोर्ट गायब कर देने की चर्चा हो रही है।

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं खुला मौत का राज तो किया था विसरा सुरक्षित
- फील्ड डायरेक्टर ने बिठाई थी जांच लेकिन अब फाइल का ही पता नहीं

डॉल्फिन के कारण प्रतिबंधित है मछली का शिकार

डॉल्फिन को वर्ष 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। दुधवा टाइगर रिजर्व से होकर बहने वाली गेरुआ और घाघरा नदी में बड़ी संख्या में डॉल्फिन पाई जाती हैं। डॉल्फिन की सुरक्षा के लिए इन नदियों में मछली का शिकार प्रतिबंधित है फिर भी चोरी-छिपे मछलियों का शिकार होता है। कई बार डॉल्फिन भी इनके जाल में फंस जाती है। माना जा रहा है की मछलियों के अवैध शिकार के दौरान ही डॉल्फिन की मौत हुई है।

गिरिजा बैराज में डॉल्फिन की मौत की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिल पाई है। फाइल किस स्तर पर है, इसका भी पता लगा रहे हैं। वैसे विसरा जांच के बाद भी काफी हद तक हकीकत सामने आ जाएगी। जांच रिपोर्ट को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। - **ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व।

खेल डायरी

डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक्लेस्टोन, नवगिरे पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों पर शुक्रवार को हुए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बयान के अनुसार, सोफी और किरण दोनों ने अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक का उल्लंघन स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण के दुरुपयोग से संबंधित है। इसके अनुसार, आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।

एनसीएए चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर परवेज

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय एथलीट परवेज खान बोस्टन में अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप में एक मील ट्रैक स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। परवेज एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। फाइनल में उन्होंने 4 मिनट 03.05 सेकेंड का समय लिया और उन्हें सातवें स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। इस एथलीट ने इससे पहले प्रारंभिक दौड़ में 3 मिनट 57.126 सेकेंड में तीसरा स्थान पाया था। परवेज इस प्रतियोगिता में फ्लोरिडा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। हरियाणा के परवेज ने 2022 के राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में स्वर्ण जीता था।

नीरज चोपड़ा ने किया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इसके तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा कि हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा।

सात्विक-चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन के फाइनल में

पेरिस, एजेंसी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की नंबर 1 भारतीय जोड़ी ने द. कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को हराया। पुरुष एकल में हालांकि लक्ष्य सेन का अभियान मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से हारने के बाद समाप्त हो गया। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग ने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों के बीच हुए मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा तथा इस साल के शुरू में इंडिया ओपन में मिली हार का बदला लिया। मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 40 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्वान से भिड़ेगी, जिन्होंने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराया।

टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 भारत, तीनों प्रारूप में शीर्ष पर

भारत ने 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान किया हासिल

दुबई, एजेंसी

भारत ने धर्मशाला में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान पर अब भारत है। इस तरह से भारतीय टीम खेल के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में पहले ही शीर्ष पर है।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर रहेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी श्रृंखला में 1-0 से आगे है। भारत के टेस्ट रैंकिंग में अब 122 रेटिंग अंक हो गए हैं जो ऑस्ट्रेलिया से 5 अधिक हैं। इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। वनडे में भारत के 121 रेटिंग अंक हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के 266 अंक हैं। इंग्लैंड इस प्रारूप में 256 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत सितंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबरी पर छूटने के कारण भारत दूसरे नंबर पर खिसक गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके भारत की जगह पहला स्थान हासिल किया था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार गया था लेकिन इसके बाद उसने अगले चार टेस्ट मैच जीतकर शानदार वापसी करके आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया।

टेस्ट		वन-डे		टी-20	
टीम	रेटिंग	टीम	रेटिंग	टीम	रेटिंग
भारत	122	भारत	121	भारत	266
ऑस्ट्रेलिया	117	ऑस्ट्रेलिया	118	इंग्लैंड	256
इंग्लैंड	111	दक्षिण अफ्रीका	110	ऑस्ट्रेलिया	255
न्यूजीलैंड	101	पाकिस्तान	109	न्यूजीलैंड	254
दक्षिण अफ्रीका	99	न्यूजीलैंड	102	पाकिस्तान	249
पाकिस्तान	89	इंग्लैंड	96	दक्षिण अफ्रीका	249
वेस्ट इंडीज	81	श्रीलंका	91	वेस्ट इंडीज	245
श्रीलंका	79	बांग्लादेश	87	श्रीलंका	233
बांग्लादेश	51	अफ़ग़ानिस्तान	81	बांग्लादेश	228
ज़िम्बाब्वे	32	वेस्ट इंडीज	71	अफ़ग़ानिस्तान	218

हमें इस शब्द 'बैजबॉल' ने भ्रमित कर दिया: नासिर हुसैन

धर्मशाला। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार पर निराशा व्यक्त करते हुए टीम के बल्लेबाजों को व्यक्तिगत प्रदर्शन पर काम करने और 'बैजबॉल' के प्रति जुनून छोड़ने की सलाह दी। इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में बैजबॉल शैली को अपनाया लेकिन भारत के खिलाफ यह रणनीति नहीं चली और उसे हार मिली। बैजबॉल शब्द इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम के उपनाम 'बैज' से लिया गया है। हुसैन ने कहा कि हम इस शब्द बैजबॉल से भ्रमित हो गए। टीम और टीम प्रबंधन को बैजबॉल रास नहीं आ रहा है। उन्हें अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन पर ध्यान देने की जरूरत है। विपक्षी टीम को देखिए। उन्होंने जिंदगी के हर पहलू की तरह प्रयास किया और उनसे सीख ली। फिर हमारा पतन क्यों हुआ। जैक क्रॉली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में क्यों नहीं बदल पाए। बेन डकेट ने तब आक्रामक रवैया अपनाया जब गेंद काफी नई थी। बेन स्टोक्स पूरी श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

जिस दिन लगेगा अच्छा नहीं खेल पा रहा हूं, संन्यास ले लूंगा : रोहित

धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह इस समय अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन जिस दिन उन्हें लगेगा कि वह अच्छा नहीं खेल पा रहे, वह तुरंत खेल को अलविदा कह देंगे। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीत ली। रोहित ने मैच के बाद जियो सिनेमा से कहा कि एक दिन जब मैं सुबह उठूंगा और मुझे लगेगा कि मैं अब अच्छा नहीं खेल सकता तो मैं तुरंत रिटायर हो जाऊंगा, लेकिन पिछले कुछ साल से मैं अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। रोहित ने 2019 के बाद से टेस्ट क्रिकेट में नौ शतक लगाए हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की है कि रोहित इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे। श्रृंखला जीतने का श्रेय टीम को देते हुए उन्होंने कहा कि जब आप इस तरह टेस्ट जीतते हैं तो सब कुछ सही हो जाता है। एक समय पर लोग जाएंगे और आएंगे, यह हम जानते हैं। इन युवा खिलाड़ियों के पास भले ही अनुभव नहीं है लेकिन उन्होंने काफी क्रिकेट खेला है और मैंने देखा है कि दबाव का बखूबी सामना किया है। जीत का श्रेय पूरी टीम को जाता है।

मुझे नहीं लगता रोहित बेहतर कप्तान थे, उनके गेंदबाजों ने कमाल किया: स्वान

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा की कप्तानी बेन स्टोक्स से बेहतर नहीं थी, लेकिन उनके गेंदबाजों ने कमाल किया जिससे भारत ने जीत दर्ज की। शुरू से लेकर अंत तक स्टोक्स की नेतृत्व शैली ने सभी का ध्यान खींचा, लेकिन रोहित की अगुवाई वाली टीम 4 मैच जीतकर बड़े अंतर से श्रृंखला नाम की। स्वान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक कप्तान के रूप में वह बेहतर थे क्योंकि उनके गेंदबाजों ने कमाल किया। उनके पास अच्छी मारक क्षमता थी। मुझे गलत मत समझो, रोहित अच्छा कप्तान है लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप इस संदर्भ में कहते हैं कि स्टोक्स ने खराब कप्तानी की तो मुझे लगता है कि आप गलत कह रहे हैं। पहले मैच में वे नहीं चल पाए लेकिन अंतिम 4 मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करके कप्तान का काम आसान किया।

बजरंग, रवि ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर

सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और रवि दहिया रविवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल में अपने मुकाबले हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए। पूनिया को पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित से 1-9 से हार मिली। इससे पहले वह रविंदर से मुश्किल से जीत पाए थे। अगर रविंदर ने चेतावनी से अंक नहीं गंवाया होता तो पूनिया पहले ही बाहर हो गए होते। हारने के बाद पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रूके। पूनिया ने ट्रायल्स के लिए रूस में ट्रेनिंग ली थी। ये ट्रायल्स भारतीय ओलंपिक संघ के तदर्थ पैनल द्वारा कराए जा रहे हैं। पूनिया ने हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट में यह कहते हुए मुकदमा जीता था कि निलंबित डब्ल्यूएफआई के पास ट्रायल्स का अधिकार नहीं है। पुरुष 57 किग्रा (नोर्डिक प्रारूप में) हमेशा मुश्किल वर्ग रहा है जिसमें तोक्यो के रजत पदक विजेता रवि दहिया और अमन सेहरावत दौड़ में थे। चोट से वापसी कर रहे दहिया बड़े स्कोर वाले पहले मुकाबले में अमन से 13-14 से और अगले मुकाबले में उदित से हार गए।

युवा और अनुभव के मिश्रण ने दिलाई भारत को यादगार जीत

भारत ने अपनी धरती पर सबसे लंबे प्रारूप में बादशाहत फिर की साबित

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ जीवंत पिचों पर खेली गई श्रृंखला में भारत ने घरेलू धरती पर अपनी यादगार जीत दर्ज करके सबसे लंबे प्रारूप में अपनी बादशाहत फिर से साबित की।

युवा और अनुभव से मिश्रित भारतीय टीम ने पहला मैच गंवाने के बाद इंग्लैंड को 5 मैच की श्रृंखला में 4-1 से हराकर उसकी बैजबॉल रणनीति पर सवालिया निशान लगा दिया। भारत की जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ी श्रृंखला में नहीं थे जबकि केएल राहुल और रविंद्र जडेजा भी पहले मैच के बाद चोटिल हो गए थे। रोहित शर्मा की टीम ने धैर्य बनाए रखा और 4 मैच जीते। भारत ने इस श्रृंखला में 5 खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका दिया जिनमें से 4 सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने दिखाया कि वह शीर्ष स्तर पर खेलने को तैयार हैं। इनके बीच कप्तान रोहित, उप कप्तान जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने अच्छा प्रदर्शन करके उदाहरण पेश किया। वहीं यशस्वी जायसवाल ने खुद को रन मशीन साबित किया जबकि कुलदीप यादव ने कलाई का जादू बिखेरा। इससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत की अगली पीढ़ी जिम्मेदारी लेने को तैयार है। भारत की यह घरेलू धरती पर लगातार 17वीं जीत है।

भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि सबसे खुशी की बात यह रही कि भारत ने 10 वर्षों से दबदबा बनाए रखा और इस बीच कोई श्रृंखला नहीं गंवाई जबकि इस बीच विदेशी खिलाड़ियों को आईपीएल से भारतीय परिस्थितियों में खेलने का अच्छा अनुभव मिला। जायसवाल भारत की नई रन मशीन बनकर उभरे। उन्होंने श्रृंखला में 712 रन बनाए और सुनील गावस्कर के बाद किसी एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने। इस बल्लेबाज ने लगातार दो मैच में दोहरे शतक लगाए। उन्होंने श्रृंखला में 26 छक्के जड़े जिससे पता चलता है कि वह गेंदबाजों पर किस कदर हावी रहे। अश्विन और जडेजा ने क्रमशः 26 और 19 विकेट लेकर फिर से साबित किया कि घरेलू परिस्थितियों में उनका कोई जवाब नहीं है। कुलदीप यादव ने अंतिम 4 मैच में अच्छा प्रदर्शन करके टीम में तीसरे नंबर के स्पिनर के तौर पर जगह मजबूत की।

टेस्ट मुश्किल, सफलता को एक-दूसरे की जरूरत : द्रविड़

धर्मशाला। भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में प्रेरणादायक भाषण देते हुए राहुल द्रविड़ ने युवा खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट की मुश्किल डगर में फतह हासिल करने के लिए एकजुट बने रहने और एक इकाई के तौर पर खेलने की अहमियत बताई। हैदराबाद में पहले टेस्ट में हारने के बाद मेजबान टीम ने चार मैच जीतकर श्रृंखला कब्जाई। द्रविड़ ने कहा कि इस तरह श्रृंखला को जीतना होता है और यह मुश्किल है। यह आपके कौशल के मामले में, शारीरिक और मानसिक रूप से भी मुश्किल होता है जैसा कि आपने देखा है। द्रविड़ ने कहा कि लेकिन अंत में यह संतोषजनक होता है। आपको श्रृंखला जीतने के बाद जो संतुष्टि मिलती है, मुझे लगता है कि यह अभूतपूर्व होती है। जैसे इस श्रृंखला में एक मैच में हार से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 4-1 से जीतना, कितना संतोषजनक है।

शार्दुल के खेल से विदर्भ के खिलाफ मुंबई का पलटवार

रणजी फाइनल



मुंबई, एजेंसी

श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे का रणजी में खराब प्रदर्शन जारी रहा लेकिन शार्दुल ठाकुर के खेल के दम पर मुंबई फाइनल के शुरुआती दिन विदर्भ के खिलाफ वापसी में सफल रहा। शार्दुल ने 69 गेंद में 5 चौके और 3 छक्के की मदद से 75 रन बनाए, जिससे 111 रन पर 6 विकेट गंवाने वाली मुंबई ने 224 रन बनाए।

शार्दुल ने गेंदबाजी कर विदर्भ के ध्रुव शोरे को पगबाधा किया। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने 3 विकेट पर 31 रन बनाए। टीम मुंबई से 193 रन पीछे है। स्टंप्स के समय अथर्व तायडे (21) और रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे क्रीज पर थे। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने अमन मोखाडे (8) और करुण नायर (0) को विकेटकीपर हार्दिक तामोरे के हाथों कैच कराकर मुंबई का दबदबा बनाया। मुंबई ने बिना नुकसान के 81 रन बना लिए थे, लेकिन लंच के पहले और बाद में टीम 111 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। राहणे और अय्यर ने 7-7 रन बनाए। दिन के पहले सत्र में उमेश यादव (43 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के खिलाफ मुंबई के पृथ्वी साव (46) और भूपेन लालवानी (37) ने रन बनाए। इस गेंदबाज ने लंच के बाद अय्यर का विकेट लिया। 20वें ओवर में तेज गेंदबाज यश ठाकुर (54 रन पर 3 विकेट) ने लालवानी को आउट कर पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अक्षय वाखरे ने स्लिप में उनका शानदार कैच लपका। साव वामहस्त स्पिनर हर्ष दुबे (62 रन पर 3 विकेट) की गेंद पर बोल्ड होकर अर्धशतक से चूक गए। मुशीर खान (6) हर्ष की फिरकी से पगबाधा हो गए। महज 30 रन के अंदर 6 विकेट मुंबई ने गवां दिए। क्रीज पर आए शार्दुल ने कुछ चौके लगाकर विदर्भ के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। एक छोर से वह तेजी से रन बना रहे थे तो वही दूसरे छोर से पुछल्ले बल्लेबाजों का विकेट गिर रहा था। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे।

बॉलीवुड हलचल

पृथ्वीराज की 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन बेहतर जीवन के तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन उनके सामने जीवन की कई मुश्किलें सामने आ रही हैं और वे खुद भी कष्टों में जूझ रहे हैं। फिल्म लोकप्रिय बेस्टसेलर उपन्यास 'आदु जीविथम' पर आधारित है। मशहूर लेखक बेन्यामिन द्वारा लिखित यह उपन्यास एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में विदेश में भाग्य की तलाश में केरल के हरे-भरे तटों से पलायन करता है। पृथ्वीराज ने कहा कि यह एक लंबी यात्रा रही है और आसान नहीं है। एक दशक के लंबे इंतजार के बाद दर्शकों को हमारी कड़ी मेहनत और उथल-पुथल का फल देखने को मिलता है। कोविड के दिनों से लेकर आज तक 'द गोट लाइफ' अप्रत्याशित और अविस्मरणीय यात्रा रही है। एआर रहमान जैसे उस्ताद को संगीत को जीवंत करते देखना सम्मान की बात है।

ऐश्वर्या, प्रियंका और दीपिका से मिलती है आलिया भट्ट को प्रेरणा

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री आलिया भट्ट को ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण से प्रेरणा मिलती है। आलिया भट्ट ने बताया कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने बेहतरीन काम किया है और वो मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, ऐसी कलाकार हैं जो मेरी दोस्त भी हैं। मैं भी उनकी तारीफ करती हूं इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से रास्ता बनाया है। आलिया ने कहा कि मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां विविधता समय की मांग है। आप दुनिया के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन सभी एक ही का हिस्सा हैं।

फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी

मुंबई, एजेंसी। बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत नीलम तिवारी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड (ओपीसी) के बैनर से बनने वाली भोजपुरी फिल्म बड़े घर की बेटी की शूटिंग शुरू हो गई है। बड़े घर की बेटी में अंजना सिंह और यामिनी सिंह मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग चल रही है। बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वहीं फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है। मैंने भोजपुरी में बहुत सारी फिल्में की हैं, लेकिन यह फिल्म उन सभी से अलग है और मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी रिलीज होगी, दर्शक इसे जरूर सिनेमाघर में जाकर देखेंगे। यामिनी सिंह ने कहा कि अलग-अलग तरह की कहानी के किरदार को जीना मेरी प्राथमिकता रही है। उम्मीद है यह फिल्म भी दर्शकों को बेहद पसंद आए। फिल्म बड़े घर की बेटी का कथा संवाद अरविंद तिवारी ने लिखा है और कला अंजनी तिवारी का है। डीओपी विजय मंडल का है। नृत्य कानू मुखर्जी, सोनू प्रीतम, संगीत साजन मिश्रा और गीत प्यारेलाल यादव, अरबिंद तिवारी का है। फिल्म के कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी हैं इस फिल्म में अंजना सिंह, यामिनी सिंह, अविनाश साही राकेश बाबू, संतोष श्रीवास्तव, प्रेम दुबे, कंचन मिश्रा, सोनाली मि मिश्रा मिश्रा, भूपेंद्र सिंह बीना पांडे मुख्य भूमिका में हैं।

भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड का एतराज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड ने एतराज जताया है। निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह और खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 22 मार्च को पैन इंडिया रिलीज होनी है, लेकिन उससे पहले फिल्म के टाइटल पर सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने एतराज जता दिया है। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि उन्हें न्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से एक कॉल आया था, जिसमें पहले लीज हुई हिंदी फिल्म के समान शीर्षक होने से फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि मुझसे रवि नाम के किसी व्यक्ति ने संपर्क किया था, जिसने मेरी फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया था। रोशन सिंह ने बताया कि फिल्म रंग दे बसंती की स्क्रीनिंग हो चुकी है, और हमें यूए प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक कुछ कट्स के बारे में सूचित किया गया। जो बोर्ड के ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। उन्होंने कहा कि जब हमने इस बाबत जानकारी के लिए सेंसर बोर्ड कार्यालय में संपर्क किया तो बताया गया कि आपका मामला सेंसर बोर्ड अध्यक्ष के कार्यालय से लंबित है। जो ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। मैंने 5 मार्च को एक पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी चाही मगर कारण क्या है अभी तक बताया नही जा रहा है और 8 मार्च को मुझे फोन कर फिल्म का शिर्षक बदलने का अनुरोध किया गया।

अंकुश राजा का होली गाना रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायक अंकुश राजा का गाना देवरे से डलवाईब रिलीज हो गया है। गाना देवरे से डलवाईब का थीम होली के दौरान भाभी के साथ देवर की ठिठोली का है, जिसे अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाना देवरे से डलवाईब वाई आर म्यूजिक फैक्ट्री के ऑफिशियल ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। अंकुश राजा ने कहा कि होली के गानों की अपनी विधा है, जो हमारे यहां लोक संस्कृति में व्याप्त है। इस गाने में भी हुआ ऑडियंस को देखने को मिल रहा है और लोग इसे कनेक्ट भी कर पा रहे हैं तभी इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं और यह गाना तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवरे से डलवाईब गाना के म्यूजिक वीडियो में अंकुश राजा, रक्षा गुप्ता के नजर आए हैं। देवरे से डलवाईब के गीतकार छोटू यादव हैं और संगीतकार विकी बॉक्स हैं। डायरेक्टर संदीप राज हैं और कोरियोग्राफर योगेश हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

नि:शुल्क शिविर में लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

रूरा। कस्बा के पाथा मंदिर में रविवार को नि :शुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. सुरजीत सिंह आहूजा व डॉ. प्रीति आहूजा ने आए हुए सैकड़ों मरीजों को परामर्श देने के साथ ही शुगर, बीपी, खून की जांच निशुल्क कराई। शिविर में कुंज बिहारी शुक्ला, विनीत शुक्ला, चंद्र कुमार शुक्ला, मयंक कुशवाहा, अंकित मिश्रा, आकाश त्रिपाठी, राजेंद्र सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

घर के बाहर खेल रही बालिका लापता

रूरा। थाना क्षेत्र के अंबरपुर गांव निवासी अरुण पाल की आठ वर्षीय बेटी आन्या पाल घर से बाहर खेलने गई थी। जब पिता अरुण उसे खाने के लिए बुलाने गए तो वह नहीं मिली। काफी खोजबीन करने के बाद भी बालिका का कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने जानकारी पुलिस को दी।

दुर्घटना में किशोर घायल

रूरा। मड़ौली गांव निवासी राकेश गौतम का पुत्र दिव्यांश स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर आ रहा था। तभी घर के सामने बाइक की टक्कर से वह घायल हो गया।

रूरा स्टेशन पर बिकेंगी दूध से निर्मित मिठाइयां

वर्चुअल माध्यम से स्टेशन के स्टॉल का पीएम कल करेंगे लोकार्पण

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत रूरा रेलवे स्टेशन पर लगे स्टॉल में दूध से बनी मिठाइयों की बिक्री की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मार्च को वर्चुअल माध्यम से स्टॉल का शुभारंभ करेंगे। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कानपुर देहात के दूध उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए रेलवे बोर्ड ने एक स्टेशन एक उत्पाद योजना शुरू की है। जिसके तहत रूरा रेलवे स्टेशन पर दुग्ध उत्पादों की स्टॉल पर बिक्री का निर्णय लिया गया है। जिसको लेकर रेलवे की ओर से वेंडर तय कर दिया गया है। उत्पादों की बिक्री के लिए रूरा स्टेशन पर स्टॉल को तैयार किया गया है। जहां पर दूध से बने पेड़ा, गुझिया, छेना, केक आदि की बिक्री की जाएगी। सीएमआई ललित कुमार ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत रूरा रेलवे स्टेशन पर दूध उत्पादों की बिक्री के लिए चयनित किया है। जहां पर निर्धारित रेट पर गुणवत्ता युक्त मिठाई व दुग्ध उत्पाद उपलब्ध होंगे। स्टॉल संचालन रूरा के मोनू तिवारी द्वारा किया जाएगा। 12 मार्च को प्रधानमंत्री की ओर से वर्चुअल तरीके से स्टॉल शुभारंभ का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि रूरा रेलवे स्टेशन पर सौ फीट ऊंचा तिरंगा फहराने के साथ ही कोटा-पटना एक्सप्रेस को भी हरी दिखाए जाने की संभावना है।



रूरा रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद का लगा स्टॉल। अमृत विचार

कोविंद के गांव में बनेगा आवासीय विद्यालय

- पांच एकड़ भूमि पर 45 करोड़ से बनेगा भवन शिलान्यास कल

कानपुर देहात। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव परौंख में सर्वोदय आवासीय विद्यालय बनाया जाएगा। करीब पांच एकड़ में बनने वाले विद्यालय का शिलान्यास 12 मार्च को किया जाएगा। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति व डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का कार्यक्रम प्रस्तावित है। अधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव परौंख में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय बनाए जाने का प्रस्ताव पूर्व में शासन को भेजा गया था। जिसकी मंजूरी देने के बाद भूमि भी चिह्नित कर ली गई है। समाज कल्याण विभाग की ओर से भूमि पर विद्यालय के भवन का निर्माण कराया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. प्रज्ञा शंकर तिवारी ने बताया कि विद्यालय भवन पांच एकड़ में बनवाया जाएगा। जिसके निर्माण में करीब 45 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि सर्वोदय आवासीय विद्यालय में छात्रों को शिक्षा के साथ ही निशुल्क छात्रावास, पाठय पुस्तक, यूनीफार्म आदि की सुविधा भी मिलेगी। विद्यालय में 80 प्रतिशत अनुसूचित जाति-जनजाति व 20 प्रतिशत सामान्य व पिछड़ा वर्ग छात्रों को प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था है। शिलान्यास मे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व राज्य मंत्री असीम अरुण मौजूद रहेंगे।

संपत्ति का पूरा ब्योरा न देने पर रुकेगी शिक्षकों की पदोन्नति

कानपुर देहात। मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का ब्योरा दर्ज न करने वाले अधिकारियों की पदोन्नति नहीं होगा। शासन की ओर से इस बावत निर्देश जारी किए गए हैं। इसी को लेकर परिषदीय शिक्षकों से भी उनकी चल-अचल संपत्तियों का विवरण मांगा गया है।

चल और अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज करना होगा। इसके लिए बीएसए ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि यदि कार्मिकों द्वारा समय पर अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण पोर्टल पर प्रस्तुत नहीं किया गया तो उनके पदोन्नति के प्रकरणों पर भी किसी भी हाल में विचार नहीं किया जाएगा।

बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि शिक्षकों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा मानव सम्पदा पोर्टल पर दर्ज कराना होगा। इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

सार-संक्षेप

दिव्यांगों को सहायक उपकरण देते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

दिव्यांगों को बांटे गए 253 सहायक उपकरण

पुखरायां। भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद में दिव्यांगों के लिए निशुल्क 253 सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांगों के लिए आयोजित सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने 68 ट्राई साइकिल, 32 मोट्राइज्ड ट्राई साइकिल, 12 व्हील चेयर, 86 वैशाखी, 16 छड़ी, 20 कैलई एवं कृतिम अंग समेत 253 उपकरणों का वितरण किया गया। इस मौके पर एसडीएम सर्वेश कुमार, केंद्रीय मंत्री प्रतिनिधि श्यामसिंह सिसौदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल देव अग्निहोत्री, राजेश तिवारी, पालिका अध्यक्ष पूनम दिवाकर, उनके पति करूणा शंकर दिवाकर, अशोक सचान, मुकुल पांडेय, प्रमोद त्रिपाठी, रेणुका सचान आदि मौजूद रहे।


राजपुर क्षेत्र में पैदल गश्त करते पुलिस व आईटीबीपी जवान। अमृत विचार

पुलिस ने आईटीबीपी जवानों के साथ किया पैदल गश्त

राजपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सटटी पुलिस ने रविवार को आईटीबीपी के जवानों के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त किया। इस दौरान संवेदनशील मतदेय स्थलों का भी निरीक्षण किया गया। लोकसभा चुनाव और होली के त्योहार को लेकर सतर्कता बरतने के साथ ही पुलिस लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रही है। भोगनीपुर सीओ देवेंद्र सिंह व सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने रविवार को थाना पुलिस और आईटीबीपी जवानों के साथ अफसरिया, सट्टी, जांहगीरपुर, दिवैर, जलालपुर व शाहजहांपुर गांव में पैदल गश्त किया। इसके बाद क्षेत्र के मतदेय स्थलों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से संवाद किया। सभी से भयमुक्त होकर मतदान करने की बात कही। थानाध्यक्ष ने अति संवेदनशील गांव सटटी के मतदेय स्थलों की व्यवस्था देखी। ग्रामीणों के साथ बैठक कर कहा कि त्योहार पर सभी प्रेम और सौहार्द कायम रखें। हर वर्ष की तरह त्योहार सभी लोग मिल जुलकर खुशी के साथ मनाएं। सीओ ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि कोई प्रलोभन दे या किसी अन्य तरह से परेशान करे तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। इस दौरान उपनिरीक्षक राजीव कुमार, श्रीराम विद्यार्थी, शीलेश कुमार, महिला कांस्टेबल अनामिका सिंह आदि मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

रूरा। पतरा हाल्ट के पास रेल पटरी पार करते समय बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। असेनी रोशनमऊ गांव निवासी जगन्नाथ पाल (65) रविवार की सुबह खेत जाने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान दिल्ली-हावड़ा रूट पर पतरा हाल्ट के पास खंभा नंबर 1055/12-16 के सामने रेल पटरी पार करते समय किसी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। स्टेशन मास्टर ने मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी।

शार्ट सर्किट से ऑयल फैक्ट्री में लगी आग

रनियां। औद्योगिक क्षेत्र रनियां में खाद्य तेल बनाने वाली फैक्ट्री में बिजली के पैनल में अचानक आग लग गई। वहां काम कर रहे मजदूरों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इधर आग की सूचना दमकल को दी गई। जब तक दमकल पहुंचती मजदूरों ने आग बुझा ली थी। रनियां-चिराना रोड पर खाने वाला तेल बनाने वाली फैक्ट्री दो शिफ्टो में संचालित होती है। रात में लगभग 175 मजदूर काम कर रहे थे। उसी दौरान फैक्ट्री में विद्युत सप्लाई करने वाले पैनल में अचानक आग लग गई। जिससे काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया। आनन फानन मजदूरों ने आग बुझाने का प्रयास किया। फैक्ट्री प्रबंधन ने दमकल को सूचना दी। मजदूरों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा ली। सीएफओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि फैक्ट्री में विद्युत सप्लाई पैनल में आग लगी थी। जनहानि नहीं हुई है।

मौसम की बेरुखी से आधी रह गई सरसों की पैदावार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। फसल के समय लगातार तापमान कम रहने के कारण इस बार सरसों की पैदावार कम हो गई है। करीब दो क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से पैदा होने वाली सरसों इस साल करीब एक क्विंटल प्रति बीघा से भी कम निकल रही है। वहीं मंडी में भाव भी मनमाफिक नहीं मिल रहा है। जिससे किसानों की फसल लागत तक नहीं निकल पा रही है।

खेत में कटी पड़ी सरसों की फसल। अमृत विचार

जनपद में रबी सीजन के दौरान किसान प्रमुख रूप से गेहूं, जौं, सरसों, आलू आदि फसलों की पैदावार करते हैं। पूर्व के वर्षों में अमूमन सरसों की दो क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से पैदावार हो जाती थी। लेकिन इस साल मौसम सरसों की फसल के लिए अनुकूल नहीं रहा है। कोहरा, बारिश व ओलावृष्टि ने फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। सरसों का दाना भी ठीक से नहीं फूल पाया। जिससे इस साल पैदावार घर गई है। अकबरपुर क्षेत्र के कटरा निवासी किसान विवेक द्विवेदी, गोपीनाथ आदि ने बताया कि इस बार एक क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से भी सरसों की पैदावार नहीं हो पाई है। वहीं उत्पादन कम होने के साथ ही मंडी में उन्हें भाव भी अच्छा नहीं मिल पा रहा है।

रूरा में हज के लिए रवाना होते यात्री। अमृत विचार

रूरा कस्बे से हज के लिए चार यात्री रवाना

रूरा। कस्बे से हज यात्रा करने के लिए रविवार को चार लोग रवाना हुए। रूरा निवासी इदरीश अहमद, अनीशा बेगम, उस्मान व फक़रूनिसा हज करने के लिए रवाना हुए हैं। रविवार को उनके परिवार जनों ने सभी को फूल माला पहना कर रवाना किया। सभी हज यात्री महानंदा एक्सप्रेस से दिल्ली पहुंच कर एयरपोर्ट से मक्का-मदीना के लिए उड़ान भरेंगे।

1421 मरीजों को मुफ्त परामर्श व इलाज मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिले की 28 पीएचसी में 139वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

अमृत विचार। जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 1421 मरीजों को परामर्श देकर उनका इलाज किया गया। सीएमओ समेत अन्य अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लेते रहे।

रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 139वें आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। बदलते मौसम में सबसे अधिक दो सौ बुखार व सर्दी-जुकाम के मरीज पहुंचे। उन्हें परामर्श देकर उपचार किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि मौजूदा समय में सुबह व रात को ठंड का असर बना हुआ है। जबकि दिन में खिली धूप निकल रही है। ऐसे में लोग लापरवाही कर गर्म कपड़ों को नहीं पहनते हैं। जिससे बुखार व सर्दी-जुकाम की चपेट में आ जाते हैं। इसलिए सावधानी जरूर बरतें। वहीं सीएमओ डॉ. एके सिंह ने पीएचसी अमरौधा व मूसानगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों व कर्मियों की उपस्थिति जांची। सीएमओ ने बताया, आरोग्य मेले में 75 मरीजों को मलेरिया व डेंगू की संभावना पर जांच कराई गई, लेकिन कोई भी पॉजिटिव नहीं पाया गया है। मेले में 49 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए हैं।

रायपुर-जोत मार्ग होगा डामरीकृत

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार। रायपुर-जोत संपर्क मार्ग का डामरीकरण का शिलान्यास जिला पंचायत सदस्य ने किया। इस मार्ग के डामरीकरण होने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

रविवार को रसूलाबाद विकासखंड क्षेत्र की रसूलाबाद देहात ग्राम पंचायत के रायपुर गांव में डामर सड़क का शिलान्यास भूमि पूजन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रसूलाबाद द्वितीय जिला पंचायत सदस्य जनार्दन सिंह ऋषि ने विधिविधान से पूजन कर सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान जब वह वोट मांगने आए थे तो ग्राम प्रधान उदय सिंह ने सड़क समस्या के बारे में बताया था। उन्होंने सड़क बनवाने का वादा भी किया था। उस वादे को पूरा करते हुए डामर रोड का निर्माण कार्य शुरू कराया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवशरण कमल, ओम शंकर सिंह, वीरू सिंह, भानु प्रताप सिंह, रामवीर सिंह, रवि सिंह, गोलू सिंह, पप्पू गौर आदि रहे।

शिलान्यास करते जिला पंचायत सदस्य जनार्दन सिंह। अमृत विचार

हेलो डॉक्टर
कैंसर से सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें।
कैंसर के कारणों, निदान और उपचार के बारे में जानने के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के कैंसर रोग विभाग के प्रो. डॉ. अवधेश कुमार दीक्षित (पूर्व प्राचार्य एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ) से करें सवाल।

दिनांक 11 मार्च दिन सोमवार
समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805707

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सुविधा बढ़ी | गर्भवती व बच्चों के टीके की होगी ऑनलाइन एंट्री, तत्काल मिलेगा प्रमाण पत्र

मां-बच्चे के टीकाकरण का हिसाब रखेगा यू-विन

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। महिलाओं को अब गर्भावस्था के समय या फिर नवजात के जन्म के बाद लगने वाले टीके का हिसाब रखने को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। यह कार्य यू-विन पोर्टल करेगा। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीके की ऑनलाइन एंट्री होगी। बच्चों और गर्भवतियों को टीका लगाने के बाद अब तुरंत प्रमाण पत्र भी मिल जाएगा।

गर्भवतियों और बच्चों को जन्म के बाद से अलग-अलग आयु वर्ग के बारह जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीके लगाए जाते हैं। अभी तक यह कार्य ऑफलाइन होने के कारण लोगों को टीकाकरण के अगले शेड्यूल की जानकारी नहीं मिल पाती थी। इसके लिए उन्हें अपने क्षेत्र की एएनएम व आशाओं पर निर्भर रहना होता है। टीकाकरण के लिए उन्हें कोई प्रमाण पत्र भी नहीं प्राप्त होता है। जानकारी के अभाव में तय शेड्यूल के अनुसार टीका न लग पाने से चक्र टूटने पर बच्चे के बीमारी की चपेट में आने का खतरा रहता। इन समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने कोविड-19 की तर्ज पर यू-विन पोर्टल विकसित किया है। पूरे देश में इस प्लेटफार्म पर टीकाकरण की प्रविष्टि दर्ज रहेगी। इस पर एक बार लाभार्थी का विवरण दर्ज होने पर वह विभाग की नजर में रहेगा। साथ ही उसके टीकाकरण का संपूर्ण चक्र उसके मोबाइल फोन में ही स्टोर होगा। अपने आसपास के टीकाकरण सत्रों की जानकारी लाभार्थी को ऑनलाइन मिलने के साथ ही, घर बैठे टीके का स्टॉक भी देखा जा सकेगा। साथ ही टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक कर संबंधित सत्र पर जाकर सहूलियत से टीका भी लगवाया जा सकेगा।

यू-विन पोर्टल के फायदे

परिवार के सभी सदस्यों के टीके का एक साथ ही एक ही स्थान पर रेकार्ड उपलब्ध रहेगा। टीके की आपूर्ति व उपयोग की केंद्रीयकृत निगरानी हो सकेगी। टीके की सही तारीख भी याद रहेगी और स्लॉट बुक करने से समय की भी बचत होगी। टीके की बर्बादी भी रुकेगी। एप में टीके की डोज की उपलब्धता का विवरण होगा।

पंजीकरण के लिए जरूरी हैं यह दस्तावेज

यू-विन में पंजीकरण के लिए आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर जरूरी है। बच्चे के मामले में जन्मतिथि की सही जानकारी होनी चाकहए। गर्भवतियों का आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पेंशन बुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर, स्मार्ट कार्ड, मतदाता पहचान पत्र पंजीकरण के लिए मान्य होगा।

इन 12 बीमारियों से बचाते रहेंगे टीके

सीएमओ ने बताया कि 12 प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाता है। टीका लगने से टिटनेस, गलाघोंटू, क्षय रोग, दस्त, हेपेटाइटिस, खसरा, पोलियो, रतौंधी, निमोनिया, टायफाइड, काली खांसी व रुबेला से बचाव होता है। इसलिए टीका लगवाने में लापरवाही नहीं करनी चाहिए।

नियमित टीकाकरण के लिए भारत सरकार की ओर से यू-विन पोर्टल लांच किया गया है। इसमे गर्भवती को पंजीकृत कर टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही उसके प्रसव के परिणाम को रिकार्ड करने, प्रत्येक नवजात के जन्म को पंजीकृत करने, जन्म खुराक देने और सभी टीकाकरण में मदद मिलेगी।

-डॉ. एके सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी

नया पोल लगने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल

संवाददाता मंगलपुर

- डंपर की टक्कर से पोल क्षतिग्रस्त होने से 18 घंटे बाधित रही बिजली

अमृत विचार। जौरवा गांव के डंपर की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने पर बारह गांवों की आपूर्ति करीब 18 घंटे बाधित रही। रविवार को नया पोल लगाने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

बीते शनिवार की शाम एक तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर मंगलपुर विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के जौरवा गांव के पास विद्युत पोल से टकराता हुआ खड्ड में जा गिरा था। जिससे क्षेत्र के करीब बारह गांवों की विद्युत सप्लाई ठप हो गई थी। रात भर बिजली न आने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत सप्लाई बहाल करने की भरपूर प्रयास किए, लेकिन पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण सप्लाई बहाल नहीं हो पाई। रविवार को कड़ी मशक्कत के बाद नया विद्युत पोल लगाया गया। जिसपर करीब 18 घंटे बाद क्षेत्र के गांवों की विद्युत सप्लाई बहाल हो पाई। विद्युत कर्मियों ने बताया कि नया विद्युत पोल लगाकर बिजली आपूर्ति सुचारू करा दी गई है।

एक नजर

नगर निगम सदन से पहले पार्षद की चेतावनी

कानपुर। नगर निगम सदन को 11 मार्च सोमवार को दोपहर एक बजे बुलाया गया है। इस दौरान नगर निगम और जलकल के मूल बजट वित्तीय वर्ष 24-25 पर चर्चा की जायेगी। वहीं, पार्षदों की ओर से दिये गये प्रस्तावों पर विचार किया जायेगा। सदन में अन्य विषयों पर महापौर व अध्यक्ष की अनुमति से ही चर्चा होगी। नगर निगम सचिव कार्यालय की ओर से सभी पार्षदों को सदन की जानकारी दी गई है। वहीं, रविवार को वार्ड 14 की पार्षद शालू कनौजिया ने एक वीडियो जारी कर कहा है कि क्षेत्र से उपेक्षा की वजह से इस बार सदन में वो होगा जो कभी नहीं हुआ। चेतावनी जारी कर कहा कि सदन में इसबार रण होगा। वहीं, दूसरे पार्षद भी सदन में हंगामा कर सकते हैं।

मेरठ में पसंद किया गया कानपुर का आलू

कानपुर। केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय आंलू स्टेशन मोदीपुरम मेरठ में आलू दिवस पर नौ और दस मार्च को दो दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित हुई। इस प्रदर्शनी में सीएसए के सब्जी अनुभाग की ओर से आलू की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. राम बटुक सिंह ने किसानों को आलू की प्रजातियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को उन्नत खेती के बारे में भी बताया।

बेजार बाजार

बाजार में अतिक्रमण का हाल। अमृत विचार

सड़क पर लगा वाहनों का जमावड़ा। अमृत विचार

फुटपाथ तक दुकानें और सड़क पर वाहन

◆ गोविंद नगर बाजार से पराग डेयरी तक यातायात बेहाल ◆ सड़क पर रेंगते हुए निकलते हैं वाहन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गोविंद नगर में चावला चौराहे के आसपास बाजार में घुसने से लोग कतराते हैं। वजह अतिक्रमण और पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होना है। इसी कारण चावला चौराहे से गुलाब राज और नंदलाल से सीटीआई जाने वाले दोनों मार्गों पर वाहन सवार पसीना-पसीन हो जाते हैं। चावला चौराहा से बर्रा बाइपास जाने में भी राहगीरों को अतिक्रमण से जूझना पड़ता है। सड़क के दोनों ओर कब्जेदार फुटपाथ चबा गए हैं और ग्राहकों के वाहन सड़क पर ही खड़े होते हैं। इलाके में डीबीएस कालेज रोड भी जाम और अतिक्रमण से अछूती नहीं है।

गोविंदपुरी पुल उतरते ही चौतरफा अतिक्रमण और जाम की समस्या घेर लेती है। दुकानों के बाहर अतिक्रमण ने फुटपाथ गायब कर दिया है। कई जगह तो रोड तक दुकानें सजती हैं। जहां कहीं फुटपाथ बचे हैं, वहां ठेला-ठेलिया वालों का कब्जा है। गोविंदनगर की इस रोड पर आने के बाद चाहे जिधर जाना हो, जाम से सामना करना ही पड़ेगा। कोई रोड ऐसी नहीं है जहां अतिक्रमण के साथ सड़क पर वाहनों का जमावड़ा न मिले। इस रोड पर चाय-नाश्ता, फल, सब्जी समेत सभी प्रकार के ठेले लगते हैं। जिससे जाम और बढ़ जाता है। लोग सड़क पर ही गाड़ी खड़ी करके खरीदारी करते हैं। चावला चौराहा से गुलाबराज जाने वाली रोड पर घुसते ही सड़क घेरकर चाय-पान का दुकानदार बैठता है। नंदलाल चौराहे से बारादेवी रोड पर भी आमने-सामने चाय-नाश्ता की दुकानें हैं। इन पर लगने वाली भीड़ रास्ता रोकती है। इसी चौराहा पर आटो, ई-रिक्शा वालों का अतिक्रमण हमेशा रहता है। इस रोड पर पांच मिनट रुके बगैर आप आगे नहीं बढ़ सकते हैं। वहीं नंदलाल चौराहा से बर्रा बाइपास की ओर बढ़ने पर सड़कों के दोनों तरफ तो अतिक्रमण का जबरदस्त जाल नजर आएगा।

नेता, दबंग और पुलिस की मंजूरी पर लगाते ठेला

पराग डेयरी के बाहर तीन-चार दर्जन ठेले वाले खड़े होते हैं। ठेला लगाने वालों का कहना है कि इस रोड पर शाम के बाद दुकानदारी बहुत अच्छी होती है। ठेला खड़ा करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। राजनैतिक और दबंग लोगों से अनुमति लेनी पड़ती है। पुलिस को समझना पड़ता है, तब जाकर ठेला लगा सकते हैं।

व्यापारियों की बात

बाजार में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। इसी कारण अधिकांश दुकानदार अपने वाहन नहीं लेकर आते हैं। खरीदारों को तो यह कह नहीं सकते कि वाहन लेकर न आएं। बाजार के लिए पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए।

-अंकुर खन्ना, दुकानदार

त्योहार का सीजन है इसलिए दुकानदारों ने कुछ आगे दुकानें बढ़ा ली हैं। अगर क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था हो तो समस्या कोई नहीं है। पार्किंग न होने के कारण लोगों की मजबूरी है कि अपने वाहन सड़क पर ही जगह देखकर लगा देते हैं।

-प्रकाश चंद्र त्रिपाठी

कुछ दुकानदार जिनकी दुकानें छोटी हैं, वह अपना माल सड़क के फुटपाथ पर मेज लगाकर सजाते हैं। इसके बाद अगर ग्राहकों के वाहन खड़े हो गए तो जाम की समस्या हो जाती है। वैसे दुकानदार खुद ग्राहकों के वाहन ठीक से खड़ा कराते हैं, जिससे जाम की समस्या न हो।

- सतबीर सिंह, दुकानदार

दुकानों के बाहर ठेले खड़े हो जाते हैं। कुछ ठेले वाले फेरी लगाकर माल बेचते हैं। बाजार में ग्राहकों के वाहनों का लोड तो रहता ही है। इसलिए अक्सर जाम लगता है। सबसे ज्यादा समस्या ई-रिक्शा वालों से होती है। पूरी रोड पर दर्जनों ई-रिक्शा वाले सवारी के इंतजार में खड़े रहते हैं।

-विवेक सक्सेना, दुकानदार

फल मंडी सुगम यातायात में बनी बड़ी मुसीबत

सचान चौराहा से पहले रोड पर फल मंडी लगती है। आसपास के लोगों का कहना है कि पहले मुख्य रोड की तरफ ही आठ-दस ठेले खड़े होते थे, अब तो पूरी मंडी बस गई है। करीब 50 दुकानें लगने लगी हैं। कालोनी जाने वाली रोड पर भी 20-25 ठेले खड़े होने लगे हैं। मंडी का मलबा और सड़ा-गला फल भी रोड पर ही डाला जाता है। इससे जानवरों का झुंड भी मुसीबत बना रहता है।

पिनाकी का किया गया लोकार्पण



पुस्तक का लोकार्पण करते पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। डबल पुलिया स्थित जय भगवान गार्डन में रविवार को आशुतोष की रचित कृति पिनाकी का लोकार्पण हुआ। पिनाकी पर बोलते हुए मुख्य अतिथि आईआईटी के प्रो. नचिकेता तिवारी ने कहा कि पिनाकी का तात्पर्य हर उस चीज का विरोध है, जो ब्रह्म विरोधी हो। भारतीय संस्कृति बहुत प्राचीन है। इसमें वैदिक, बौद्ध, जैन और सिख सभी का समावेश माना गया है। पिनाकी कृति में शिव को अघोर कहा गया है। अघोर का मतलब जो वायलेंट न हो, बल्कि शांति व प्रेम से विश्व में विचरण करता हो। इस मौके पर स्वामी नलिनानंद गिरि महाराज, डॉ. राजतिलक, डॉ. राकेश शुक्ल, टीएल श्रीवास्तव, इं. दिवाकर उपाध्याय, डॉ. अंकिता ने भी विचार रखे। अध्यक्षता योगेंद्र भार्गव, महेश सिंह चौहान व संचालन योगेश श्रीवास्तव ने किया। लेखक आशुतोष ने सभी का आभार व्यक्त किया। डॉ. सरस्वती अग्रवाल, डॉ. मीनाक्षी व्यास, डॉ. सुधा अग्रवाल, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. नीति गुप्ता, अजय मिश्रा, आदित्य बाजपेई, ज्ञानेंद्र पांडेय, दीप कुमार मिश्रा, गोविंद मिश्रा, सुनील बाजपेई, जयराम सिंह गौड़, डॉ. राधा शाक्य, अभिषेक पांडेय मौजूद रहे।

झकरकटी में होली से पहले स्क्रीन पर बसों की सूचना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कंट्रोल रूम में बसों का टाइम टेबल हुआ फीड, अब किया जाएगा परीक्षण
- यात्रियों को नहीं पड़ेगा बसों के आगमन व प्रस्थान के लिए इधर-उधर भटकना

अमृत विचार। झकरकटी बस अड्डे पर लगाई गई बसों का टाइम टेबल बताने वाली स्क्रीन 15 मार्च से काम शुरू कर देगी। बसों की समय सारिणी अपडेट होने में लगने वाले समय की वजह से शुरू होने में देरी हुई है। अब स्क्रीन में टाइम टेबल अपडेट होने का काम लगभग पूरा हो गया है।

झकरकटी बस अड्डे पर फरवरी के अंतिम सप्ताह में बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। इस स्क्रीन में यात्रियों को बसों के आने और जाने का समय दिखाया जाना था। उस वक्त स्क्रीन को मार्च के पहले सप्ताह में शुरू किए जाने की बात कही थी। रोडवेज के अधिकारियों ने बताया कि बसों के टाइम टेबल को ऑनलाइन किए जाने में लगने वाले

समय की वजह से इसके शुरू होने में देरी हुई है। सभी डिपो से बसों की समय सूची नहीं पहुंच सकी थी। अब टाइम टेबल को ऑनलाइन किए जाने का काम लगभग 90 फीसदी पूरा हो गया है। 15 मार्च से स्क्रीन का संचालन शुरू हो जाएगा। स्क्रीन शुरू होने से यात्रियों को बसों के लिए दौड़भाग नहीं करनी होगी।

15 दिन रहेगी मूल्यांकन की रिकॉर्डिंग

यूपी बोर्ड परीक्षा

- शिक्षा विभाग ने शुरू की मूल्यांकन की तैयारी, रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य की तैयारी शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। 16 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू होना है। इस बार जिले में विभाग की ओर से पांच मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। खास बात यह है कि इस बार मूल्यांकन केंद्रों की रिकॉर्डिंग 15 दिनों तक सुरक्षित रखी जाएगी।

बोर्ड परीक्षा के बाद शिक्षा विभाग उत्तर पुस्तिकाओं के जांचने के काम में जुट गया है। पिछली बार छह मूल्यांकन केंद्र थे। लेकिन इस बार पांच केंद्रों हरसहाय जगदंबा सहाय इंटर कॉलेज, सरयू नारायण बाल विद्यालय, डीएवी इंटर कॉलेज, सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज व जीआईसी में ही उत्तर पुस्तिकाओं को जांचा जाएगा। मूल्यांकन केंद्रों की सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम को भी केंद्रों से जोड़ा जाएगा। यह कंट्रोल रूम 16 को शुरू होने वाले मूल्यांकन कार्य से दो दिन पहले 14 से संचालित हो जाएगा। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि सभी मूल्यांकन केंद्रों में सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग सुरक्षा कारणों से 15 दिन तक सुरक्षित रखी जाएगी। इसके अलावा कंट्रोल रूम से भी कॉपियां जांचने वाले परीक्षकों पर नजर रखी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि 16 से 29 तक चलने वाले मूल्यांकन कार्य के लिए सभी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही सभी मूल्यांकन केंद्र की जांच भी की जाएगी।

बोर्ड लगाएगा ड्यूटी

यूपी बोर्ड मूल्यांकन कार्य में लगने वाले शिक्षकों की ड्यूटी लगाएगा। इसके लिए शिक्षकों की ओर से पहले ही बोर्ड की साइट पर अपने नाम दिए गए हैं। शिक्षा विभाग का मानना है कि जल्द ही बोर्ड की ओर से मूल्यांकन कार्य में लगने वाले शिक्षकों की ड्यूटी जारी कर दी जाएगी। सॉफ्टवेयर के जरिए इस बार शिक्षकों के नामों का चयन किया जाएगा।

अव्यवस्था पर कटा एक केंद्र

आचार्य नगर स्थित भारतीय विद्यालय को अव्यवस्था होने के चलते इस बार मूल्यांकन केंद्र की सूची से काट दिया गया है। यहां पर पूर्व में भी परीक्षकों की ओर से शिकायतें की जाती रही हैं। केंद्र में अव्यवस्था होने पर सुरक्षा कारणों की वजह से मूल्यांकन कार्य नहीं होगा।

भाजपा ने सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ा

संवाददाता, रसूलाबाद

- रसूलाबाद में सपा युवजन सभा जिला इकाई की बैठक

अमृत विचार। जो लोग जुमले से सत्ता में आए हैं वो गारंटी से सत्ता से बाहर भी जाएंगे। समाजवादी लोग विकास और आपसी मेलजोल की राजनीति करते हैं। भाजपा ने आज सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ दिया है। यह बात सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हिमांशू यादव ने कही।

रविवार को रसूलाबाद कस्बा स्थित शिवम गेस्ट हाउस में समाजवादी युवजन सभा सपा की जिला इकाई बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रभारी नरेंद्र यादव व जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और पदों में मिली जिम्मेदारी का निर्वहन करने की बात कही। जिला प्रभारी ने कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का चुनाव ऐतिहासिक होगा। यह हमेशा ही सपा का गढ़ रहा है और 2024 में भी सपा का परचम लहराएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने की नसीहत दी। वहीं हाजी फैजान खान ने कहा रसूलाबाद क्षेत्र में जो विकास के काम दिख रहे हैं। सब सपा सरकार में हुए हैं। वर्तमान सरकार में लोगों को बड़ी-बड़ी बातें ही सुनने को मिल रहीं हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था भी बदहाल है। सपा युवजन सभा के विधानसभा अध्यक्ष

सपा युवजन सभा की बैठक में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

जयवेंद्र यादव ने कहा कि संगठन को मजबूत करके पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। गोपाल गुप्ता, कुलदीप यादव प्रेमी, विश्राम सिंह यादव मटल्लू, धीरज यादव, अर्जुन सिंह चौहान, अभय गुप्ता चंदन, राघवेंद्र यादव शीलू, अभिषेक सिंह, करन यादव, लालू यादव, ऋषभ कमल, शानू अहमद, ओम श्रीवास्तव, अर्पित यादव, सौरभ रहे।

तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार महिला को मारी टक्कर, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- झकरकटी बस अड्डे के पास हुई दुर्घटना, बस चालक हिरासत में

अमृत विचार। झकरकटी बस अड्डे के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। बस की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद चालक बस छोड़ कर भागने लगा, जिस पर राहगीरों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। सूचना पर मौके पर पहुंची बाबूपुरवा पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भेजने के बाद शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

सरसौल उड़गाखेरा निवासी किसान शिवराज की पत्नी पूजा देवी (35) रविवार दोपहर साढ़ निवासी देवर अंकित व फतेहपुर

बिंदकी निवासी भाई बृजेश के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने उत्तरीपुरा भरिया गांव जा रही थी। बाइक चला रहे देवर अंकित ने बताया कि भरिया गांव में बहन के देवर की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए वह भाभी व साले के साथ सरसौल से बाइक से जा रहे थे। टाटमिल चौराहे के पास झकरकटी बस अड्डे से पहले पीछे से आ रही उन्नाव डिपो की रोडवेज बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। बस चालक ने भागने के चक्कर में बस तेज रफ्तार से आगे बढ़ा दी, जिससे भाभी पहिए की चपेट में आ गईं। पहिए की चपेट में आने से पूजा देवी की मौके पर मौत हो गई। वहीं बृजेश व अंकित मामूली रूप से घायल हो गए। शोरगुल मचने पर चालक बस छोड़कर भागने लगा, जिस पर राहगीरों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि उन्नाव डिपो की बस चालक अशोक कुमार चला रहा था। चालक को हिरासत में लिया गया है।

सार-संक्षेप

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

भूमेश्वर धाम में भागवत के समापन पर हुआ भंडारा

राजपुर। महाशिवरात्रि के चलते क्षेत्र के करीमनगर नगर स्थित भूमेश्वर धाम में भागवत कथा समापन पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। राजपुर के करीमनगर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भूमेश्वर धाम मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन के साथ मेले का आयोजन किया जाता है। रविवार को कथा समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओ ने प्रसाद ग्रहण कर भूमेश्वर बाबा का आशीर्वाद लिया। यहां शिवम दुबे ने सुंदर पाठ की जानकारी दी। आयोजक शिवम शुक्ला व दीपक मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष भूमेश्वर धाम में भागवत कथा का आयोजन किया जाता है। इस दौरान मंदिर के पुजारी लालजी शुक्ला, मनोज शुक्ला, अनुपम पाठक, शिवम शुक्ला, रिक्की कटियार, मोहित शर्मा, ब्रजेश राठौर, सर्वेश पाल, राजेश कटियार समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

स्वरूपपुर गांव की सड़क पर गंदगी व कीचड़। अमृत विचार

स्वरूपपुर में गंदगी से पटी नालियां, सड़क पर कीचड़

राजपुर। अमरौधा ब्लॉक के स्वरूपपुर गांव में गंदगी से नालियां चोक पड़ी हैं और रास्ता कीचड़ से पटा है। ऐसे में ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत दिबैर के मजरा स्वरूपपुर में करीब 500 की आबादी में सफाई के लिए दो कर्मचारियों की तैनाती है। इसके बावजूद काफी समय से कर्मी सफाई करने गांव नहीं आ रहे हैं। इसकी वजह से नालियां जाम हो गई है। ग्रामीणों के घरों का गंदा पानी रास्ते पर बहता है। इससे रास्ते में कीचड़ हो गया है और ग्रामीण आवागमन को मजबूर होते हैं। कीचड़ से पटे रास्ते पर फिसलन होने से कई बार बुजुर्ग और स्कूली बच्चे गिरकर चुटहिल भी हो जाते हैं। गांव के सुनील कुमार, कृष्ण कुमार, जगजीवन, रामसनेही, दिनेश, मोहित आदि ने बताया कि करीब एक माह से सफाई कर्मी नदारद है। आरोप है कि सफाई कर्मी गांव सफाई करने नहीं आते हैं। कभी कभार ठेके पर मजदूर लगाकर सफाई कराई जाती है। इसके बाद भी इनका वेतन निकाल दिया जाता है। एडीओ पंचायत रामप्रकाश पाठक ने बताया कि रोस्टर लगाकर गांव में सफाई कराई जाएगी। लापरवाह सफाई कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

खुशी के पल

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में रीति रिवाजों के साथ थामा एक-दूसरे का हाथ

मोतीझील में बजी शहनाई, 38 जोड़ों ने लिए अग्नि के फेरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रविवार को मोतीझील के लॉन -एक में समारोह का आयोजन हुआ। नगर निगम की ओर से आयोजित इस समारोह में 38 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। सभी जोड़ों को शासन से निर्धारित उपहार सामग्री भेंट की गई।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। मोतीझील में वर-वधू पक्ष के लोग पहुंचे। यहां दोनों पक्षों के लोगों के लिए वैवाहिक इंतजाम किए गए थे। मंडप के नीचे मौजूद आचार्यों ने रीति रिवाज से सभी जोड़ों की रस्में पूरी कराईं। सातों फेरे पूरे कराए। इससे पहले बारात, अगवानी, जयमाल की रस्में भी वर और वधू पक्ष ने मिलकर पूरी कीं। जिन 38 जोड़ों का विवाह योजना के तहत कराया गया, उनमें अनुसूचित जाति के 31, पिछड़ी जाति के चार और सामान्य वर्ग के तीन जोड़े रहे। वर-वधू ने नगर निगम की व्यवस्था की सराहना की। महापौर प्रमिला पांडेय, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक नीलिमा कटियार, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन व नगर निगम के अधिकारी, पार्षद, आदि मौजूद रहे।

मोतीझील में सामूहिक विवाह में शामिल वर-वधु। अमृत विचार

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 11 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। प्रजापति महासभा की ओर से रविवार को 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह बर्रा बाइपास स्थित दिव्यांशी गार्डेन में आयोजित किया गया। धूमधाम से 11 दूल्हे बरात लेकर समारोह स्थल पर पहुंचे। यहां दूल्हों व बारातियों का स्वागत हुआ। द्वारचार के बाद वर-वधू को बैठाकर विवाह की रस्में निभाई गईं। अनुराग ने नीलू, अगर ने आकांक्षा, अनिल ने सुनीता, दीपक ने रोली, विनय ने गोमती, उदयभान ने रोशनी, श्रीप्रकाश ने कविता, शुभम ने उमा, नरेश ने अंजली और रितीश ने रुबी को जीवनसाथी चुना।

बर्रा के दिव्यांशी गार्डेन में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में जोड़े। अमृत विचार

प्रजापति महासभा के पदाधिकारियों ने वर-वधू को माता-पिता, बुजुर्गों का सम्मान करते हुए पति धर्म निभाने का आशीर्वाद दिया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, विधायक महेश त्रिवेदी, अभिजीत सांगा, सरोज कुरील, एमएलसी अरुण पाठक, पूर्व मंत्री दयाराम प्रजापति, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के अलावा महासभा के अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति, प्रमुख महासचिव मदनपाल प्रजापति मौजूद रहे।

अभी भी लालटेन युग में जीवन जी रहे 50 से अधिक परिवार

बिजली का इंतजार

अनीष रघुवंशी,किशनपुर

- आजादी से अब तक नहीं नसीब हो सकी बिजली
- डिजिटल युग में भी लोग पुराने जमाने की तरह

अमृत विचार। हाईटेक युग में भी देवी का डेरा के करीब आधा सैकड़ा से अधिक परिवार लालटेन युग में जीवन जीने को मजबूर हैं। आजादी के बाद से अब तक इस गांवों के लोगों को बिजली आपूर्ति नहीं नसीब हो सकी है। गांव के बदहाल रास्ते और फैली गंदगी विकास को आईना दिखाते नजर आते हैं।

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं आज भी कई ग्रामीण इलाकों तक नहीं पहुंच पाई हैं। जिसके वजह से डिजिटल युग में भी लोग पुराने जमाने की तरह जी रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में कई गांव ऐसे भी हैं जहां न तो पक्का मार्ग है न तो बिजली की व्यवस्था हो पाईं है। किशनपुर विद्युत उपकेंद्र के क्षेत्र में एक गांव ऐसा भी है जहां के लोग आजादी से लेकर आज तक अंधेरे में हैं। जालंधरपुर गांव का एक छोटा सा मजरा देवी का डेरा है। इस गांव में करीब पचास से अधिक परिवार और करीब दो सौ से अधिक मतदाता रहते हैं। यहां के रहने वाले लोगों ने आज तक अपने घर में बिजली का उजियारा नहीं देखा है। शाम होते ही लोगों को प्रकाश की तलाश होती है। मिट्टी का तेल न मिलने से लोगों को चार्जिंग लाइट के भरोसे रहना पड़ता है। गांव के लोग सौर ऊर्जा का सहारा ले रहे हैं। घंटे दो घंटे बाद चार्जिंग लाइटें भी खत्म हो जाती हैं, जिसकी वजह से स्कूली बच्चे भी पढाई नहीं कर पाते हैं। हालांकि ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर गांव में लाइट लगवाने की मांग भी की लेकिन जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की शिकायतों को अनसुना कर दिया। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों ने केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से भी शिकायत कर गांव में लाइट लगवाने की मांग की थी।

इस तरह से चार्ज होते हैं मोबाइल फोन। अमृत विचार

> गांव में विद्युतीकरण न होने की जानकारी नहीं थी। अब मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही विद्युत विभाग से कहकर गांव में विद्युतीकरण कराया जाएगा। जिससे की वहां के लोगों को भी बिजली उपलब्ध हो सके।
> –कृष्णा पासवान, खागा विधायक

क्या कहते हैं गांव के लोग

गांव के रहने वाले उमाशंकर निषाद ने बताया कि गांव में विद्युतीकरण न होने से शाम से ही चारपाई पर लेटना पड़ रहा है। सौर ऊर्जा के सहारे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चलते हैं। यदि धूप न निकली तो शाम को अंधेरे में ही खाना पड़ता है।

गांव के रहने वाले कल्लू निषाद ने बताया कि गांव में विद्युतीकरण न होने से घर में अंधेरा रहता है। मिट्टी का तेल बंद होने से सरसों के तेल व मोमबत्ती का सहारा लेकर घर में उजाला करना पड़ता है।

फूलचंद निषाद ने बताया कि पूरा जीवन समाप्त होने को है। आज तक गांव में विद्युतीकरण नहीं है। जिंदगी अंधेरे में ही कट गई। गांव में विद्युतीकरण न होने से बच्चों को पढ़ाई लिखाई में भी समस्या होती है। बच्चे होमवर्क नहीं कर पाते हैं।

उदयभान ने बताया कि विद्युतीकरण न होने से मोबाइल चार्जिंग व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। कभी-कभी तो अगर धूप न निकली तो चार्जिंग लाइटें नहीं चार्ज हो पातीं जिससे घर में अंधेरा बना रहता है।

रजिस्ट्रेशन कराने को कर रहे जागरूक

संवाददाता,फतेहपुर

- निजी नलकूप को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की गई है

अमृत विचार। प्रदेश सरकार ने निजी नलकूप कनेक्शनधारक किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। इसे साकार करने की कवायद शुरू करा दी गई है। बिजली विभाग की ओर से किसानों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिन किसानों के निजी नलकूप हैं वे विभाग में अपना पंजीकरण कराएं। इसके बाद 31 मार्च 2023 तक बकाया बिल का भुगतान करें। विभाग एक साथ बकाया अदा करने पर ब्याज में शत प्रतिशत छूट देगा। जो किसान तीन किस्तों में बकाया धनराशि अदा करेंगे उन्हें ब्याज में 90 फीसदी की छूट दी जाएगी। इसके अलावा जो किसान छह किस्तों में पुरान बिल चुकाएंगे उनको 80 फीसदी ब्याज माफी का लाभ मिलेगा। निजी नलकूप धारकों को बिजली बिल माफी योजना का लाभ पाने के लिए केवाईसी करानी होगी। यदि उनके नाम पर अन्य बिजली कनेक्शन हैं तो उसकी भी जानकारी देनी होगी। बिजली विभाग का कहना है कि शासन की योजना का प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। कार्यालय में भी जानकारी कर सकते हैं। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पात्र निजी नलकूपधारक किसानों को इस योजना का लाभ पहुंचाएं।

कम पैदावार होने से होली के पहले ही आलू का रेट उछला

कई बार हुई बारिश और ओलावृष्टि से घटी पैदावार, आलू के दाम बढ़ने से किसान खुश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जनवरी माह में पड़ी भीषण सर्दी एवं पाला के साथ बेमौसम बारिश की मार से आलू की पैदावार पहले की तुलना में 20 प्रतिशत कम होने से आलू के दाम अभी से आसमान छू रहे हैं। मौसम की बेरुखी के कारण प्रति बीघा 10 से 12 क्विंटल आलू कम हुआ है। पैदावार कम होने से मंडी में आलू साढ़े पांच सौ से भी अधिक की दर से प्रति पैकेट बिक रहा है। आढ़तियों को आलू के दामों में अभी और वृद्धि की उम्मीद है।

कोल्ड स्टोरेज मालिक और आढ़ती का कहना है कि जिन खेतों में प्रति बीघा 30 से 35 क्विंटल आलू की पैदावार होती थी, वहां 26 से 32 क्विंटल ही आलू खुदाई में निकल रहा है। कम पैदावार के कारण आढ़तियों को आलू बेचने के बजाए किसान कोल्ड स्टोरेज में भंडारित कर रहा।

इससे मंडी और बाजार में आलू के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं, आढ़तियों ने बताया कि कोहरे व ठंड के कारण इस बार आलू की पैदावार 15 से 20 प्रतिशत कम है। इस बार आलू की पैदावार कम होने के कारण कोल्ड स्टोरेज में भंडारण पूरा करने का भारी दबाव है।

इसके चलते कोल्ड स्टोरेज संचालक किसानों को बोरा, ट्रांसपोर्ट, ऋण, भाड़ा आदि के प्रलोभन दे रहे हैं। कई कोल्ड स्टोरेज संचालकों ने प्रति बोरी 10 रुपये भाड़ा लेने का भी नियम बना रखा है।



क्या कहते हैं किसान व आढ़ती

> व्यापारी कम पैदावार के कारण अभी बाजार और किसान दोनों के संपर्क में हैं। मौसम के पूरी तरह खुलने पर ही आलू के सही पैदावार की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पिछले फसल के मुकाबले इस बार की पैदावार में काफी अंतर रहा।
> –बृजलाल, आढ़ती

> हायब्रिड आलू की पैदावार तो 26 से 27 क्विंटल प्रति बीघा है, अच्छी प्रजातियों जैसे चिपसोना और लाल गुलाल आलू की पैदावार भी कम हैं। जनवरी माह में मौसम की मार के कारण पैदावार में काफी कमी आई है।
> –फूल सिंह यादव, किसान

> आलू की बुआई के दौरान अक्तूबर में तेज गर्मी और पौधों की वृद्धि के समय कड़ाके की ठंड व धूप न निकलने से इस बार फसल प्रभावित हुई है। इस बार आलू के भाव अच्छे मिलने की उम्मीद दिख रही है।
> –मोहित कुमार, किसान

दुकानदारों ने किया फुटपाथ पर कब्जा लगता रहता जाम

फतेहपुर। शहर की प्रमुख सड़कों एवं बाजारों में अतिक्रमण की अनदेखी राहगीरों की मुसीबत बन चुकी है। हालत यह है कि शहर की मुख्य सड़कों पर सड़क तक दुकानदार तो उसके बाद सड़क पर आटो व ई-रिक्शा की पार्किंग मुसीबत बन चुकी है। हर दिन जाम और लोगों से विवाद के बाद भी समस्या का हल नहीं निकल रहा है।

नगर पालिका परिषद चाहे जितना दम ठोक रहे हों, लेकिन अतिक्रमण और अवैध कब्जों की समस्या से निजात नहीं दिला पा रहे हैं। शहर में ही अतिक्रमण व आटो ई-रिक्शा की अवैध पार्किंग के चलते निकलना मुश्किल है। चौक बाजार हो या फिर बाकरगंज तिराहा अवैध कब्जों के बाद सड़कों पर जाम का झाम बना रहता है। इसी तरह से हरिहरगंज, राधानगर की सड़क पर भी फैले कारोबार से लोग परेशान हैं। हालत यह हैं कि यदि आप वाहन लेकर निकल रहे हैं तो जाम की स्थिति से गुजरना ही पड़ेगा। तमाम दावों के बाद भी अतिक्रमण पर जिम्मेदारों की निगाहें नहीं जा रही हैं।

पीस कमेटी की बैठक में भाग लेते विभिन्न समुदाय के लोग।

आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील

संवाददाता, धाता-फतेहपुर

अमृत विचार। आगामी पर्वो को लेकर रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रमजान, होली एवं ईद के त्यौहार के मद्देनजर थानाध्यक्ष वृंदावन राय गणमान्य लोगों से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पवित्र रमजान शुरू होने वाला है। जिसमें इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग पूरे एक महीने रोजा रखते हैं और इस महीने में मस्जिद में नमाज पढ़ने वालों की तादाद भी ज्यादा रहती है। वहीं इसी महीने के आखिरी सप्ताह में होली का त्योहार भी मनाया जाएगा। थानाध्यक्ष वृंदावन राय ने कहा की दोनों धर्म के लोग शांति, सौहार्द एवं भाई-चारे के साथ त्योहार मनाए कहीं पर किसी भी तरह की दिक्कत हो तो उसकी तत्काल सूचना दें। कोई भी अराजक तत्व नजर आए तो थाना में सूचित करें। पुलिस आपकी सेवा में 24 घंटे तत्पर रहेगी। बैठक में भानू प्रताप केसरवानी व्यापार मंडल अध्यक्ष, कृष्ण कुमार सोनी सर्राफा मंडल अध्यक्ष, मो. कलीम, मनोज सिंह, देवेश त्रिपाठी, मो. इकलाख, नसीम अहमद, सभासद समेत क्षेत्रीय ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

प्लग लगाते समय करंट से चिपका युवक, गंभीर

बिंदकी-फतेहपुर। घर के अंदर बिजली के बोर्ड में प्लग लगाते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। कमरे की फर्श गीली होने के कारण काफी देर करंट में चिपका रहा। शोर मचाने पर परिजनों ने काफी प्रयास के बाद करंट से दूर किया और अस्पताल में भर्ती कराया।

कोतवाली क्षेत्र के सेलावन गांव निवासी शैलेंद्र पाल उम्र 30 वर्ष पुत्र रामबाबू पाल रविवार की दोपहर करीब 12:00 बजे अपने गांव के घर में कमरे के अंदर बिजली के बोर्ड में पलक लगा रहे थे। तभी अचानक करंट की चपेट में आ गए। शैलेंद्र पाल ने बताया कि फर्श गीली होने के कारण अधिक देर तक करंट में चिपका रहा। शोर मचाने के बाद घर के सदस्यों ने किसी प्रकार करंट से दूर किया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों के मुताबिक अभी शैलेंद्र की हालत चिंताजनक है। करंट लगने से वह काफी झुलस गया है।

डाकघर के खाताधारक 31 तक आधार लिंक करें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- आधार और मोबाइल नंबर लिंक होना अनिवार्य, नहीं तो लेनदेन में आएगी बाधा

अमृत विचार। डाकघर के खाताधारकों को अब आधार और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। आधार और मोबाइल नंबर के बिना नये खाते भी नहीं खोले जा सकेंगे। साथ ही समय सीमा के भीतर आधार और मोबाइल नंबर नहीं लिंक कराने पर खाता बंद हो जाएगा। छोटी बचत योजनाओं में निवेश के लिए आधार और मोबाइल नम्बर को अनिवार्य कर दिया गया है।

यदि आपका डाकघर में कोई खाता है और अभी तक आपने अपने खाते को आधार कार्ड से नहीं जोड़ा है, तो 31 मार्च तक यह जरूर कर लें। ऐसा नहीं होने पर आपका खाता फ्रीज कर दिया जाएगा। तो इस स्थिति से बचने के लिए आप अपने नजदीकी डाकघर में जाएं और आधार कार्ड से अपना खाता लिंक करवाएं। ऐसा नहीं करने पर डाक विभाग की ओर से वैसे खातों को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। बता दें कि, एक बार खाता फ्रीज कर देने पर आप उस खाते से किसी भी प्रकार का लेने-देन नहीं कर सकेंगे। मुख्य डाकघर के डाक अधीक्षक ने बताया कि कई खाताधारकों के पास डाकघर में खाता खुलवाने के वक्त आधार नहीं था। ऐसे खाताधारकों के खाते आधार एनरोलमेंट आवेदन के आधार पर खोले गए थे। खाताधारकों को छह माह के अंदर आधार कार्ड की प्रति खाते को लिंक करने के लिए जमा करना है। जिन्होंने अभी तक आधार नंबर जमा नहीं किया है, उनके खातों को 31 मार्च के बाद बंद कर दिया जाएगा।

अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर ही राशन की डिलीवरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लाभार्थियों को मिलने वाले राशन की होगी सीधी आपूर्ति
- अप्रैल माह में यह व्यवस्था प्रभावी हो जाएगी

अमृत विचार। आंगनवाडी केंद्रों के लाभार्थियों को मिलने वाले राशन की अब सीधी आपूर्ति की जाएगी। नामित कंपनी की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों पर ही आपूर्ति मुहैया कराई जाएगी।

इससे एक ओर तो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोदाम की दौड़ भाग नहीं करनी होगी। दूसरा अक्सर होने वाली शिकायतों से भी बचा जा सकेगा। अप्रैल माह में यह व्यवस्था जिले में प्रभावी हो जाएगी। इसके लिए कंपनी के चयन का काम चल रहा है। जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में करीब एक लाख से अधिक लाभार्थी राशन प्राप्त करते हैं। राशन में दलिया, दाल और तेल वितरित किए जाने का प्रावधान है। आए दिन शिकायतें होती हैं कि लाभार्थियों को न तो दलिया मिल रहा है और न ही दाल और तेल मिल रहा है। जनता दर्शन से लेकर अफसरों के निरीक्षण के समय भी इस प्रकार की शिकायतें सामने आती हैं। राशन गोदाम में भी जिस प्रकार से घाल मेल चलता है उस पर भी कई बार सवाल भी उठाये जाते हैं।

कार्यकत्रियों को नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

जो कार्यकत्रियां अभी तक गोदाम से राशन प्राप्त करती हैं उन्हें अब गोदाम जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सीधे नामित संस्था की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों पर ही राशन की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। इससे कार्यकत्रियों को सहूलियत मिलेगी। पंजीकृत लाभार्थियों को जो राशन देने की व्यवस्था है उसमें किशोरी, गर्भवती और गर्भधात्री लाभार्थियों को एक एक किलो दलिया, दाल और तेल दिये जाने का प्रावधान है तो वहीं पंजीकृत बच्चों को 500 ग्राम दलिया और इतनी ही दाल दिये जाने की व्यवस्था है।

ई-पॉश मशीन भी लगेगी

लाभार्थियों को राशन मिल रहा है कि नहीं इसके लिए अब पारदर्शी व्यवस्था की जा रही है। शिकायतों को देखते हुये ही ई-पॉश मशीन भी लगायी जाएगी। जिससे कि शिकायतों का दौर खत्म हो सके और प्रत्येक लाभार्थी को शासन की ओर से दिया जाने वाला राशन मिल सके।

> केंद्रों पर सीधे नामित संस्था की ओर से अप्रैल माह से राशन की आपूर्ति की जाएगी। इसको लेकर शासन की ओर से संस्था का चयन होगा। गोदाम के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
> –साहब यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी

आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चे बढ़ाने की कवायद हुई तेज

फतेहपुर। नए शिक्षा सत्र में आंगनबाडी केन्द्रों में अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। हमारे आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम के जरिए पांच साल के कम बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र और पांच साल के ऊपर वाले बच्चों का परिषदीय स्कूल में प्रवेश दिए जाने पर जोर दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को इस काम के लिए विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। ब्लाकों में तैनात बीईओ प्री-प्राइमरी शिक्षा के महत्व बताते हुए संकुल व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से नये शैक्षिक सत्र में पांच साल से अधिक बच्चों के नामांकन एवं गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नए सत्र में अधिक प्रवेश दिलाने के लिए आंगनबाडी कार्यकत्रियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की जा रही है। बीते शनिवार को हसवां बीआरसी में एआरपी प्री-प्राइमरी शिक्षा एवं गतिविधि आधारित शिक्षा को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया।

सार-संक्षेप

निर्माणाधीन मकान की शटरिंग गिरने से महिला घायल

बिंदकी-फतेहपुर। निर्माणाधीन मकान में लिंटर डालते समय अचानक शटरिंग टूट कर नीचे गिर गई। शटरिंग के साथ मलवा भी गिरा, इसके चपेट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। अन्यथा कई लोगों की जान भी जा सकती थी। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के कोरवा गांव में रविवार की दोपहर आजम खान के निर्माणधीन मकान में लिंटर डाला जा रहा था। तभी अचानक शटरिंग टूट कर नीचे आ गई। शटरिंग के साथ लिंटर का मलवा भी नीचे गिर गया। इसके चपेट में गृह स्वामी आजम खान की पत्नी नसरीन (35) आ गई। घायल नसरीन को बाहर निकाला गया और निजी वाहन से लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस मामले में गृह स्वामी आजम खान ने बताया कि जिस समय शटरिंग गिरी उसे समय उनकी पत्नी छत के नीचे थी खुशकिस्मती रही कि परिवार के अन्य सदस्य शटरिंग के नीचे नहीं थे वरना कई की जान ले सकता था।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

मौसम का रुख सरकारी अस्पतालों समेत निजी क्लीनिकों में मरीजों की भीड़, रविवार छुट्टी होने से प्राइवेट डाक्टरों की चांदी

मौसम का बदलता मिजाज दे रहा खांसी और बुखार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। विदा हो रही सर्दी और धूप निकलने के बीच सुबह शाम व रात में मौसम ठंडा होने के साथ ही खांसी, जुकाम व बुखार के मरीजों में लगातार इजाफा हो रहा है। जरा सी लापरवाही लोगों को बीमार कर रही है। जिला अस्पताल समेत निजी क्लीनिकों में बड़ी संख्या में मरीज उपचार कराने को पहुंच रहे हैं। सरकारी अस्पताल में पर्चा बनवाने, डाक्टर को दिखाने तथा दवा लेने में मरीजों को लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है तो वहीं निजी अस्पतालों में डाक्टरों को दिखाने के लिए भी काफी समय लग रहा है।

मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। दिन में तेज धूप निकलने के बाद भी पारा सामान्य से नीचे रहने तथा सुबह शाम व रात में ठंडी हवा के कारण मौसम के सर्द हो रहा है। बदले मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इससे लोग जुकाम बुखार, पेट व सीने में दर्द तथा गले के इंफेक्शन से पीड़ित होकर अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। बच्चे भी इंफेक्शन की चपेट में आ रहे हैं। मरीजों की संख्या में इजाफा होने के बाद भी अधिकांश स्वास्थ्य केंद्र महज रेफर सेंटर बने हैं। इससे जिला अस्पताल में रोजाना मरीजों की भारी भीड़ जुट रही है। रविवार को जिला अस्पताल में ओपीडी बंद होने के कारण लोगों ने निजी क्लानिकों की ओर रुख किया। जिला अस्पताल में एक दिन पूर्व शनिवार को 1052 मरीजों के पर्चे बनाए गए थे। इससे पर्चा बनवाने, दवा लेने व डाक्टर को दिखाने के लिए मरीजों को लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। ओपीडी में आए मरीजों में 70 फीसदी मरीज बुखार खासी व जुकाम आदि से पीड़ित थे। इनमें से कई मरीजों की पैथोलॉजी में मलेरिया, टाईफाइड एवं सीवीसी की जांच हुईं। कई मरीजों को जांच रिपोर्ट ओपीड़ी खत्म होने के बाद मिलने से उनको बैरंग लौटना पड़ा।

जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़।

बचाव के लिए इन बातों का ध्यान रखना होगा

- धूप के बाद भी बच्चों की हवा में मालिश न करें।
- सुबह शाम अभी गर्म कपड़े पहनना बंद न करें।
- कटे फलों, रंग बिरंगे शर्बत बाजार की बर्फ के सेवन से बचें।
- आइसक्रीम व खुले में रखे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।
- कूलर व गमलों में भरे पानी को बराबर साफ करते रहे।
- नालियों में जला हुआ डीजल या केरोसिन डालें।
- झोलाछाप से इलाज न कराएं, डाक्टर से सलाह लेकर ही दवा लें।
- टाइफाइड, हेपेटाइटिस ,डायरिया से बचाव को स्वच्छ पेयजल लें।

झगड़े में पिता-पुत्र ने मिलकर पीटा

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में पानी भरने को लेकर 50 वर्षीय अधेड़ को गांव के ही पिता-पुत्रों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मोहनपुर गांव निवासी श्यामलाल का पुत्र राजू को गांव के ही रामभवन व उसके पुत्रों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया तथा धमकी देते हुए फरार हो गए। उधर घायल के परिजन थाने पहुंचे। जहां पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। जहां इलाज के दौरान घायल राजू ने बताया कि उसका पुत्र बेटू पानी भरने गया था तभी रामभवन का पुत्र गाली-गलौज करने लगा विरोध करने पर पिता व पुत्र उसे मारने लगे।

पशु-पक्षियों की प्यास बुझाएगा नेकी का हौदा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बेजुबान पशु-पक्षियों को भी प्यास लगने पर पानी सुलभ उपलब्ध हो सके, इसके लिए युवाओं ने एक सराहनीय कदम उठाया है।

मलवां कस्बे नेकी का हौदा रखा गया है। जिससे पशु-पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। युवाओं के इस कार्य की लोगों ने सराहना की है। युवाओं ने बताया कि गर्मी आते ही हमारे साथ ही पशु पक्षियों को भी पानी की आवश्यकता अधिक होने लगती है। हम तो पानी एकत्रित करके रख लेते हैं लेकिन पशु पक्षियों को पानी की तलाश करना पड़ता है। यदि छोटा सा प्रयास कर अपने घर के आस-पास पेड़ों में पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं तो हर साल प्यास से मरने वाले पशु पक्षियों की संख्या में कमी आएगी। इसी उद्देश्य के साथ युवाओं ने पक्षी मित्र अभियान शुरू किया है। पक्षियों के प्यास की चिंता करते हुए युवा विकास समिति के युवाओं ने हाथ बढ़ाया है। शहर के विभिन्न स्थानों पर पक्षों में पशुओं के लिए पानी भोजन की व्यवस्था में जुट गए हैं। समिति अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा का कहना है कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है। ऐसे में मूक पशुओं पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते हैं। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए, गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आसपास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझा कर उनकी जिंदगी बचाया जा सकता है। इस मौके पर पप्पू गुप्ता, संजय दत्त द्विवेदी, मुकेश, हरिओम बाजपेई समेत अन्य युवा मौजूद रहे।

नेकी का हौदा रखते युवा। अमृत विचार

- मलवां कस्बे में युवाओं की अनोखी पहल की लोग कर रहे खूब सराहना

युवक पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया

जहानाबाद। क्षेत्र के एक गांव के युवक ने पुत्री के साथ गांव के ही युवक के विरुद्ध छेड़छाड़ की तहरीर दिया है। किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री जब घर पर अकेले थी।

तभी गांव निवासी युवक आयुष घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर किशोरी को जान से मारने की धमकी देते हुए युवक मौके से भाग गया।

किशोरी के पिता ने थाने पर तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी के गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। क्षेत्र के धाता विकास खंड अंतर्गत कोट से चंदनमऊ गांव के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। घटिया सामग्री के इस्तेमाल से ग्रामीणों में आक्रोश है।

ग्रामीण जीवन निषाद, रगबर सोनकर, रासिद खान, बलागत खान, आदिल खान, सितवत उल्ला ने बताया कि कोट से चंदनमऊ गांव के लिए बनी सड़क काफी समय से जर्जर पड़ी हुई थी। जिससे लोगों को आवागमन में भारी समस्या उठानी पड़ती थी। सड़क खराब होने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का दोबारा से मरम्मतीकरण कराया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कोट से चंदनमऊ की ओर जाने वाली करीब 2 किलोमीटर की लंबी सड़क का दोबारा से मरम्मतीकरण कराया जा रहा है। सड़क के मरम्मतीकरण कार्य में ठेकेदार द्वारा मोटी रकम बचाने के चक्कर में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर लीपा पोती की जा रही है। सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मानक को दर किनार कर घटिया सामग्री लगाई जा रही है। मानक विहीन सड़क बनाकर ठेकेदार मनमानी कर रहा है। इसी को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि बड़े दिनों बाद सड़क के मरम्मतीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने सुध ली है, लेकिन अब ठेकेदार द्वारा मनमानी कर सड़क के निर्माण में औपचारिकता निभाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा टूटी हुई सड़क को साफ भी नहीं किया जा रहा है।

धूल भरी जमीन में बिछाई जा रही तारकोलयुक्त गिट्टी। अमृत विचार

- मानक विहीन सड़क निर्माण से ग्रामीणों में रोष, पीडब्ल्यूडी करा रहा निर्माण

सिलेंडर की होम डिलीवरी में अवैध वसूली!

गैस उपभोक्ताओं को पड़ रही दोहरी मार, अफसरों की निष्क्रियता से नहीं लग रहा वसूली पर अंकुश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में स्थित गैस एजेंसियों ने रसोई गैस का सिलेंडर घर पहुंचाने के नाम पर हॉकरों को लूट की खुली छूट दे रखी है। गोदाम से रसोई गैस का सिलेंडर घर पहुंचाने के नाम पर हॉकर प्रत्येक उपभोक्ता से 20 से 30 रुपये अतिरिक्त वसूल रहे हैं। जबकि गैस सिलेंडर की कीमत में होम डिलेवरी का चार्ज भी शामिल रहता है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई से कतरा रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि अतिरिक्त वसूली के इस खेल में एजेंसी के लोग भी शामिल हैं। यही कारण है कि एजेंसी पर शिकायत करने के बाद भी अतिरिक्त वसूली बंद नहीं हो रही है।

सूत्रों के मुताबिक जिले में आइओसी, एचपीसी तथा बीपीसी की एजेंसियों से गैस उपभोक्ता जुड़े हैं। इसमें उज्जवला योजना के उपभोक्ता भी हैं। सभी एजेंसियां उपभोक्ताओं से मनमानी करने पर उतारू हैं। उपभोक्ताओं से होने वाली अतिरिक्त वसूली पर रोक लगाने में अफसर भी खामोश बने हुए हैं।

हॉकर नहीं मांग सकता अधिक पैसे: इस पर गैस एजेंसी संचालक का कहना है कि एजेंसी संचालकों की ओर से हॉकर को पूरी गैस दी जाती है, उनसे लिखित में भी ले लिया जाता है। गैस एजेंसी संचालक की ओर से हॉकर को खुदरे पैसे भी दिए जाते है। जहां तक खुले पैसे की समस्या है तो वह उपभोक्ताओं को अपने स्तर पर करनी होगी, उपभोक्ता के पास खुले पैसे हैं तो कोई भी हॉकर ज्यादा पैसे नहीं मांग सकता है। फिर भी कहीं शिकायत है तो लिखित में दें।

सब्सिडी भी डकारने में परहेज नहीं

बकेवर कस्बे में स्थित गैस एजेंसी उपभोक्ताओं की सब्सिडी राशि ही डकारने में लगी हुई हैं। सरकार ने बीते साल दीपावली पर्व में उजज्वला योजना के अंतर्गत एक सिलेंडर नि:शुल्क देने की घोषणा की थी। उक्त एजेंसी ने रसोई गैस की कीमत तो जमा करा ली लेकिन उपभोक्ता के खाते में सब्सिडी की पूरी राशि नहीं भेजी गई। जब उपभोक्ता ने शिकायत की तो कागजी पेंच फंसाया गया। गैस कनेक्शन से लेकर बैंक स्टेटमेंट लाने की सलाह देकर टरकाया जा रहा है। डाक्यूमेंट्स देने के बाद भी उपभोक्ता के खाते में सब्सिडी की राशि एजेंसी ने नहीं भेजी।

होम डिलीवरी में हो रहा घटतौली का खेल

सूत्रों का कहना है कि एक हॉकर एक बार में रिक्शे में करीब 15 सिलेंडर लेकर जाता है, उसे दिन में दो से तीन चक्कर लगाने होते हैं। प्रति सिलेंडर दो किलो गैस की चोरी होती है। इस हिसाब से एक रिक्शा वाला ही रोज दो हजार रुपये की गैस चोरी कर लेता है।

डिस्ट्रीब्यूटर की होती जिम्मेदारी

ऑयल कंपनी के सेल्स ऑफिसर का कहना है कि क्वालिटी, क्वांटिटी के साथ ही गैस सिलेंडर का उपभोक्ता से सही रेट वसूला जाए। इसकी पूरी जिम्मेदारी डिस्ट्रीब्यूटर्स की होती है। सिर्फ हॉकर पर जिम्मेदारी नहीं डाली जा सकती है।

क्या बोलीं गृहणियां

होम डिलीवरी के नाम पर मची लूट पर रोक लगाई जाए। रसीद में अंकित दर से 20 से 30 रुपये अधिक हाकर लेते हैं। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। अंधेरगर्दी पर अधिकारियों की चुप्पी चौंकाती है।

-कल्पना

पिछले कई सालों से हाकर अतिरिक्त वसूली कर रहे हैं। इससे हर वर्ग के लोग इससे परेशान हैं। अभी सरकार ने सिलेंडर के दाम तो कम किया है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी लूट पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

-अनीता

उनकी सिलेंडर की पर्ची पर जो मूल्य दर्ज था, लेकिन पैसे खुले न होने की बात कहकर होम डिलीवरी करने वाला 30 रुपये अधिक ले गया, काफी कहने पर खुदरा पैसे न होने का बहाना बनाकर चला जाता है, अब किससे शिकायत करें, कोई सुनवाई नहीं होती है।

-सोमवती

12पर्ची पर पैसे दर्ज होने के बावजूद उन्हे होम डिलेवरी पर अतिरिक्त पैसों का अलग से भुगतान करना पड़ा। मनमानी की शिकायत किससे करे कोई सुनवाई नहीं होती है।

-सोनम मौर्या

उन्हें गैस चोरी या ज्यादा वसूली की कोई शिकायत पब्लिक की ओर से नहीं मिली है। यदि शिकायत मिलेगी तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर घर पहुंचाने के नाम पर अतिरिक्त वसूली के आरोपों की जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही मिलने पर दोषी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

-अभय सिंह, डीएसओ

लापता किशोरी को किया बरामद

किशनपुर फतेहपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी बीते छह मार्च को गायब हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने थाने जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी बीते दिनों बिना बताए घर से कही चली गई थी। किशोरी के गायब होने के बाद परिजनों ने रिस्तेदारी में पता किया। किशोरी के न मिलने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि किशोरी का प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले श्रीनाथ के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसी के चलते किशोरी बिना बताए घर से निकली।

घर से निकलने के बाद किशोरी कानपुर पहुंची और आरोपी के दोस्त से मिली। दोस्त ने फोन कर श्रीनाथ को कानपुर बुलाया जिसके बाद आरोपी कानपुर पहुंचा और फिर किशोरी के साथ शादी कर ली। जिसके बाद पुलिस ने शनिवार को किशोरी को खागा से गिरफ्तार कर लिया। मामले में किशनपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को मेडिकल के लिए भेजकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

गेहूं खरीद को केंद्र खुले किसानों का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। इस बार अप्रैल के बजाए मार्च से ही गेहूं खरीद की जा रही है। हालांकि जिले में अभी गेहूं की फसल तैयार नहीं हुई है, लेकिन शासन के निर्देश पर एक मार्च से होने वाली गेहूं खरीद के लिए केन्द्र खोल दिए गए हैं। किसानों के न आने से सारे केन्द्रों में सन्नाटा पसरा रहता है।

विभिन्न एजेंसियों के 42 क्रय केंद्र खोल दिए गए हैं। डिप्टी आरएमओ संजय कुमार श्रीवास्तव ने कुछ केंद्रों पर पहुंच कर तैयारियों का निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही किसानों व बटाईदारों से संपर्क कर ऑनलाइन पंजीकरण कराने व क्रय केंद्रों में गेहूं बेंचने के लिए प्रेरित करने व का निर्देश दिया। जिले में इस बार शासन ने एक मार्च से ही गेहूं की खरीद शुरू करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही गत वर्ष के समर्थन मूल्य में 150 रुपए की बढ़ोत्तरी कर 2275 रुपये प्रति कुंतल की दर से गेहूं की खरीद का फैसला किया गया है। इसके लिए 42 क्रय केंद्र एक मार्च से खोल दिए गए। वहीं दूसरी ओर अभी गेहूं की फसल तैयार होने में देरी से फिलहाल खरीद शुरू हो पाने की उम्मीद नहीं नजर आ रही है।

खुले बाजार में अधिक कीमत बनती रोड़ा

पिछले साल मूल्य समर्थन योजना के तहत 2125 रुपये प्रति कुंतल की दर से एजेंसियों को गेहूं खरीद की जिम्मेदारी दी गई थी। इन एजेंसियों के 57 क्रय केंद्रों से खरीद की गई थी। इस वर्ष शासन ने 2275 रुपये प्रति कुंतल की दर से गेहूं खरीद का फैसला किया है, लेकिन खुले बाजार में गेहूं का मूल्य 24 सौ रुपये प्रति कुंतल होने से इस बार भी किसान सरकारी क्रय केंद्रों के प्रति उदासीन दिख रहे हैं। हालांकि अभी किसानों के पास गेहूं तैयार नहीं है, इसके चलते किसानों के साथ ही इस बार बटाईदारों को भी गेहूं बेंचने के लिए पाबंदियों में छूट देकर प्रेरित करने की कवायद तेज हो गई है।

एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए केन्द्र खोल दिए गए हैं। अधिक से अधिक किसानों के रजिस्ट्रेशन के लिए जागरुकता फैलाई जा रही है। हालांकि अभी फसल तैयार नहीं हुई है।

संजय कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी एआरएमओ

पसंद के स्कूल में प्रवेश के लिए जूझे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। सीबीएसई बोर्ड से संचालित शहर के महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में रविवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। नवीन सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा में 9.30 बजे से शुरू हुई। परीक्षा की अवधि 2 घण्टे रही। अपने मन पसंद स्कूल में प्रवेश पाने के लिए जहां छात्र-छात्राओं में उत्साह दिखा वहीं अभिभावक भी अपने पाल्यों को परीक्षा बेहतर करने के टिप्स देते नजर आए।

विभिन्न कक्षाओं के लिए पंजीकृत 657 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 569 उपस्थित हुए। सुबह से ही अभिभावकों व बच्चों की भीड़ विद्यालय परिसर में जमा होने लगी। प्रत्येक परीक्षार्थी के चेहरे पर एक उत्साह और विश्वास नजर आ रहा था। प्रश्नपत्र का कठिनाई स्तर सामान्य से अधिक होने के कारण परीक्षार्थी पूरे समय प्रश्न पत्र हल करने में तत्पर दिखाई पड़े। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस परीक्षा में उर्तीण परीक्षार्थियों का परिणाम रविवार को ही उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर दे दिया गया। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को 31 मार्च तक प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही नियमित कक्षाएं भी संचालित हो जाएंगी।

महर्षि विद्या मंदिर में प्रवेश परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- महर्षि विद्या मंदिर में कराई गई प्रवेश परीक्षा

मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

फतेहपुर। शहर के अहमदगंज मोहल्ला स्थित केआरवी विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में रविवार को मेहंदी, राखी एवं राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा चार की छात्रा आशी यादव प्रथम रही। वहीं राइटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 5 की छात्रा साजिया प्रथम रही। राखी प्रतियोगिता में भी आशी यादव ने बाजी मारी। विद्यालय के प्रबंधक श्रवण गौड़, अध्यक्ष अशोक अरोड़ा, प्रधानाचार्य रिचा अरोड़ा ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथी ओल्ड स्टूडेंट मीट कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

अन्ना मवेशियों के साथ बंदरों के आंतक से भय

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बंदरों की दिनों दिन बढ़ती फौज लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। अभी तक किसान अन्ना मवेशियों से जूझ रहे थे। अब बंदरों का झुंड भी किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। रोजाना कटखने बंदर किसी न किसी को काटकर घायल कर देते हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

शहर से गांव तक उत्पाती और कटखने बंदरों की धरपकड़ की जिम्मेदारी नगर निकायों और ग्राम पंचायतों की है। बंदरों को संरक्षित वन्यजीव की श्रेणी से बाहर किए जाने से वन विभाग बंदरों की समस्या से मुक्त हो गया। वन विभाग सिर्फ संरक्षित वन्यजीव की श्रेणी में आने वाले काले मुंह वाले बंदरों की धरपकड़ करेगा। निकायों व पंचायतों में बंदरों के पकड़ने की व्यवस्था नहीं होने से समस्या लाइलाज होती जा रही है।

साग-सब्जी और फसलों को क्षति पहुंचा रहे पशु

फसलों के लिए किसान सिर्फ अन्ना या नीलगाय की समस्या से परेशान नहीं हैं बल्कि बंदर भी बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। बागवानी के साथ साग-सब्जी और फसलों को बंदर भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। कुछ इलाके में काले मुंह के बंदरों की भी समस्या है।

सार-संक्षेप

यूपी बोर्ड: प्रयोगात्मक परीक्षा देने का आखिरी मौका

फतेहपुर। यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। यूपी बोर्ड ने इन्हें एक और मौका दिया है। 13 एवं 14 मार्च को निर्धारित केंद्रों पर इनकी प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। यह आखिरी मौका होगा। ऐसे परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर जाना होगा। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि यूपी बोर्ड की ओर से प्रायोगिक परीक्षा न दे पाने वाले इंटरमीडियट के विद्यार्थियों की परीक्षाएं फरवरी माह में कराई गई थी। कई स्कूलों से जानकारी मिली है कि अभी कुछ परीक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा नहीं दे सके हैं। छात्रहित में ऐसे छूटे हुए परीक्षार्थियों को बोर्ड ने अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा 13 एवं 14 मार्च को आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान की प्रयोगिक परीक्षाएं शहर के राजकीय इंटर कालेज, गृह विज्ञान की राजकीय बालिका इंटर कालेज एवं भूगोल की परीक्षा सदाशिव इंटर कालेज रेल बाजार में सम्पन्न कराई जाएगी। उन्होंने ऐसे छात्रों को चेतावनी दी है कि यह अंतिम मौका है, इसके बाद मौका नहीं दिया जाएगा।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किशोर झुलसा

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर में रविवार की दोपहर खेत जा रहा 11 वर्षीय किशोर एचटी लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। रामपुर गांव निवासी महेश सिंह का पुत्र विकास रविवार की दोपहर लगभग एक बजे खेत जा रहा था। तभी वह गांव के बाहर जैसे ही पहुंचा तभी एचटी लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने किशोर को सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

अमृत विचार खास

सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली से नहरों का कैसे होगा कायाकल्प, पिम योजना के तहत किसानों की आमदनी बढ़ाना था मकसद

सहभागिता की महत्वाकांक्षी योजना पिम में अफसरों ने डाला रोड़ा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। सरकार की सहभागिता के आधार की महत्वाकांक्षी योजना पिम के जरिये किसानों की आमदनी में बढ़ोत्तरी का जो सपना देखा गया है। उसे सिंचाई विभाग की अफसरशाही धरातल में सफल होने देगी, एक बड़ा सवाल खड़ करता है। इसे अधिकारियों की योजना के प्रति उपेक्षा कहा जाए या उनकी खाऊकमाऊ नीति पर खतरा। जिससे जनपद का सिंचाई विभाग जल उपभोक्ता समितियों को क्रियाशील होने मे रोड़ा लगाए हैं।

पिछले वर्ष लखनऊ में अंतरप्रांतीय साझा मंच में महाराष्ट्र व गुजरात की जल उपभोक्ता समितियों के प्रतिनिधि पदाधिकारियों ने वहां चल रही योजनाओं से रूबरू कराया। वहां के विभागीय अधिकारियों के सहयोग पर चर्चा किया तो यह बात खुलकर आई कि उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को सरकार की सिंचाई विभाग की किसानों की सहभागिता से नहरों के जल प्रबंधन की बात रास नहीं आ रही है। यही वजह है कि सिंचाई विभाग इसमें रुचि नहीं ले रहा है और योजना के के लिए ग्रहण बन गया है। वहीं विभागीय उदासीनता का दूसरा कारण उसकी नहर प्रबंधन में कमाई जाने का डर घर कर गया है, क्योंकि नहर के जल से सिंचाई से होने वाली आय को सिल्ट सफाई, खांदी बंदी जैसे कार्यों पर खर्च करने ठेकेदारो से लम्बी कमाई होती थी।

नहरों की पटरियों में खडे. वृक्षों से होने वाली आय भी होगी प्रभावित: पिम योजना के तहत अतिरिक्त स्रोतों से जो आय होगी वह समितियों के खाते में जाएगी। जानकारी के मुताबिक नहर पटरियों में खडे पेडों को विभाग के कर्मचारी व अधिकरी स्वयं चोरी से बेंच देते हैं अगर कही पेंच लगता तो अज्ञात के नाम लकडी चोरी का इल्जाम लगाकर हजम कर जाते थे। अभी एक माह पूर्व करनपुर गोपालपुर अल्पिका की पटरी पर खड़े पेड को किसी ने चोरी से कटा लिया लेकिन विभाग की और से कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। अगर यह अल्पिका में समिति सक्रिय होती तो शायद कोई भी हेराफेरी नहीं होती।

नहर जल प्रबंधन में किसानों की होगी सहभागिता

- पिम योजना के तहत जल उपभोक्ता समितियों के जरिये किसानों की सीधे जल प्रबंधन और नहरों के रख रखाव मे सहभागिता हो जाने से जहां नहरों का कायाकल्प होगा
- पानी का ठीक से सिंचाई मे उपयोग किया जा सकेगा। ओसराबंदी के अनुसार आवश्यकता के अनुसार फसलों को पानी समय से मिल सकेगा।
- अवैध कुलाबों के जरिये सरकार को होने वाली क्षति से बचाया जा सकेगा। आए दिनों नहरों में होने वाली खांदियों पर भी अंकुश लगेगा
- खांदी होने पर तत्काल उसे ठीक भी किया जा सकेगा। जिससे पानी की बर्बादी और धन के अपव्यय को रोका जा सकेगा।

चहेते ठेकेदारों को काम देना भी नहीं होगा आसान

पिम योजना के तहत अब कुल सिंचाई की आय का 40 प्रतिशत जल उपभोक्ता समितियों को जल प्रबंधन के लिए हस्तांतरित करना पडेगा। जिससे नहर के प्रबंधन में समितियों को भी विश्वास में लेना होगा और उन्हें भी हिस्सेदारी देनी पडेगी, जो उनकी आय में सीधा असर डालेगा। वहीं बिना समितियों को विश्वास में लिए चहेते ठेकेदारों की काम देना भी आसान नहीं रहेगा।

विभाग की अतिरिक्त कमाई प्रभावित होगी

नहर विभाग में जनपद के विभिन्न स्थानों में गेस्ट हाउस जिसे नहर कोठी भी बोलते हैं। उनके परिसरों मे फलदार वृक्ष भी हैं, फसलों में उनकी नीलामी से होने वाली आय में जो हेराफेरी होती है उसमें भी समितियों के सक्रिय हो जाने से विभाग की अतिरिक्त कमाई प्रभावित होगी। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की सहभागिता से जो हर राजबहा और अल्पिकाओं में अवैध रुप से कुलाबे लगवाए गए हैं और उन्हें अतिरिक्त कमाई का जरिया बनाया गया है। उसकी भी पोल खुल जाएगी।

अवैध कुलाबे भी बने हैं कमाई का साधन

किसानों के सूत्रों से पता चलता है कि रबी और खरीफ की फसलों में इन अवैध कुलाबों से सिंचाई करने वाले कृषकों से धान व गेंहू की वसूली होती है। जिसमें जिले के आला अधिकारियों की भी भागीदारी होती है। ऐसे ही तमाम अवैध कमाईयों पर समितियों के सक्रिय हो जाने पर अंकुश लग जाएगा। जल उपभोक्ता समितियों को क्रियाशील न हो पाने से अभी विभाग मनमानी जो कर रहा है वह समितियों के सक्रिय हो जाने पर नहीं कर पाएगा। इन्हीं सब कारणों से अफसर योजना में रोड़ा बने हैं।

कृषि के लिए रजिस्टर्ड ट्रैक्टर ढो रहे सवारियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कृषि कार्य के लिए आरटीओ विभाग में पंजीकृत ट्रैक्टरों गैर कृषि कार्यो में प्रयोग करना अवैध है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि विशिष्ट रूप से कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग गैर कृषि कार्यों के लिए किया जाना केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं उप्र मोटर यान कराधान अधिनियम 1998 का उल्लंघन है।

बताया कि जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत ट्रैक्टर-ट्राली के अवैध संचालन के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा नियमित कार्यवाही की जाती है। परिवहन आयुक्त द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली में अनाधिकृत रूप से सवारी ढोने में प्रयोग हो रहे ट्रैक्टर-ट्राली के विरूद्ध मोटर यान अधिनियम में दिये गये प्राविधानों के अनुसार प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में ट्रैक्टर-ट्राली के अवैध संचालन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए अपील की गई है।

बताया कि कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रालियों को मुख्य मार्गो पर न चलाया जाए। वाहन स्वामी अपने ट्रैक्टर का व्यवसायिक प्रयोग न करें।

ईंट, मिट्टी, गिट्टी एवं मौरंग के अवैध परिवहन में प्रयोग किया जा रहा है, तो वह अपने वाहन को नियमानुसार व्यवसायिक ट्रैक्टर-ट्राली में परिवर्तित कराकर उनका वैध प्रपत्रों के साथ संचालन करें। बिना कागजों के ट्रैक्टर-ट्राली का मार्ग पर संचालन न किया जाये।

- ट्रैक्टरों का गैरकृषि कार्यों में प्रयोग होने पर एआरटीओ ने मालिकों को दी चेतावनी

एक नजर

पुरानी रंजिश में दबंगों ने पशु पालक को पीटा

तिर्वा-कन्नौज। पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने पशुपालक को पीट कर लहुलूहान कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कानपुर देहात के बिल्हौर थाना के पच्चापुर्वा गांव निवासी लालाराम पुत्र

कालीचरन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह 8 मार्च को अपनी बकरियां चराने के लिए ठठिया थाना क्षेत्र के भदौसी गाव के पास खड़े जंगल में गया था। उसी दौरान आए भदौसी निवासी गंगाराम, शेषनरायण, सत्यनारायण, मयंक गालीगलौज कर उसे भगाने लगे। उसने विरोध किया तो पुरानी रंजिश में उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली पुलिस ने गांजा सहित युवक को पकड़ा

गुरसहायगंज-कन्नौज। उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाया और मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए युवक को गांजा के साथ पकड़ लिया। रविवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सराय प्रयाग चौकी प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा ने ग्राम जयसिंहपुर्वा अंडरपास के निकट छापेमारी की। जहां पुलिस ने ग्राम इस्माइलपुर के मोहल्ला शांति नगर निवासी दुलारे उर्फ दुल्ले खां को 510 ग्राम गांजा के साथ हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

बीएसए कार्यालय से एनवीआर चुराने वाला औरैया का शिक्षक निलंबित

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आरोपी को अध्यापक पद पर पूर्णतया अनफिट माना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को जो भी कुछ हुआ उसकी परत दर परत खुलती जा रहीं हैं। आरोपियों पर कार्रवाई भी होने लगी है। औरैया से कन्नौज आकर नेटवर्क वीडियो रिकार्डर (एनवीआर) चुराने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। उस पर पहले भी कई तरह के आरोप हैं। न्यायालय में भी कुछ मामले चले हैं।

औरैया के बीएसए अनिल कुमार ने जारी किए निलंबन आदेश में कहा है कि प्राथमिक स्कूल झबरा के सहायक अध्यापक पंकज कुमार अमान्य शिक्षक संगठन के सदस्य हैं। उन्होंने बिना किसी अनुमति या छुट्टी लिए बगैर 60 किमी दूर बीएसए कार्यालय कन्नौज पहुंचकर अनुशासनहीनता की है। उसके बाद वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को एंटी करप्शन टीम कानपुर से मिलकर गलत तरीके से ट्रैप कराया। कन्नौज में ही एनवीआर चोरी किया। मारपीट के भी आरोप हैं।

औरैया बीएसए के पत्र में कहा गया है कि इसके बाद एक मार्च को बीईओ पुष्पेंद्र जैन को भी गलत तरीके से पकड़वाने में सहयोग किया गया है। प्राथमिक स्कूल कुर्सी के सहायक अध्यापक शरद कुमार से भी मारपीट की गई। पूर्व में भी बीईओ रहे अवनीश यादव के साथ मारपीट का आरोप है। उसकी रिपोर्ट भी लिखाई गई थी।

वर्ष 2019 में 3.64 लाख रुपये का लोन था। उसकी आरसी जारी होने के बाद अमीन की ओर से पकड़कर ले जाया गया। 40 हजार रुपये जमा करने पर छोड़ा गया। उस दौरान पंकज ने एंटी करप्शन से अमीन के खिलाफ रुपये मांगने की शिकायत की थी। इससे पहले तहसील या जिला प्रशासन से शिकायत करनी थी, जो नहीं हुई।

इन सभी की वजह से शिक्षक पद पर अनफिट मानते हुए निलंबन किया गया है। साथ ही बीईओ औरैया के कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

बीएसए दफ्तर में 29 फरवरी को झोला लिए खड़ा पंकज अपने साथी के साथ।

निलंबन आदेश में इसका भी जिक्र

- नवीन बस्ती बिधूना निवासी कुलदीप ने शिकायत देकर कहा है कि गिरोह बनाकर कई सालों से अवैध वसूली करते हैं।
- विद्यालय में अध्यापन का कार्य न करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों पर दबाब बनाया जाता है।
- जो अफसर या कर्मी रुपये नहीं देते या दबाब में नहीं आते उनको एंटी करप्शन टीम से मिलकर ट्रैप कराया जाता है। इसका प्रमाण कन्नौज के सीसीटीवी फुटेज में मिला है।
- एंटी करप्शन टीम के लिए पंकज व उनका संगठन पूरी तरह से काम कर रहा है।
- कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 का पालन न करने का दोषी।
- बेसिक शिक्षा विभाग की छवि धूमिल करने का दोषी।
- परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की गरिमा धूमिल करने का दोषी।
- बीएसए कार्यालय कन्नौज में साक्ष्य मिटाने का दोषी।
- विद्यालय के छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का दोषी।
- बीईओ अवनीश यादव के साथ मारपीट करने मामला थाना बिधूना में दर्ज है।

संरक्षक का दावा, दो-तीन साल बाद भी नहीं हो सका सत्यापन

- यूटा के संरक्षक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि 16 जून 2023 के आदेश में बीएसए ने सत्यापन का आदेश जारी किया है। उस दौरान गुगरापुर में पटल का चार्ज विमल पांडेय के पास है। कई लोग ऐसे हैं जिनके पति नहीं रहे। पत्नी को नौकरी मिली दो बच्चे हैं लेकिन वेतन नहीं मिल रहा है। जब शिक्षक परेशान हो जाते हैं तब एंटी करप्शन से शिकायत करते हैं। यूटा खुले मंच पर शिक्षकों के हित में लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षक संगठन बाबू के पक्ष में खड़े हैं वह बताएं कि शिक्षक संघ चला रहे हैं या बाबू का संघ है। यूटा संरक्षक ने आरोप लगाया कि दलाली करने वाले लोग बीएसए कार्यालय में संबद्ध हैं वह एरियर के सत्यापन के लिए ही रखे गए हैं। भर्ती होने के दो-तीन साल बाद भी शिक्षकों का सत्यापन नहीं हो सका है यह बड़े ही शर्म की बात है। तत्कालीन बीएसए ने 10 शिक्षकों को सत्यापन के लिए लगाया है जबकि नियम मुताबिक शिक्षक को संबद्ध नहीं किया जा सकता है। संरक्षक का कहना है कि कर्मचारी मिलकर सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। बीएसए जिले में नई हैं व पहली तैनाती है इसलिए बाबू उनको गुमराह कर रहे हैं। सच्चाई से अवगत नहीं करा रहे हैं। शिक्षकों को न्याय के लिए जहां जाना पड़ेगा वह जाएंगे।

एंटीकरप्शन से शिकायत करने वाले शिक्षक को यूटा ने दिया खुला समर्थन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। एंटी करप्शन टीम से झूठी शिकायत करने के आरोप में निलंबित हो चुके गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गौरीबांगर के शिक्षक अनुराग सिंह पहली बार सामने आए हैं। कहा है कि वीडियो में दिखने वाले दूसरे व्यक्ति को वह नहीं पहचानते हैं। उन्होंने वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रुपये दिए थे। यूनाइटेड टीचर्स ऑफ एसोसिएशन (यूटा) ने अनुराग को खुला समर्थन देने और लड़ाई जारी रखने की बात कही।

पाल चौराहा के निकट एक होटल में शिक्षक अनुराग सिंह ने पत्रकारों से अपना पक्ष रखा। कहा कि सीसीटीवी फुटेज में दिखने वाले अन्य व्यक्ति को वह नहीं जानते हैं। वह पांडेय से शायद किसी स्कूल की मान्यता को लेकर मिलने आया था। उसी ने मारपीट की है। आरोप लगाया कि उससे एरियर निकालने के लिए 20 हजार रुपये की बात हुई थी। बेसिक शिक्षा विभाग में 10 फीसदी रुपये एरियर निकालने के लिए लिया जाता है। एंटी करप्शन की टीम बाहर थी, इसलिए उसे डर था और घबराहट हो रही थी। इससे पीछे खड़ा रहा। 10 हजार रुपये वह पहले दे चुका था। साथ खड़े दूसरे व्यक्ति की कोई कहासुनी हुई थी। उस दिन मीटिंग थी शिक्षक आए थे।

होटल में जानकारी देते निलंबित शिक्षक अनुराग सिंह (बीच में), यूटा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह व संरक्षक शैलेंद्र दुबे। अमृत विचार

- अनुराग ने कहा-मारपीट करने वाले को पहचानता नहीं

600 शिक्षकों का अटका एरियर: यूटा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह भदौरिया ने कहा कि उनका संगठन पंजीकृत है। कहा कि 29 फरवरी वाले मामले में उन्नाव के एक शिक्षक की संलिप्तता बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि वह यूटा का पदाधिकारी है। जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि उनका संगठन उन्नाव में नहीं है। सीसीटीवी फुटेज में जो संदिग्ध लोग दिखाई दे रहे हैं उसे एक एप के जरिए एडिट किया गया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि तीन बीईओ ने शिक्षक अनुराग सिंह के कागज सत्यापित किए हैं।

बीएसए ने जो पत्र जारी किया है उसमें एरियर के मामले में 11वें नंबर पर नाम भी है। आरोप लगाया है कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में करीब 1500 अध्यापक आए थे, उसमें करीब 600 को अब तक एरियर नहीं मिला है। उनके पास 22 शिक्षकों की सूची है और जिसमें 12 पात्र हैं व सत्यापन आ गया है। एक साल बाद भी एरियर नहीं निकाला गया। सत्यापन की आख्या गोपनीय होती है। शिक्षक को पता नहीं होता है। उन्होंने का कहा कि जब पीड़ित की सुनी नहीं जाती है तब वह किसी एजेंसी या एंटी करप्शन टीम के पास पहुंचता है।

एक ड्यूटी खत्म, वार्षिक परीक्षा के लिए जुटे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी करने के बाद शिक्षक अब परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक गृह परीक्षाओं की ड्यूटी करेंगे। वह इम्तिहान की तैयारी में जुट गए हैं। जिले के करीब साढ़े आठ सौ अध्यापकों ने बोर्ड परीक्षा में जिम्मेदारी निभाई है। 16 मार्च से कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी जो 21 तारीख तक चलेंगी।

जनपद में 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालय हैं। वार्षिक इम्तिहान में करीब 1.40 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा व मूल्यांकन को लेकर कई दिनों पहले ही पत्र जारी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पहली पाली की परीक्षा सुबह सवा नौ बजे से पौने 12 बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर सवा 12 से पौने तीन बजे तक चलेगी।

इस तरह होंगी परीक्षाएं: कक्षा एक के परीक्षार्थियों की मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा दो में गणित, अंग्रेजी व हिन्दी, तीन में गणित, संस्कृत, उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विषय, कला, संगीत, कार्यानुभव, नैतिक शिक्षा, कक्षा चार में हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, सामाजिक विषय, अंग्रेजी, गणित, कला, संगीत, कार्यानुभव, नैतिक शिक्षा की मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसी तरह कक्षा पांच में भी सभी विषयों की परीक्षा होगी। कक्षा छह, सात व आठ के छात्र-छात्राएं लिखित परीक्षा में शामिल होंगे।

यूपी बोर्ड

- यूपी बोर्ड परीक्षा में लगे थे बेसिक शिक्षा विभाग के करीब साढ़े आठ सौ अध्यापक
- 16 मार्च से शुरू हो जाएंगे प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों के गृह इम्तिहान

डायट तैयार करेगा प्रश्न पत्र, 14 तक वितरण

- प्रश्न पत्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तैयार करेगा। बीईओ की ओर से विद्यालय स्तर पर प्रश्न पत्रों का वितरण 14 मार्च तक किया जाएगा। कक्षा दो व तीन में लिखित व मौखिक परीक्षा 50-50 अंकों की होगी। कक्षा चार व पांच में लिखित परीक्षा 70 प्रतिशत व मौखिक 30 फीसदी अंक रहेंगे। कक्षा पांच की वार्षिक परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन संकुल यानि न्याय पंचायत स्तर पर किया जाएगा। इसमें अन्य विद्यालयों के शिक्षक कॉपियां जांचेंगे। कक्षा एक, दो, तीन, चार, छह व सात की वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन स्कूल के ही शिक्षक करेंगे। कक्षा आठ के परीक्षार्थियों की कॉपियों का मूल्यांकन ब्लॉक स्तर पर संकुल शिक्षकों से कराया जाएगा। 31 मार्च तक परीक्षाफल घोषित कर रिपोर्ट कार्ड बांट दिया जाएगा। हालांकि किसी भी छात्र या छात्रा को फेल नहीं किया जाना है।

संत के प्रवचन सुनने उमड़े लोग

तिर्वा, कन्नौज। कस्बा में संत रामपाल का एलईडी के माध्यम से सत्संग रविवार को हुआ। इसमें संत ने सृष्टि रचना के बारे में तथा कौन है वर्तमान में पूर्ण संतजिसके द्वारा बताई गई भक्ती साधना से पूर्ण मोक्ष प्राप्त होगा और सर्व सुख प्राप्त होंगे, के बारे में जानकारी दी। कहा कि कोई कहता है कि परमात्मा निराकार है कोई कहता है परमात्मा निराकार साकार दोनों हैं। सत्संग में आए कई गांव के लोगों ने संत से निशुल्क नाम दीक्षा ग्रहण की। समाज में व्याप्त कुरीतियों व बुराइयों जैसे नशा, शराब, गुटका, बीड़ी, सिगरेट, दहेज न लेना न देना, भ्रूण हत्या आदि को त्यागने का संकल्प लिया।

चार ट्यूबवेल में सेंध, सबमर्सिबल के स्टार्टर चोरी

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। ग्राम जगतपुर नौली स्थित चार ट्यूबवेलों को निशाना बनाते हुए चोरों ने सबमर्सिबल स्टार्टर्स तथा अन्य जरूरी सामान पार कर दिया। पीड़ितों ने मामले की शिकायत तहरीर के माध्यम से चौकी में देकर गश्त किए जाने की मांग की है।

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम जगतपुर नौली निवासी मिथिलेश शुक्ला पत्नी अवधेश कुमार शुक्ला ने बताया कि गांव के समीप उनका ट्यूबवेल है। पास में गांव के ही रामकिशन जाटव, शिवेंद्र सिंह पुत्र करौली लाल जाटव तथा शाहजहांपुर निवासी विनय सिंह पुत्र नाथू सिंह के भी ट्यूबवेल हैं। शनिवार की रात किसी समय चोरों ने ट्यूबवेलों में किसी की दीवार तो किसी के दरवाजे काटकर अंदर लगे सबमर्सिबल पंपों के स्टार्टर्स चोरी कर लिए। बताया कि उनके ट्यूबवेल के अंदर लगे स्टार्टर्स के साथ सक्शन पाइप, पंखा, मक्का की बोरी तथा पांच किलो का गैस सिलेंडर भी चोरी हो गया। ग्रामीणों ने बताया बिजली न आने से रात में बहुत ज्यादा अंधेरा रहता है। इसका फायदा उठाते हुए अक्सर स्कार्पियो सवार बदमाश आते और खेत में काम करने वाले किसानों के कार्य में बाधा डालकर मारपीट करते हैं। किसानों को डर है कि कहीं चोर ट्रांसफार्मर भी न ले जाएं। ऐसा होता है तो किसानों की मुसीबतें और बढ़ जाएंगी। किसानों ने सिकंदरपुर चौकी में दिए प्रार्थना पत्र के माध्यम से गांव में गश्त कराए जाने की मांग की है।

ट्यूबवेल की दीवार में लगी सेंध को दिखाता किसान। अमृत विचार

- ग्राम जगतपुर नौली में शनिवार की रात हुई घटनाएं
- पीड़ितों ने चौकी में तहरीर दी कहा- कार्रवाई करें

बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

तिर्वा-कन्नौज। सड़क किनारे खड़े वृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कस्बे के गांधीनगर ककरहिया गांव निवासी रामदर्शनी पत्नी राजाराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि एक मार्च को पति राजाराम क्रांति चौराहा पर खड़े थे। तभी लापरवाही से बाइक चलाकर आ रहे जुडापुर्वा निवासी अजय ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसके पति गंभीर घायल हो गए जिन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, वहां से उसे रेफर कर दिया गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

चुनाव से पहले आज बजेगी शहनाई, होंगी दो सौ शादियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव से पहले जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादियां कराई जाएंगी। इसके लिए 11 मार्च समय निर्धारित हो गया है। शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में करीब 200 जोड़े सात फेरे व निकाह करेंगे।

सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने बताया कि पोर्टल पर जिलेभर के करीब 230 आवेदन आए हैं। उनका सत्यापन कराया जा रहा है। पूरे जिले का आयोजन पीएसएम पीजी कॉलेज में ही होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि सामूहिक विवाह की तैयारियां जोरों से चल रहीं हैं। 11 मार्च को आयोजन में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक, विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय व तिर्वा कैलाश राजपूत समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी का कहना है कि सबसे अधिक आवेदन ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र से 66 और छिबरामऊ से 58 आए हैं। तालग्राम से 36, हसेरन से 15 और कन्नौज क्षेत्र से 14 आवेदन ऑनलाइन पहुंचे हैं। एक जोड़े की शादी पर विभाग की ओर से 51 हजार रुपये का बजट दिया जाता है।

- पीएसएम पीजी कॉलेज में जोड़े रचाएंगे व्याह
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मिलेगा लाभ

परमात्मा की जानकारी करना है मनुष्य का लक्ष्य

प्रवचन

संवाददाता, गुरसहायगंज/छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। गुरसहायगंज के सरस्वती शिशु मंदिर में संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें छिबरामऊ सेवादल संचालिका बहन शशि प्रभा ने कहा कि बिनु गुरु भवनिधि तरही न कोई, चाहे बिरंच शंकर सम होई। भटके हुए मानव को जागृत करने के लिए समय समय पर संतजन आवाज देते रहे हैं। मनुष्य का लक्ष्य तो परमात्मा की जानकारी करना है।

जिसके इशारे पर सारी सृष्टि चल रही है। उसे हम जान ले पहचान ले। तभी हमारे जीवन का कल्याण होगा। इसकी पहचान तो सद्गुरु ही करवा सकता है। इस दौरान पूज्य मुखी महात्मा विपिन कुमार, देवेन्द्र, आशाराम, राजेश, लालाराम, जोगराज, हरिकिशन, अशोक, शिवा, राहुल, सुरेश, आशीष, उपासना, पम्मी, आरती, रजनी, जानकी, अंशिका, रामा, विनिता, मिथलेश, सरोजनी आदि मौजूद रहे।

छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में कानपुर से आए परम पूज्य महात्मा कैप्टन केपी सिंह ने अपने अनमोल वचनों में कहा वाणी इंसान को परमात्मा की दी हुई सुंदर सौगात है। उन्होंने कहा, वाणी के अनुचित प्रयोग से इंसान को कोई लाभ नहीं होता है, बल्कि अनेकों नुकसान उठाने पड़ते हैं। कभी कभी तो ऐसी बातें निकल जाती है। जो सामने वाले को बहुत बुरा भी लगता है। फिर वो हमारे लिए नुकसान दायक होती है। पापी से पापी इंसान सद्गुरु की शरण में आकर भव सागर से पार भी उतर सकता है।

गुरसहायगंज में सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में प्रवचन करतीं बहन शशि।

- संत निरंकारी सत्संग में किया सद्गुरु का गुणगान

छिबरामऊ में निरंकारी सत्संग भवन में प्रवचन सुनते सत्संगी। अमृत विचार

आमजन को राहत | 50 किमी तक दस रुपये किराया होने से मिली सहूलियत, पैसेंजर ट्रेनों का कम हुआ है किराया

रेलवे का किराया कम होने से बढ़ी यात्रियों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम होने से यात्रियों की संख्या अगले दिन ही बढ़ी। हालांकि ठीक ठीक आंकड़ा नहीं मिला है लेकिन इतना तय है कि इस बदलाव से रेलवे को पहले की अपेक्षा प्रत्यक्ष रूप से फायदा अधिक होगा। यात्रियों को सुविधा यह है कि उन्हें 50 किमी तक की यात्रा करने पर दस रुपये किराया ही देना होगा, जबकि अभी तक 30 रुपये चुकाने पड़ते थे। वहीं, रोडवेज बस में इतनी दूरी का किराया 75 रुपये देना पड़ता है।

पूर्वोत्तर रेलवे ने कोरोना संकट काल से पहले वाली किराये की दरों को लागू कर दिया है, जिसके मुताबिक कानपुर की तरफ कन्नौज से बर्राजपुर स्टेशन तक पैसेंजर ट्रेन में 10 रुपये किराया लगेगा, जबकि कानपुर अनवरगंज तक 15 रुपये की टिकट मिलेगी। फर्रुखाबाद की तरफ जाने पर कमालगंज स्टेशन तक 10 रुपये में यात्रा होगी। इसके बाद फतेहगढ़ तक 15 रुपये लगेंगे। इतनी ही दूरी का रोडवेज बस में किराया 75 से 111 रुपये तक है। इस तरह रोडवेज बसों में किराया रेलवे से 10 गुना तक अधिक है।

अब पैसेंजर ट्रेनों में किराया कम होने के बाद रोडवेज बसों के परिचालक व टेंपो चालक परेशान हैं। रेलवे स्टेशन के वाणिज्य अधीक्षक वीएस आनंद ने बताया कि किराया कम होने से रेलवे को अधिक फायदा होगा। कोरोना संकट काल में सीटों की संख्या कम कर दी गई थी और पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेन का किराया एक कर दिया गया था। अब यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, जिससे रेलवे को मुनाफा अधिक होगा।

कन्नौज स्टेशन पर बने काउंटर पर टिकट खरीदते यात्री। अमृत विचार

सिटी स्टेशन पर लगी पुरानी रेट सूची।

कन्नौज सिटी स्टेशन पर लगी है पुरानी सूची

रेलवे के अधिकारियों ने पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम करने के बाद स्टेशनों पर लगी रेट सूची को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी कन्नौज सिटी हाल्ट स्टेशन पर अभी भी पुरानी सूची लगी है, जिसमें किराया 30 रुपये ही लिखा है। इस स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है, केवल पैसेंजर ट्रेनें ही यहां रुकतीं हैं। किराया कम होने के बाद भी यहां से यात्रा करने वाले लोग भ्रमित हो रहे हैं। मंडल वाणिज्य निरीक्षक ने बताया कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। वाणिज्य अधीक्षक को भेजकर किराया सूची को अद्यतन कराया जाएगा।

बोले यात्री

पैसेंजर ट्रेनों में किराया कम होने से कम दूरी की यात्रा करने वाले लोगों को अधिक फायदा होगा और डग्गामार वाहनों की मनमानी से मुक्ति मिलेगी। रेलवे ने सही निर्णय लिया है।

-अनुराग देश पांडेय, यात्री

अभी तक बिल्हौर, अरौल या शिवराजपुर जाने वालों को टेंपो में जाना पड़ता था और समय भी अधिक लगता था। अब पैसेंजर ट्रेन में महज 10 रुपये में कम समय में पहुंचा जा सकेगा।

-बृजेंद्र कुमार, यात्री

रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम कर एक अभूतपूर्व निर्णय लिया है लेकिन रेलवे के उच्चाधिकारियों को कानपुर-फर्रुखाबाद रूट पर यात्री ट्रेनों की संख्या बढ़ानी चाहिए।

-संजय भदौरिया यात्री

पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम होने से रेलवे को पहले से तीन गुना अधिक मुनाफा होगा। कानपुर-फर्रुखाबाद रूट पर पैसेंजर ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने तथा मेमू ट्रेन चलाये जाने की भी योजना है। पुरानी किराया प्रणाली को लागू कर दिया गया है और यात्रियों को मोबाइल एप

बकाया जमा करने पर ही निजी नलकूप को फ्री बिजली

एक अप्रैल 2023 के बाद से नहीं देना होगा बिल, इससे पहले का भुगतान देकर ही छूट, निजी नलकूप में लगवाना होगा मीटर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। निजी नलकूपों को फ्री बिजली देने में पेच फस गये हैं। किसानों को छूट का लाभ लेने के लिए पहले मार्च 2023 तक का बकाया बिल अदा करना होगा। इसके बाद निजी नलकूप में मीटर लगवाना होगा। निर्धारित 1045 यूनिट से अधिक बिजली खर्च की तो उस यूनिट का बिल चुकाना होगा। इससे किसानों को फायदा होगा।

निजी नलकूप के कनेक्शन धारकों को बीते वर्ष की एक अप्रैल से किसी तरह का बिजली बिल नहीं चुकाना पड़ेगा। इसके लिये सरकार ने कुछ शर्तें रखी हैं। अधिशाषी अभियंता कन्नौज मगन सिंह व छिबरामऊ के अधिशाषी अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि निजी नलकूप धारक यदि अप्रैल 2023 से निशुल्क बिजली से नलकूप चलाने का लाभ पाना चाहते हैं तो उनको सबसे पहले मार्च 2023 तक के बकाया बिल को जमा करना होगा। इसके बाद उपभोक्ता को अपने नलकूप पर मीटर लगवाना होगा। इसमें एक माह में 1045 यूनिट तक बिजली की खपत होती है तो कोई बिल नहीं लिया जायेगा। इससे ऊपर बिजली की खपत की जाती है तो अतिरिक्त यूनिट का बिल विभाग को चुकाना होगा। मीटर रीडर तीन माह में उनके नलकूप पर पहुंच कर बिल निकालेगा। यूनिट मानक से अधिक हुई तो वह बकाया में शो करेगा।

इस तरह मिलेगा छूट का लाभ

योजना का लाभ लेने के लिए कुल बकाया की 30 फीसदी धनराशि विभाग में जमा कर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बाद बकाया बिल एक साथ पूरा जमा करने पर ब्याज में 100 फीसदी की छूट दी जायेगी। यदि तीन किस्तों में बकाया बिल जमा करना हो तो ब्याज में 90 फीसदी की छूट मिलेगी। इसी तरह यदि छह किस्तों में बकाया बिल जमा करना हो तो ब्याज में 80 फीसदी की छूट मिलेगी। यदि किसी कारण से एक माह की किस्त जमा नहीं हो सकी तो दूसरे माह दोहरी किस्त चुकानी होगा। यानी बकाया और आगे की किस्त एक साथ जमा करनी होगी। सभी किस्तें जमा नहीं की जातीं तो निजी नलकूप को निशुल्क बिजली नहीं मिलेगी।

चला सकेंगे एक पंखा

उपभोक्ता यदि निजी नलकूप के कनेक्शन में घर की बिजली भी जलाता है तो उसे एक बल्ब व एक पंखा चलाने की ही छूट दी जायेगी। इससे अधिक उपकरण चलते मिले तो अलग से चार्ज लगाया जायेगा। इसके लिये उपभोक्ता को घरेलू कनेक्शन कराना होगा। छूट पाने के लिये कराये जाने वाले रजिस्ट्रेशन के दौरान केवाईसी कराने पर सभी विवरण अंकित करना होगा। जो विवरण अंकित किया जायेगा उसका उपभोक्ता को पालन भी करना होगा।

30 करोड़ मिलने के बाद भी तारों का मकड़जाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले की बिजली व्यवस्था सुधार के लिये तीस करोड़ मिले। इसके बाद भी शहर को बिजली लाइनों के मकड़जाल से निजात नहीं मिली है। यही नहीं एबीसी केबल डालने के बाद बाक्स लगाना ठेकेदार भूल गये।

जिले की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिये शासन ने तीस करोड़ रुपये खर्च किये हैं। इस रुपये से जर्जर लाइनों के अलावा पोल व ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया जा रहा है। कई क्षेत्रों में यह कार्य किया भी जा चुका है। शहर में भी ट्रांसफार्मर समेत लाइनें बदली जा चुकी हैं। इसके बाद भी शहर का हाल खराब है। एक-एक पोल पर कई-कई लाइनें पड़ी हैं। कहीं तारों का जाल तो फैला दिया गया पर कई पोल पर बाक्स नहीं लगाये गये हैं।



शहर में कोतवाली के निकट बिजली की लाइनों का मकड़जाल। अमृत विचार

- एबीसी केबल बांधकर बाक्स लगाना भूले ठेकेदार

इससे सीधे केबलों में तार बांधकर घरों में कनेक्शन दिया गया है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि अभी काम चल रहा है। जिन स्थानों पर कमी है वहां पर दोबारा काम कराया जायेगा।

अंडरग्राउंड केबल, लेकिन पोल से नहीं उतारे तार

शहर में अंडरग्राउंड केबल डाली जा चुकी है। इसके बाद भी बिजली पोल पर अभी भी केबल व तार का जाल बिछा है। विभाग का मानना है कि कभी-कभी अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट आ जाता है। फाल्ट न मिलने पर बिजली विभाग के अधिकारी पोल पर लगी लाइनों के सहारे शहर को आपूर्ति दे देते हैं।

भाजपा ने बिछाया सड़कों का जाल

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रविवार को कस्बा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद ने जलालाबाद से संयोगिता मार्ग व जीटी रोड से लोकपुर पट्टी मार्ग के शिलापटों का लोकार्पण किया।

जलालाबाद स्थित शिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि मोदी सरकार जनता का साथ और विश्वास के साथ लगातार विकास और उत्थान के कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने संबोधित किया। इस दौरान सीडीओ, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, गीता पाठक, अभिषेक कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, अरुणेश कुमार रावत, दीपक कुमार कुशवाहा, चांदनी यादव, नगेंद्र कुमार, संतोष कुमार, विवेक पाठक, अभिमन्यु सिंह, केपी भदौरिया, रवि कुमार द्विवेदी, आरएस कठेरिया, मलिक पांडे, दिलीप पांडे, अवधेश राठौर, रामू तिवारी, अन्नू राजपूत, गोलू राजपूत, गौतम आदि मौजूद रहे।

शिलापट का लोकार्पण करते सांसद सुब्रत पाठक। अमृत विचार

सांसद ने दुखी परिजनों को दी सांत्वना

जलालाबाद। कस्बा निवासी गिरजेश पाठक की माता का बीते दिनों देहांत हो गया था। उनके आवास पर पहुंचे सांसद समेत भाजपाइयों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

कार्य पूर्ण कराने व ग्राम विकास अधिकारी को हटाने की मांग

जलालाबाद। कस्बा निवासी राजन तिवारी, शिवदत्त मिश्रा, धीरज पाठक, सचिन मिश्रा आदि ने सांसद को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि सड़क के किनारे एजिंग का कार्य नहीं हुआ है। क्षेत्र पंचायत सदस्य पति गौतम दुबे सहित अन्य लोगों ने जलालाबाद ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद यादव को हटाए जाने की मांग की।

जन्म-मरण से मुक्ति दिलाती भगवान की कथा : पाठक

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- श्रीमद्भागवत कथा में हुआ झांकियों का प्रदर्शन

अमृत विचार। भगवान मानव को जन्म देने से पहले कहते हैं, ऐसा कर्म करना जिससे दोबारा जन्म न लेना पड़े। मानव मुट्ठी बंद करके यह संकल्प दोहराते हुए इस पृथ्वी पर जन्म लेता है। प्रभु भागवत कथा के माध्यम से मानव का यह संकल्प याद दिलाते रहते हैं। भागवत सुनने वालों का भगवान हमेशा कल्याण करते हैं। भागवत ने कहा है जो भगवान को प्रिय हो वही करो, हमेशा भगवान से मिलने का उद्देश्य बना लो। जो प्रभु का मार्ग हो उसे अपना लो। इस संसार में जन्म-मरण से मुक्ति भगवान की कथा ही दिला सकती है।

बिहारी जी व वामन भगवान की झांकी।

रविवार को नगर के मोहल्ला अशोक नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस आचार्य आदित्य मनोहर पाठक ने कहा कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बताती है। राजा परीक्षित के कारण ही भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कथा के दौरान बच्चों व कलाकारों ने जीवंत झांकियों का सुंदर प्रदर्शन किया। इस दौरान परीक्षित गगन मनीष गुप्ता, डॉ. सुधीर दीक्षित, मनोज शुक्ला, रचित गुप्ता, विकास गुप्ता, अमरदीप, नेम सिंह, बबलू गुप्ता, प्रेम गुप्ता, तरुण गुप्ता, वरुण गुप्ता, प्रीति, किरण, श्रद्धा, खुशी देवी, कोमल कुमारी, कंचन देवी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

आज से करियर गाइडेंस फॉर गर्ल्स का प्रशिक्षण

कन्नौज। शहर के सोनी पारिया पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय करियर गाइडेंस फॉर गर्ल्स का प्रशिक्षण 11 व 12 मार्च को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक होगा। इसमें जिलेभर के 19 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 38 शिक्षक शामिल होंगे। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि मास्टर ट्रेनर के लिए राजकीय हाईस्कूल मित्रसेनपुर के प्रधानाध्यापक अशफाक अहमद व राजकीय हाईस्कूल मुरैया बुजुर्ग की सहायक अध्यापक रागिनी मिश्रा को बनाया गया है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी रुचियों, योग्यता और क्षमताओं के अनुसार करियर चुनने में मदद करना है। उन्हें स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद पाठ्यक्रमों के चयन के निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना है।

सार-संक्षेप

घर में घुसकर किशोरी से की छेड़खानी

तिर्वा, कन्नौज। घर में किशोरी को अकेला देख आरोपियों ने दुष्कर्म करने की नीयत से छेड़छाड़ की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि तीन दिन पहले नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। तभी ककलापुर गांव निवासी विनोद, मनोज व अरविंद घर के अंदर घुस गए और दुष्कर्म करने की नीयत से बेटी के साथ छेड़खानी करने लगे। लोगों आता देख आरोपी पुलिस से शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुश्ताक शाह के भंडारा में उमड़े लोग

गुरसहायगंज। कस्बा समधन के अनीभोज मार्ग स्थित सूफी संत बाबा मुश्ताक शाह के आश्रम पर रविवार को वार्षिक भंडारा का आयोजन किया गया। हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक सूफी संत बाबा मुस्ताक शाह के दरबार में इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन हुआ। इसमें सैकड़ों अनुयायियों ने बाबा का आशीर्वाद लेकर चढ़ावा चढ़ाया और भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान राज्य महिला आयोग लखनऊ सदस्य रामसखी कटेरिया, अनुराग कटेरिया, आलोक आर्य, भोजपुरी फिल्म स्टार हिमांशी खुराना, पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, भाकियू टिकैत जिला उपाध्यक्ष इरशाद अली, नकीम खान, रजाउल अली, अमन खान, इरशाद इदरीसी, राजू, राशिद, मौ. आसिफ, मो. इमरान मौजूद रहे।

मतदान केंद्रों का पुलिस ने किया निरीक्षण

तिर्वा, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के सौ मतदान केंद्रों में 140 बूथों पर आगामी लोकसभा चुनाव का मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। इसको लेकर कोतवाल विजय सिंह ने रविवार को दस से अधिक मतदान स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। कोतवाल ने बताया कि 12 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं जहां मतदान के दिन अधिक पुलिसबल की तैनाती की जाएगी।

एसपी ने बीएसएफ के साथ शहर में किया रूट मार्च

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की अगुवाई में क्षेत्राधिकारी नगर, बीएसएफ व कोतवाली कन्नौज के पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के प्रमुख तिराहे, चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर आम जनमानस से वार्ता की व उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया गया। अति संवेदनसील मतदान केंद्रों, बूथ व मजरों का भ्रमण कर जनता में सुरक्षा का वातावरण तैयार किया गया। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिये जनता को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर एसपी के साथ सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी व अन्य पुलिस मौजूद रही।

सीओ सदर ने तालग्राम में किया रूट मार्च

तालग्राम। सीओ सदर कमलेश कुमार ने रविवार को थानाध्यक्ष पारूल चौधरी व पुलिस बल के साथ कस्बा में रूटमार्च किया। उन्होंने नगर के बस स्टॉप चौराहा, चौखटा चौराहा, तालाब कलां, बरगदिया चौराहा, बड़ा बाजार में भ्रमण कर जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान कस्बा प्रभारी ज्योति सिंह गौर, उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र, कामता प्रसाद सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

कन्नौज। आल इण्डिया सत्गुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर यात्रा भगवान रविदास मंदिर देवकली वांगर से चलकर शहर के कई मोहल्लों से होते हुए मंदिर परिसर में समाप्त हुई। इस मौके पर भगवान रविदास मिशन के जिलाध्यक्ष विवेकानंद के अलावा कई साधू संत मौजूद रहे।

सपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में सरकार पर निशाना

छिबरामऊ। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को हुई। इसमें भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा गया। पूर्व विधायक ने कहा कि सभी सैनिक साथी लोकसभा 2024 के चुनाव में जुट जाएं। मोदी सरकार में सैनिकों के लिए कुछ भी नहीं किया गया। सैनिक भी अग्निवीर के नाम पर हो रही है। वह भी सिर्फ चार साल की है। जिलाध्यक्ष नंद सिंह ने सरकार पर वन रैंक वन पेंशन न देने का आरोप लगाया। प्रदेश सचिव जोर सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में कैप्टन रविंद्र सिंह, प्रदेश सचिव सैनिक मनमोहन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण राजपूत, विधानसभा अध्यक्ष किरण सिंह, गोरी शंकरपाल, विनोद कुमार, निर्मल सिंह, रामवीर, लालजीत सिंह, नरेंद्र पाल, बीरबल सिंह, श्याम सिंह यादव, रामकरण सिंह, राजेश कुमार, नफिशर, मोहम्मद सलीम, निलेश कुमार आदि सैनिक मौजूद रहे।

बाइकों की भिड़ंत में दो लोग जख्मी

तालग्राम, कन्नौज। रविवार को ग्राम कूकापुर निवासी बलराम (25) बाइक से तालग्राम आ रहा था। तभी ताहपुर की ओर जा रहे तालग्राम के मोहल्ला जेरकिला निवासी नासिर (22) की बाइक तालग्राम इंदरगढ़ मार्ग कूकापुर मोड़ के सामने टकरा गई। इससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया गया। जहां दोनों घायलों को गंभीर हालत में डॉ. भीमराव रामजी आंबेड़कर चिकित्सा महा विद्यालय तिर्वा रेफर कर दिया गया।

सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल, एक गंभीर

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में ग्राम जसुआ मई के पास दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग तथा ग्राम प्रेमपुर के पास फोर ह्वीलर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। सभी को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। एक की हालत गंभीर होने पर डॉ भीमराव राम जी अंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय के लिए रेफर कर दिया गया।

थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के ग्राम बारामऊ सराय निवासी वीरेंद्र पुत्र उदय चंद अपनी पत्नी राधा को छिबरामऊ से दवाई दिलाकर बाइक से वापस गांव जा रहे थे। दूसरी तरफ से आ रहे थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के ग्राम मोहने निवासी दीवांशु पुत्र नरेंद्र सिंह अपनी बहन सरिला पत्नी अहिलकार को बाइक से लेकर कहीं जा रहे थे। तभी एन एच 34 जीटी रोड स्थित ग्राम जसुआ मई के पास दोनों की बाइकों में भिड़ंत हो गई। चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना में प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम नगला मुइया निवासी विकास पुत्र जितेंद्र कुमार प्रेमपुर से गैस सिलेंडर लेकर गांव जा रहा था। तभी पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। वीरेंद्र की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया।

खुशखबरी शासन ने जारी किया बजट, जल्द शुरू होगा काम

11 करोड़ से बनेगा छिबरामऊ मार्ग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। फर्रुखाबाद सहित एटा जिले को छिबरामऊ से जोड़ने वाले ताजपुर रोड का नवीनीकरण किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने छिबरामऊ-ताजपुर रोड के सुदृढ़ीकरण के लिए 11.80 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है, लोकनिर्माण मंत्री ने लखनऊ में इसका उद्घाटन किया है। 8.5 किमी लंबे इस मार्ग के नवीनीकरण होने से सिद्धपीठ बाबा नीमकरोरी धाम में जाने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा होगी।

प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने छिबरामऊ से ताजपुर जाने वाले मार्ग के नवीनीकरण के लिए 11.80 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। यह मार्ग पिछले कई सालों से जर्जर हालत में है। कई बार क्षेत्रीय लोगों ने सड़क बनवाए जाने की मांग की थी। अब चुनाव से पहले सरकार ने ताजपुर रोड के सुदृढ़ीकरण के लिए 1180.90 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। इस रोड से प्रत्येक मंगलवार श्रद्धालु नीमकरोरी धाम में दर्शनों के लिए जाते हैं।

गड्ढों में तब्दील ताजपुर-करनौली रोड से गुजरता बाइक सवार। अमृत विचार

काली नदी का पुल नहीं होगा चौड़ा

छिबरामऊ-ताजपुर रोड पर ग्राम करनौली के पास काली नदी का पुल बना है। यह पुल चौड़ा नहीं होगा। केवल सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। टिलियां गांव में भी लोगों ने सड़क पर अतिक्रमण कर लिया है, उसे भी हटवाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 8.5 किमी लंबी इस सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा और सड़क के नवीनीकरण का काम जल्द शुरू किया जाएगा।

- प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री ने दिया तोहफा धनराशि हुई स्वीकृत

छिबरामऊ-ताजपुर रोड के सुदृढ़ीकरण व बजट के लिए शासन ने 11.80 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

-संजीव कुमार, अधिशासी अभियंता, लोनिवि (निर्माण खंड-1)

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

इंडिया गठबंधन की बैठक में नहीं दिखे कांग्रेसी

समाजवादी नेताओं ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना, फर्रुखाबाद में सरकार ने कोई विकास नहीं किया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार । समाज पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को संपन्न हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में कांग्रेस की तरफ से किसी भी प्रतिनिधि ने भाग नहीं लिया। जबकि आप और भीम आर्मी के जिलाध्यक्षों ने भाग लेकर भाजपा पर करारे प्रहार किये। इंडिया गठबंधन की जीत का भारी मतों से दावा किया।

बैठक को संबोधित करते हुए छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने कहा कि भाजपा झूठ बोल रही है। फर्रुखाबाद जिले में सपा प्रत्याशी की संभावित जीत को देखते हुए भाजपाइयों की नींद हराम हो गई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य करारी शिकस्त देंगे। इसकी खास वजह है कि शाक्य मतदाता समाजवादी पार्टी के साथ चला गया है। इस वजह से नवल किशोर की 5 लाख से अधिक जीत तय हो गई है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य और भीम आर्मी के आशुतोष ,सीपीएम के अमित यादव ने भी बैठक को संबोधित किया।

बैठक में मौजूद इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी। अमृत विचार

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके भाई को झूठे मुकदमे में फंसा दिया है। वह कितने भी झूठे मुकदमे में फसवा दे लेकिन सपा का कुछ बिगाड़ नहीं पाएंगे। समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित हो गई है। इस वजह से भाजपा नेता बौखलाए हुए हैं।

उन्होंने कहा कि मुकेश राजपूत जो कह रहे हैं कि उनकी लड़ाई किसी से नहीं है तो उनकी इस बात का वह सम्मान करते हैं। लड़ाई उसी की होती है जो चुनाव में विनर होता है। वह अपने आप अपनी लड़ाई किसी से नहीं मान रहे हैं । उनका समाजवादी पार्टी में स्वागत है। वह आएं और सपा के साथ अपनी राजनीति करें। बैठक में सबसे खास बात यह रही कि इंडिया गठबंधन की बैठक में कांग्रेस को हिस्सा लेना था। इस बैठक में एक भी कांग्रेस की ओर से प्रतिनिधि भाग लेने नहीं आया । जिसकी खास वजह बताई जा रही है कि कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद को उम्मीदवार न बनाये जाने से नाराज चल रहे हैं।

इस वजह से कांग्रेस के किसी भी प्रतिनिधि ने चुनाव की पहली बैठक में भाग नहीं लिया राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि मुस्लिम मतदाता भी सलमान खुर्शीद को टिकट न मिलने के कारण सपा से करवट लेता नजर आ रहा है यह बात अलग है कि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी अपने आप अपनी पीठ तक आ रहे हैं।

बैठक करते मुस्लिम नेता व धर्म गुरु। अमृत विचार

सलमान को टिकट नहीं मिला मुस्लिम समाज ने जताया रोष

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार । इंडिया गठबंधन में मुस्लिम समाज को टिकट में कम हिस्सा दिए जाने पर मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भारी नाराजगी जताई है। उन्होंने गांव सोता बहादुरपुर में बैठक कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस निर्णय की घोर निंदा की है। बदलाव न करने पर आंदोलन की भी चेतावनी दे दी है।

मौलाना जफर कासमी ने सलमान खुर्शीद का नाम लिए बिना कहा कि उनके नेताओं का टिकट यह कह कर काट दिया जाता है कि वह भाजपा के सामने हार जायेंगे। यह गलत है। इस सम्बंध में उनके कौम के वरिष्ठ लोगों ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र भी भेजा है। मुसलमानों में यह बगावत की चिंगारी सलमान खुर्शीद को लोकसभा चुनाव में फर्रुखाबाद से टिकट न देने की वजह से भड़की है। इंडिया गठबंधन की पहली चुनावी बैठक सपा नेता सपा कार्यालय आवास विकास पर कर रहे थे। उस समय भारी संख्या में मुस्लिम सोता बहादुरपुर में बैठक कर सलमान को टिकट न मिलने का विरोध जता रहे थे।

बॉक्सिंग, क्रिकेट में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

फर्रुखाबाद । स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में जिला स्तरीय सीनियर पुरुष वर्ग क्रिकेट व बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्रिकेट में एफएससी व संगम क्रिकेट क्लब ने मैच जीते। बॉक्सिंग में 42 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। रविवार को पहला मैच एफएससी फर्रुखाबाद व रॉयल क्लब के बीच खेला गया। एफएससी क्लब ने रॉयल क्लब को 81 रनों से मैच हराया। पांच विकेट लेने वाले योगी कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में संगम क्रिकेट क्लब ने यंग वारियर्स को 117 रनों से पराजित किया।

वहीं दस भार वर्ग में हुई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ी एक-दूसरे को मात देने के लिए पंच जड़ रहे थे। 91 किग्रा. भार वर्ग में शिवम चौधरी ने बाजी मारी। निर्णायक की भूमिका में संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरुण यादव, अथक पटेल, कुलदीप शर्मा, निशा परिहार, आस्था वर्मा, रफीकुल अंसारी, मोहम्मद अहमद खान और प्रमोद शुक्ला शामिल रहे। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव व स्टेडियम के बाबू मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

बैठक को सम्बोधित करते सांसद मुकेश राजपूत । अमृत विचार

भाजपा ने बैठक कर बनाई लोकसभा चुनाव की रणनीति

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृतविचार। आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को लोकसभा चुनाव संचालन समिति व जिला पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान चुनावी कार्यालय के लिए स्थान भी तय किए गए। निर्णय लिया गया कि लोकसभा चुनाव संचालन समिति के तहत ही आगामी लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने सांसद मुकेश राजपूत को टिकट दिया है। प्रांतीय नेतृत्व ने अधिसूचना लागू होने से पहले हर मंडल के लिए चुनावी तैयारी के लिए प्रचार सामग्री दी है। प्रत्येक मंडल में सूचना तंत्र मजबूत होना चाहिए। हर मुद्दे पर कार्यकर्ता अपनी बात जन-जन तक पहुंचाएं। लोकसभा चुनाव का केंद्रीय कार्यालय जेपी पैलेस में स्थानांतरित किया गया है। विधानसभा स्तर पर भोजपुर में तीन, फर्रुखाबाद में एक, कायमगंज में तीन और अमृतपुर विधानसभा में दो चुनाव कार्यालय खोले जाएंगे। जिला संगठन प्रभारी शिवमहेश दुबे ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव में लग जाए। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि अबकी बार 400 पार का आह्वान है, इसलिए कार्यकर्ता जीजान से जुट जाएं। मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी ने कहा कि 13 मार्च को मुख्यमंत्री का फर्रुखाबाद में संभावित दौरा प्रस्तावित है। संचालन महामंत्री डीएस राठौर ने किया। लोकसभा सह प्रभारी सर्वेश कठेरिया, विधायक सुशील शाक्य, नागेंद्र सिंह राठौर आदि मौजूद थे।

एक नजर

फर्जी बैनामा करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद । थाना मऊदरवाजा बजरिया चौकी इंचार्ज प्रशांत कुमार की टीम ने फर्जी बैनामा करने वालों को गिरफ्तार कर लिया। थाना नवाबगंज के ग्राम पुठरी निवासी भारत पुत्र मनोहर एवं कोतवाली कायमगंज के ग्राम गुरदयाल नगला निवास शिवशरण उर्फ बन्टू यादव पुत्र रामआसरे ने स्वीकार किया कि हम लोगों ने नवादा के रहने वाले राजवीर के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाया।

कारीगर ने फांसी लगाई

फर्रुखाबाद । कादरी गेट थाना क्षेत्र में रविवार को जरदोजी कारी गर ने फांसी लगा ली। परिजनो ने उसे फांसी से उतार कर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी डब्लू(32) पुत्र गिरीश चंद्र जरदोजी का कारीगर है। उसकी पत्नी सावित्री इस समय मायके में है। किसी बात से खिन्न होकर उसने फांसी लगा ली। पिता गिरीश चंद्र ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है।

चार घायल, दो गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद । अलग अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव गुलवाजनगर निवासी फौरन सिंह,नगर से सटे प्रेमनगर निवासी सनी, मोहल्ला झील निवासी कुंदन, शमसाबाद क्षेत्र के गांव अलेपुर निवासी शंकुतला घायल हो गई। उनके परिजन सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद फौरन व कुंदन को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

तमंचे सहित चोर गिरफ्तार

फर्रुखाबाद । थाना कादरीगेट चौकी पुलिस ने थाना जहानगंज के ग्राम बहोरिकपुर निवासी गठा पुत्र वीरपाल को चोरी के 2200 रुपये एवं 315 बोर तमंचे सहित गिरफ्तार किया है।

तमंचा बरामद

फर्रुखाबाद । कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने याकूतगंज निवासी अंशू पुत्र अनोखेलाल को 315 बोर तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

डंपर की टक्कर से दंपति घायल, बेटे की घटनास्थल पर मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कादरी गेट थाना क्षेत्र में रविवार को डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दम्पति घायल हो गए। उनके साथ बैठे 12 वर्षीय इकलौते बेटे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना को देखकर गुस्साए लोगों ने जाम लगाकर यातायात बाधित कर दिया। दुर्घटना कर भाग रहे डंपर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर डंपर कब्जे में ले लिया है।

देव।

पड़ोसी जिला कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के गांव गुरगुजपुर की ग्राम प्रधान रूपम अपने पति रोहित व पुत्र देव (12) के साथ बाइक से कादर कुइयां जा रहीं थीं। कादर कुइया में उनके रिश्तेदार नीरू के यहां सोमवार को बिटिया की बारात आनी है।

वह जैसे ही कादरीगेट थाना क्षेत्र के मसेनी चौराहे पर पहुंचे उसी समय बेवर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गए। उनके इकलौते बेटे देव की घटना स्थल पर मौत होगई। घायलों को आननफानन वहां मौजूद लोगों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। घटना से गुस्साई भीड़ में जाम लगा दिया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे कादरी गेट थाना प्रभारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर जाम कारियो को समझाने का प्रयास किया।लेकिन गुस्साए लोग जाम खोलने को तैयार नहीं हुए।

इंस्पेक्टर शुक्ला ने जाम कारियो को बताया कि दुर्घटना करने वाले डंपर को पांचाल गेट चौकी पर पकड़ लिया गया है। चालक को गिरफ्तार कर उसके बिरुध्द कार्यवाही की जा रही है। इंस्पेक्टर ने जाम कारियो को भरोसा दिलाया कि डंपर चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद जाम कारियो ने जाम खोला। इसके बाद यातायात बहाल हो सका।

घटना के बाद रास्ते में लगाया गया जाम। अमृत विचार

बेटे को पढ़ाने के लिए शहर में रह रहे थे

■ **फर्रुखाबाद** । डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे मृतक देव के चाचा मोहित अपने भतीजे का शव देखकर जोर–जोर से रोने लगे। मोहित ने बताया कि देव रोहित का इकलौता बेटा था। डंपर चालक ने उनके घर का इकलौता चिराग हमेशा हमेशा के लिए बुझा दिया है। मोहित ने बताया कि देव को पढ़ा लिखा कर अफसर बनाने के लिए उनका भाई रोहित व भाभी रूपम सिटी पब्लिक स्कूल के पीछे नेकपुर चौरासी में रह रहे थे। इकलौता बेटा देव कक्षा 7 का छात्र था।

शादी की खुशियां मातम में बदलीं

■ फर्रुखाबाद। मार्ग दुर्घटना में काल का ग्रास बने देव की सूचना पर गांव कादर कुइया के नीरू के परिजन लोहिया अस्पताल पहुंच गए। नीरू की बिटिया की कल बारात आने वाली है। उसका आज मंडप था। मंडप छोड़ सभी परिजन अस्पताल पहुंचे। देखते देखते शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

सार-संक्षेप

फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सीडीओ अरविंद कुमार मिश्रा ।

प्रदर्शनी में सरकार की योजनाएं दिखाई गईं

फर्रुखाबाद । फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के डीएन डिग्री कॉलेज में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी का सीडीओ अरविंद कुमार मिश्रा, एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सीडीओ और एडीएम ने यहां लगी अयोध्या राममंदिर व सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी को देखा। अयोध्या में बने राममंदिर के चित्र को सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। सीडीओ ने बताया यह प्रदर्शनी इस लिए लगाई गई है कि सरकार ने जो योजनाओं का जनता को लाभ दिया है। उसी के मानचित्र दिखाए गए है। सभी लोग यहां आकर प्रदर्शनी को देखे और जिन लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला उनको लाभ मिल सके। वहां पर मौजूद सीडीओ अरविंद कुमार मिश्रा, एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति, जिला सूचना अधिकारी ओमवीर, राजन मिश्रा, व अन्य लोग मौजूद रहे।

गैंगस्टर का दो मंजिला मकान किया गया कुर्क

फर्रुखाबाद । फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में गैंगेस्टर में वांक्षित चल रहे एक व्यक्ति का दो मंजिला मकान रविवार को कुर्क कर लिया गया। जिसकी कीमत 95 लाख 10 हजार आंकी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव धनसुआ निवासी इंद्र पाल सिंह के घर आज श्रद्धापाण्डे भारी पुलिस बल के साथ पहुंची ।उन्होंने बताया कि इंद्रपाल मूल निवासी मडगांव ने यह मकान गलत सम्पति अर्जित करके बनवाया था। यह मकान उनकी पत्नी के नाम है। जिलाधिकारी ने 4मार्च 2024 को इस मकान को कुर्क करने के निर्देश दिए थे। जिसके अनुपालन में यह मकान कुर्क कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी इनके बिरुध्द विवेचना जारी है। यदि विवेचक और कोई सम्पति दर्शाता है तो उस पर भी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान फतेहगढ कोतवाल व अमृतपुर प्रभारी मीनेश पचौरी मौजूद रही।

खाटू श्याम की यात्रा निकाली, पूजा-अर्चना की गई

फर्रुखाबाद । खाटू श्याम के भक्तों ने खुदागंज से शोभायात्रा निकालकर सड़कों को श्याम मय बना दिया। श्याम भक्त खाटू श्याम के जयकारे लगाते हुए याकूतगंज से जिला जेल और सेंटर जेल चौराहा होते हुए ठंडी सड़क और ठंडी सड़क से बढ़पुर देवी मंदिर होते हुए शहर के कोटा पर्चा खाटू मंदिर पहुंचे ।जहां उन्होंने बाबा के दर्शन किए ।यात्रा की अगुवाई कर रहे विमलेश ने बताया कि यह यात्रा प्रात 11 :00 बजे से शुरू हुई है और शाम 4 :00 बजे समाप्त होगी ।इसमें सैकड़ो की संख्या में खाटू भक्ति भाग ले रहे हैं ।उनका कहना है कि खाटू श्याम हारे का सहारा है। इस वजह से जो व्यक्ति जिस कामना से उनके पास जाता है। उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। इस वजह से आज सैकड़ो की संख्या में खाटू यात्रा यात्रा निकाल रहे हैं।

केक काट कर मनाई गई शिव की जयंती

फर्रुखाबाद । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में केक काटकर शिव जयंती मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने भगवान शिवजी की महिमा का बखान किया। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर गजराज सिंह ने कहा कि कर्म ही सबसे बड़ी पूजा है। मगर हमें ईश्वर की भक्ति को भी नहीं भूलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनीता यादव ने कहा कि जिस मानव में शिक्षा, दान व दया नहीं है, वह मानव नहीं, बल्कि पशु समान है। पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने कहा कि शिव जयंती पर्व जीवन के सात्विक महत्व को दर्शाता है। शिव की भक्ति संयम, ध्यान व त्याग करने की प्रेरणा देती है। ईश्वरदास महाराज ने कहा कि सारे संसार पर कृपा करने के लिए भगवान शिवशंकर प्रकट हुए और उनका नाम शिव के साथ रुद्र पड़ा।

कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल आदि।

मकरंद होलिकोत्सव में भजनों की मची धूम

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। श्री राधा रमण मकरंद होलिकोत्सव में भजनों की धूम रही। प्रसिद्ध भजन गायिकाओं के गीतों पर श्रोता देर शाम तक जमकर झूमे। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई। आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। रेलवे रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका निकुंज कामरा ने 'महाप्रभु चैतन देव का मूल मंत्र हरि बोल हरि बोल, श्री राधा रानी की जय महारानी की जय, राधे-राधे श्याम मिला दे, श्री राधा रमण की जय लड्डू गोपाल की जय-जय' सुनाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायिका अरुचि गंभीर ने भी एक से बढ़कर एक भजन सुनाए। पंडित रोहित पांडेय ने ढोलक, जयप्रकाश ने तबला, दीपक गोयल ने हारमोनियम पर संगत दी। सूरज मेहरा, विवेक अग्रवाल, शिशिर टंडन, शिव शर्मा, अंकुर अग्रवाल व रोहित शर्मा कोरस के रूप में रहे। इस दौरान श्री राधारानी, कृष्ण, लड्डू गोपाल की झांकियां निकाली गईं।

भजन गाती गायिका निकुंज कामरा।

अधिकारों के प्रति महिलाएं जागें

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। डीएन डिग्री कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में मिशन शक्ति के तहत जन जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान छात्राओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि डॉ. केएम सचदेवा व प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने रैली का शुभारंभ किया। रैली एमआईसी तिराहा, ग्वालटोली, पीडी महिला डिग्री कॉलेज व कचहरी मार्ग से होते हुए वापस कॉलेज पहुंची, जहां समापन हो गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना होगा। पूर्व प्राचार्य डॉ. मुकेश सिंह राठौर ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। महिलाएं अपनी ताकत को पहचानें। डॉ. सत्येंद्र ने भी महिला उत्थान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पर क्विज प्रतियोगिता भी हुई। ध्रुव वर्मा, ओजस्वी सिंह और नयन सक्सेना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एचएसएन गुप्ता व प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर डॉ. अजहर जुनैद, डॉ. रामनरेश सिंह, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. मोहम्मद अमीन, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, विनोद कुमार और श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे।

रैली निकालते छात्र–छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

विरोध श्यामा गेट द्वार निर्माण के विरोध में बोलीं महिलाएं– पहले ही कम है जगह, गेट बनने से बढ़ जाएगी परेशानी

दरी बिछाकर सड़क पर बैठीं महिलाएं, किया प्रदर्शन

संवाददाता, कायमगंज

अमृत विचार। श्यामागेट पर द्वार निर्माण को लेकर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। वह रोड पर दरी बिछाकर बैठ गईं। महिलाओं का कहना है मुख्य बाजार का रोड पहले से संकरा है। वाहन व लोगों को निकलने में परेशानी होगी। उन्होंने प्रशासन पर धमकाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष को सुना। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फोर्स तैनात कर दिया गया है। रविवार को मुख्य बाजार श्यामागेट पर द्वार निर्माण के लिए हरिओम रस्तोगी पक्ष की ओर से पिलर बनाने के लिए गड्ढे की खुदाई शुरू हुई। तभी मोहल्लेवालों ने विरोध दर्ज किया और सभासद पूजा शुक्ला समेत दर्जनों की संख्या में मोहल्ले की महिलाए उस स्थान पर दरी बिछाकर बैठ गई। उन्होंने साफ कहा कि श्यामागेट का रास्ता पहले से ही बेहद सकरा है। यहां वाहन निकलने के लिए काफी परेशानी होती है। यह मुख्य बाजार है। जहां सरकार एक ओर मार्गो को चौड़ा बनाने का प्रयास कर रही है वही यह लोग इसमे रोड़ा बने है। यदि रोड की एक साइड पिलर बनाए गए तो इस मार्ग का रास्ता और सकरा हो जाएगा। लोगो के वाहन नहीं निकल पाएगे। वही दुकानदारों को भी नुकसान होगा। यहां अंदर हास्पिटल के साथ ही स्कूल, मंदिर भी है। चौपहिया वाहन भी अभी वामुश्किल से निकल पाते है। ऐसे में निर्माण कार्य कराने को रोका जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इसमे तहसील प्रशासन व नपा प्रशासन दूसरे पक्ष से मिला हुआ है और प्रशासन उन लोगो को जेल में डालने के लिए धमका रहा है। विरोध करने वाले पक्ष की ओर से देवेश चंद्र दुबे एडवोकेट ने कहा यह मामला मोहल्लेवासियों की तरफ से कोर्ट में भी गया था जिसमें कोर्ट ने साफ आदेश किया है। इस द्वार का जीर्णोद्वार या मरम्मत तो हो सकती है लेकिन नया गेट बनाने का कोई स्पष्ट आदेश नहीं है। उन्होंने कहा न्यायालय का अपने आदेश में यह भी कहना है कि जीणोद्वार के दौरान पड़ोस के लोगो की संपत्ति पर किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े। उन्होंने तर्क दिया कि इस मामले में नगर पालिका की ओर से जिस पत्र पर जीर्णोद्वार की अनुमति न्यायालय ने दी थी। वह पत्र बाद में नगर पालिका द्वारा वापस ले लिया गया। मामले की जानकारी पर कस्बा चौकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने जानकारी ली। विरोध करने वाले पक्ष की ओर से कोर्ट के आदेश की प्रति पुलिस को दी गई। जबकि दूसरे पक्ष के हरिओम रस्तोगी के पुत्र पंकज रस्तोगी भी कोर्ट के आदेश की प्रति लेकर पहुचे।

दरी बिछा कर बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

विरोध पर सभासद पुत्र को ले गई पुलिस

■ कायमगंज फर्रुखाबाद। जब श्यामागेट पर द्वार निर्माण का कार्य किया जा रहा था। तभी सभासद पूजा शुक्ला के पुत्र ने विरोध किया तो दूसरे पक्ष ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस उसे निगरानी में कोतवाली ले गई।

हरिओम पक्ष के पास है कोर्ट का आदेश

■ कायमगंज फर्रुखाबाद। एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा ने बताया हरिओम पक्ष के पास कोर्ट आदेश है जो प्रदर्शन कर रहे हैं वह तरीका ठीक नहीं है। नहीं मानेगे तो मुकद्मा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। किसी को कानून व्यवस्था नहीं बिगाड़ने देंगे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

ईसी के इस्तीफे पर सवाल

लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा बहुत सारे सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि उनके इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। परंतु उनका इस्तीफा अप्रत्याशित तो है ही। विपक्षी दलों ने रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या केंद्र सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर, 2027 तक था और अगले साल फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बन जाते। गौरतलब है कि अरुण गोयल 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला था। उनकी नियुक्ति विवादों में थी क्योंकि अपनी नियुक्ति से पहले यानी 18 नवंबर 2022 को ही उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन 3 अगस्त 2023 को मंजूरी दे दी गई। गोयल पिछले पांच वर्षों में पद छोड़ने वाले दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अशोक लवासा ने एशियाई विकास बैंक में शामिल होने के लिए 2020 में इस्तीफा दे दिया था। फरवरी माह में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति और गोयल के इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग समिति में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। यानि लोकसभा चुनाव से पहले भारत का चुनाव आयोग पूरी तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त के हाथों में आ गया है। कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ मतभेद के कारण अरुण गोयल को इस्तीफा देना पड़ा। पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त संसदीय चुनावों की तैयारियों की निगरानी के लिए कई राज्यों के दौरे पर थे। अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ रहे। गोयल ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों के बारे में मीडिया को जानकारी देने के लिए कोलकाता में प्रेस क्रांफ्रेस में भाग लेने से इनकार कर दिया था। सीईसी ने उल्लेख किया था कि गोयल स्वास्थ्य संबंधी कारणों से दिल्ली लौट आए थे। अब उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोयल ने ऐसे समय मे इस्तीफा दिया है जब चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर देनी है और लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। ऐसे में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त सारी जिम्मेदारियों को अकेले कैसे निपटाएंगे क्योंकि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में आमतौर पर समय लगता है।

भारत की विरासत में रचा-बसा है वैज्ञानिक दृष्टिकोण

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है।

भारत के आमजन में विज्ञान के प्रति समझ की भारी कमी है और विकसित देशों के लोगों में यह अधिक है। परन्तु कोई भी बौद्धिक यह स्पष्ट नहीं कर पाता कि कौन से विज्ञान की समझ कम होने की बात वे करना चाहते हैं? देशज और पारंपरिक विज्ञान की अथवा, मॉडर्न एवं अत्योन्नत आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की। 'आमजन', 'टेम्परामेंट', 'विज्ञान', 'साईंस पॉपुलराईज़ेशन', 'पॉपुलर साईंस एंड टेक्नालजी' में मूर्त और अमूर्त का ख्याल और मजमून अर्थात टेंजिबल और ईंटेंजिबल कंटेंट को समझना है तो विज्ञान के देशज और आधुनिक दोनों ही प्रकार के इतिहास को समानांतर रूप से समझना होगा और देशज शब्दावली को भी अपने प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन के जरिए से जानना होगा।

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है। इन दोनों में अन्वेषण की प्रक्रियाओं और मूल प्रवृत्तियों में क्या भेद है, इसने मनुष्य की समझ में किस प्रकार का और मात्रात्मक रूप से कैसे और कितना इजाफा किया, जानना भी आमजन के लिए अब जरूरी हो गया है। उदाहरण के लिए कृषि क्षेत्र में 21 फसलों के लिए मिनिमम सपोर्ट-प्राइस के कांसेप्ट के उदय में परिवार और समाज का ताना-बना, पर्यावरणी और मौसमी घटकों के बाद साइंस और टेक्नोलॉजी तो है ही लेकिन मानव व्यवहार और इकोनॉमिक्स की अपेक्षाकृत इसमें प्रबल भूमिका है जिसे आमतौर से कम महत्व मिला है। इन तत्वों के दृष्टिगत गहन परीक्षा किए जाने के उपरांत भी किसान इसलिए अशांत है कि प्रत्येक घटक अपनी जगह कायम होने के बावजूद किसान का जीवन-यापन कठिनता से होता है। इसीलिए इस मामले को सुलझाने के लिए हमें नए घटक तलाशने होंगे और किसान के जीवन से जुड़े हर उस पहलू को बचाना होगा जिससे देश की फूड सिक्यूरिटी के अलावा इनके कल्याण का

> आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं।

मामला संबंद्ध है। इसी से जुड़ा हुआ एक मसला है फसलों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी कीट-पतंगों के जीवन चक्र को पेस्टिसाइड के इस्तेमाल से नष्ट कर देना जिसके बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं किया गया। परिणाम को देखकर अब उन कीट-पतंगों और क्षेत्र-रक्षक जीवों को फिर से इंट्रोड्यूस करने की कवायद जारी है जिन्हें किसान और फसलों का 'शत्रु' करार दिया गया था।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। आमजन और स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया गया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं। कोशिश की जाती कि कुछ घंटे के लिए या एक दिन के लिए माहौल को 'विज्ञानमयी' बनाया जाए ताकि इसका स्मृति-अंश उपस्थित आमजन के जीवन में प्रवेश करे और इसकी छाप दैनंदिन दिखाई दे। ऐसा करने से उपस्थित जनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होने का अनुमान तो होता है लेकिन इसे कभी आंशिक रूप से मापा नहीं गया है जैसे कि हमारे घरों में पारंपरिक रसोई में फ़ूड प्रसंस्करण की प्रक्रिया के वैज्ञानिक लाभ या फिर पैर में डाले वाले जाने वाले अनेक प्रकार के उन जूतों की बनावट और इनके असर को ज्ञात करना जो सिंथेटिक या नेचुरल मेटेरिअल से बने होते हैं। जूतों को रक्षात्मक कवच के तौर पर पहनने के लिए और आहार को पेट भरने से अधिक आमजन कुछ अधिक नहीं जानना चाहते। मन में साइंटिफिक इंवेस्टिगेटर बनने के लिए रुझान तो पैदा हो सकता है, लेकिन वह वैज्ञानिक बन कर कोई खोज या अन्वेषण कर सकेगा या रोजमर्रा के जीवन में वैज्ञानिक जानकारी का प्रयोग भी एक व्यक्ति करेगा, यह 'प्रीडिक्ट' करना नामुमकिन है। विज्ञान की समझ पैदा करना अर्थात पब्लिक अंडरस्टेंडिंग ऑफ़ साइंस और विज्ञान का एकतरफा 'लोकप्रियकरण' दो अलग स्थितियां हैं। इन दो किस्म के आयोजनों में विषयों और ऑब्जेक्ट्स की और ऑडियंस की भिन्नता ही दृष्टिगत नहीं रहती वरन विज्ञान के इतिहास, हमारे जीवन में इसके क्रिटिकल रोल, वैज्ञानिक अनुसंधान की डायनामिक्स, ऐसी समस्याओं की पहचान की पद्धति जिन्हें वैज्ञानिक रीति से सुलझाने के लिए स्टडीज की डिजाईनिंग किस प्रकार से की जा सकती है, इस बारे में जानकारी का संप्रेषण और ग्रहण, वैज्ञानिक शोध के प्रकाशन के तौर-तरीकों, डेटा मैनेजमेंट एंड सिक्यूरिटी और व्यावहारिक विज्ञान और, वैज्ञानिक विमर्श में क्रिटीकैलिटी जैसे महत्वपूर्ण नुक्तों को छुआ तक नहीं जाता। नए ज्ञान का सृजन करने के लिए स्वतःस्फूर्त पड़ताल प्रक्रिया की प्रवृत्ति और पैनी निगाह का युवजनों में विकसित होना देश में वैज्ञानिक प्रगति के मौजूदा मुकाम से आगे निकलने के लिए अत्यावश्यक है। जाहिर है सन 1929 से ही देश में राजनैतिक नेतृत्व के लिए यह विमर्श का विषय रहा है। इस आशय का पहला संदेश लाहौर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन के दौरान प्रथम प्रधानमंत्री बने जवाहरलाल नेहरु ने देश के लोगों के सामने रखा था।

विज्ञान दिवस जैसे आयोजन का तात्पर्य मनोरंजन और भाषण बाजी नहीं बल्कि दीर्घ काल से पोषित और संवर्द्धित होती रही उस भावना को ताजा करने की एक प्रक्रिया मात्र है जो भारत की विरासत में रचा-बसा है। इसीके अंतर्गत देश के लिए नेशनल साइंस पालिसी डॉक्यूमेंट में उचित समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते रहे। विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना के ड्राफ्ट में ही उक्त आशय के लिए एक नीति निर्देश नेहरू जी ने डलवा दिया था। यह सब इस बात से अधिक ताल्लुक रखने वाला है कि उक्त निर्देश का पालन करने के लिए देश में किस किस्म के प्रोग्राम डिजाईन किए जाने जरूरी समझे गए और इनका क्या असर जनमानस पर हुआ। निश्चित रूप से यह बढ़ा है, जैसा कि तीस-बत्तीस वर्ष पूर्व नेशनल कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन द्वारा प्रायोजित एक सर्वेक्षण से मालूम हुआ था जिसे प्रयाग में संपन्न हुए महाकुंभ मेले के दौरान सूचनाएं जुटाने के बाद की गई एनालिसिस ने जाहिर किया। विभिन्न आयोजनों के अंतराल के बीच भारत सरकार ने देश में कुछेक स्थानों पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च जैसे संस्थानों की स्थापना की है और प्रांतीय स्तर पर राज्य कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की भी, परन्तु राज्य स्तर के संस्थान विज्ञान लोकप्रियकरण के मामले में बेहद सुस्त पाए गए हैं जिनकी राज्यवार स्थापना का कार्य सन 1871 से ही शुरू हो गया था। पाया गया कि इन कौंसिल्स का विज़न 'फ्रैक्चर्ड' अर्थात विखंडित रहा जिसकी वजह इनका सुस्त रवैय्या रहा। अपने राज्य के लोगों में विज्ञान के प्रति रुझान को उत्तरोत्तर बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संवारने और संवृद्ध करने में इनमें से अधिकांश नाकामयाब रहे हैं। इनसे बढ़िया असर तो 'विज्ञान एक्सप्रेस' रेलगाड़ी का रहा जिसे पहली बार सन 2007 से 2010 और पुनः सन 2011 से 2014 तक पूरे देश में 100 स्टेशनों पर दो-तीन दिन के लिए थामा गया था। इसकी 'इम्पैक्ट एसैस्मेंट स्टडी' उत्साहवर्द्धक रही थी। विज्ञान संबंधी नियमित किस्म की ऐसी गतिविधियों से अवगत कराने के लिए जोकि 'पब्लिक इंटरेस्ट' की होती हैं, मीडिया द्वारा ज्यादातर गौण समझ कर छोड़ दी जाती रही हैं।

देश में विज्ञान नगरियों (साइंस सिटी) की स्थापना का काम भारत में पूर्व प्रधानमन्त्री इंद्र कुमार गुजराल के समय में शुरू हुआ था। मतलब यह कि भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति आमजन में समझ को वर्टीकल और हॉरिजॉन्टल दोनों ही तरीके से ऊपर उठाए जाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद है।

प्रसंगवश

गरचे टेलीफोन न बनता

सोचिए यदि टेलीफोन न होता तो ? दुनिया दूरियों में खो जाती। पृथकता गहराती। फासले लंबाते। मानवता बस चिंदी चिंदी ही रह जाती। 148 साल पूर्व 10 मार्च को एक घटना ने सब कुछ बदल डाला। तभी 29-वर्षीय एलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीफोन को इजाद किया। उनका तुक्का भिड़ गया। उनकी टोपी में तुर्रा तभी से लग गया। एकदा वे तार का एक सिरा पकड़े अलग कमरे में दूसरा छोर पकड़े मित्र से बोले :' वाटसन मैं मिलना चाहता हूं।' चंद लम्हों में ही वाटसन आ गए और हर शब्द दुहराए जो उन्होंने सुने थे। बस दूरभाष अवतीर्ण हो गया। ग्राहम बेल की विवशता थी कि उसकी मां और पुत्री बधिर थीं। एक वाणी चिकित्सक होने के नाते ग्राहम बेल बहरों से संकेतों द्वारा बातें करने का प्रयास करते थे। यही इस युगांतरकारी अविष्कार की जननी रही।

> ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है।

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

ग्राहम ने "बेल कंपनी" स्थापित की। सफर मीलों चला। पेटेंट मिला। मगर अमेरिका के विधि अधिकारियों ने अड़चने पैदा की। अंततः कामयाबी मिल ही गई। तेरह साल की आयु में ही ग्रेजुएट बनने वाले ग्राहम बेल तीन साल बाद मशहूर संगीत अध्यापक भी बन गए। अर्थात ध्वनि, वाणी और संचार के निष्णात। उन्होंने कम्युनिकेशन तकनीक में भी दूरगामी और लाभकारी अविष्कार किए। संचार क्रांति के जनक कहलाए।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है। ये सभी ऐसी तकनीक पर आधारित हैं, जिसके बिना संचार-क्रंति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को शायद अंदाजा नहीं रहा होगा जब उस जमाने की अपेक्षाकृत कम चर्चित उनकी दूसरी खोज मेटल डिटेक्टर आने वाले समय में आतंकवाद सहित अन्य प्रकार के अपराधों से लड़ने में कारगर उपकरण साबित होने वाली है। पुलिसिया जांच में आज बड़ी कारगर है। टेलीफोन की खोज के बाद बेल उसमें सुधार के लिए प्रयासरत रहे और 1915 में पहली बार टेलीफोन के जरिए हजारों किलोमीटर की दूरी से बात की।' न्यूयार्क टाइम्स' ने इस घटना को काफी प्रमुखता देते हुए इसका ब्यौरा प्रकाशित किया था। इसमें न्यूयार्क में बैठे बेल ने सैनफ्रांसिस्को में बैठे अपने सहयोगी वाटसन से बातचीत की थी। उनकी विभिन्न खोजों पर उनके निजी अनुभवों का भी प्रभाव रहा। मसलन जब उनके नवजात पुत्र की सांस की समस्याओं के कारण मौत हो गई तो उन्होंने एक मेटल वैक्यूम जैकेट तैयार किया जिससे सांस लेने में आसानी होती थी। उनका यह उपकरण 1950 तक काफी लोकप्रिय रहा और बाद के दिनों में इसमें और सुधार किया गया। अपने आसपास कई लोगों को बोलने एवं सुनने में कठिनाई होते देख उन्होंने इस दिशा में भी अपना ध्यान दिया और सुनने की समस्या के आकलन के लिए आडियोमीटर की खोज की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के अलावा वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्र के पानी को मीठा बनाने की दिशा में भी काम किया। ग्राहम बेल की जीवनी लिखने वाले कैरलोट ग्रे के अनुसार बेल के नाम 18 पेटेंट दर्ज हैं। इसके अलावा 12 पेटेंट उनके सहयोगियों के साथ दर्ज हैं। इन पेटेंटों में टेलीफोन, फोटोफोन, फोनोग्राफ और टेलीग्राफ शामिल हैं। उन्होंने आइसबर्ग का पता लगाने वाला एक उपकरण भी बनाया था। जिससे समुद्री यात्रा करने वाले नाविकों को खासकर अत्यधिक ठंडे प्रदेशों में विशेष मदद मिली।

अक्सर पत्रकारी नजरिए से हमें ख्याल आता है कि यदि ग्राहम बेल के ईजाद न होते तो मीडिया दुनिया ही विकलांग रहती। यही सवाल मेरी यांत्रिकी इंजीनियर बेटी (रेलवे बोर्ड में राष्ट्रीय धरोहर विभाग की कार्यकारी निदेशिका) विनीता ने वर्षों पूर्व मुझसे पूछा था : ' पिताजी यदि ग्राहम बेल न होते तो ?' मेरा खरा जवाब था :'आज वैश्विक मीडिया गूंगी रहती।' मगर संचार क्रांति में निरंतर विकास देखकर आह्लादित होना हर पत्रकार के लिए स्वाभाविक है। एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को सलाम।

नियमों से बंधे हुए हैं अधिकारी और कर्मचारी

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

> मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है।

सरकारी संस्थाओं के बेजा इस्तेमाल से विरोधी पक्ष को दबाने की प्रवृत्ति इन दिनों दुनिया में काफी बढ़ गई है। और ये सब अनुशासन बहाली के नाम पर किया जा रहा है। जय प्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन के समय उन्होंने पुलिसबल से आदेशों को नही मानने का आह्वान किया था। सरकार ने उन पर अनुशासनहीनता और देशद्रोह का आरोप लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

इस आंदोलन के बाद एक सवाल बहुत जोर से उभरा कि क्या सरकारी कर्मचारी सरकार के नियम विरुद्ध/गैरकानूनी आदेशों को भी मानने के लिए बाध्य है। जो इसका जवाब हां में देते हैं वो मुख्यतः तीन तर्क देते हैं। अगर एक सरकारी कर्मचारी अपने सुपीरियर के नियम सम्मत या विपरीत किसी आदेश को नही मानेगा तो अनुशासन नहीं रह पाएगा। और ऐसी अनुशासनहीनता करने पर वो दंड का अधिकारी होगा। तीसरा आदेश के सही गलत होने पर निर्णय लेने का उसका अधिकार नहीं। इससे बहुत समस्या पैदा होगी।

प्रथम दृष्टता ये बात सही प्रतीत होती है कि अनुशासन का होना जरूरी है। लेकिन वास्तव में ये कुछ ऐसा है कि अगर प्रत्येक कर्मचारी अनुशासन से बंधा है तो प्रत्येक अधिकारी भी कानून से बंधा हुआ है। वो कानून विरुद्ध कोई मनमाना आदेश नही दे सकता। अगर अधिकारियों को ये अधिकार दे दिया जाए तो देश मे अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

आदेशों को नहीं मानने के संबंद में एक तर्क ये दिया जाता है कि इससे मातहत दंड अधिकारी होगा। लेकिन ये कानून की गलत व्याख्या है। मातहत केवल नियम सम्मत आदेशों को ही मानने के लिए बाध्य है। और अधिकारी भी केवल नियम सम्मत आदेश देने के लिए। नियम विरुद्ध आदेशों को नहीं मानना अधिकारी की अवहेलना हो सकती है, कानून की नहीं। देखा जाए तो कर्मचारी और अधिकारी दोनों नियमों से बंधे हुए हैं। नियम विरुद्ध कोई भी बात मानना बाध्यकारी नहीं है। अनुशासन से यहां मतलब कानून के प्रति अनुशासन, ना कि किसी व्यक्ति विशेष के प्रति जो उस वक्त पद पर है। इस बहस का कानूनी पक्ष ये है कि नियम विरुद्ध आदेश को मानने से इनकार करने पर कर्मचारी किसी अनुशासन को भंग नही करता बल्कि वो कानून के शासन की वकालत करता है।

चरणदास नारायण सिंह बनाम राज्य - हवलदार हरनाम सिंह ने अपने मातहत चरण दास को उन परिस्थितियों में गोली चलाने का आदेश दिया, जिसे कोर्ट ने नियम विरुद्ध माना। कोर्ट ने माना कि हरनाम सिंह के आदेश का उन परिस्थितियों में कोई औचित्य नहीं था और चरण दास ने उस आदेश का पालन नहीं कर कानून का पालन ही किया है। आर्मी एक्ट 1950 का सेक्शन 41 भी केवल नियम सम्मत आदेशों के उल्लंघन को ही अनुशासनहीनता मानता है। क्वीन इम्प्रेस बनाम सुभा नाइक - स्टेशन अफसर ने अपने मातहत कॉन्स्टेबल को फसल काटने वालों पर गोली चलाने का आदेश दिया। एक व्यक्ति मारा गया। कोर्ट ने माना कि आदेश नियम सम्मत नहीं था और कॉन्स्टेबल के साथ उसके मातहत को भी अपराधी माना। मातहत को इस आधार पर छूट नही मिली की उसने तो केवल अपने सुपीरियर के आदेश का पालन किया था। चमन लाल बनाम एम्परर - न्यू सेंट्रल जेल, मुल्तान के डिप्युटी सुपरिटेंडेंट चमन लाल और उनके हेड वार्डन सेवा राम दोनों पर कैदियों को बेरहमी से पीटने का आरोप था। इसमे दो कैदियों की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया और सेवा राम को इस आधार पर माफी नहीं मिली कि उसने तो केवल अपने अधिकारी के आदेश का पालन किया था।

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है। लेकिन इसका कानूनी पक्ष ये है कि अपराधी ठहराएं जाने पर उसे इस आधार पर माफी नहीं मिलेगी क़ि उसने तो केवल अधिकारी के आदेश का पालन किया था।बहरहाल ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां हम देखते हैं कि आदेशों को नहीं मानने को भी नियम सम्मत माना गया। लेकिन इसके लिए जिगरा चाहिए जो खुद सही और गलत के बीच निर्णय ले अपने अधिकारी के आदेश को मानने से इनकार करे। वैसे एक सच ये भी है कि एक पुलिस/मिलिट्री की सेवा के हालात बहुत कठिन होते हैं। अपने अधिकारी के आदेशों को नही मानने पर वो सेवा शर्तों के अनुसार दंड का अधिकारी होता है और मानने पर कई बार वो कोर्ट की नजर में अपराधी सिद्ध होता है।

सोशल फोरम

एक सांस की अहमियत

बचपन में सब पूछते थे की कौन सा खिलौना पसंद है। ज़रा बड़े हुए तो पूछा कौन से कपड़े पसंद हैं। हाईस्कूल पास करके आगे बढ़े तो पूछा क्या बनना चाहते हो। मेरे पास गिनाने को खिलौने थे, कपड़ों की डिज़ाइन थी और करियर के हज़ार ऑप्शन थे बस यह नही पता था कि एक अदद सांस को कैसे ज़िंदा रखा जाए। झूठ, धोखे, मतलब परस्ती के बीच ज़िंदगी के एक, सिर्फ़ एक क़तरे को कैसे बचाए रखा जाए। किसी ने नहीं पूछा कि इन सांसों को कैसे बचाओगे, जब यह छूट रही होंगी। किसी ने नहीं कहा जब खिलौने, कपड़े, करियर अपना रंग छोड़ेंगे, तब ज़िंदा कैसे रहोगे।

हफीज किदवई
लेखक

एक सांस के लिए जब जी तड़पेगा। तब कैसे ख़ुद को संभालोगे। किसी ने उस सांस का मोल क्यों नही समझाया, जो दुनिया की हर ख़्वाहिश, हर ज़रूरत से बड़ी थी। मौत सामने हो और पीठ पीछे सारी ख्वाहिशें, सारे ख़्वाब, सारी हसरतें, उनका क्या ही करें। यह लगने लगे कि ज़माने की दौड़ में आपकी आवाज़ के लिए कोई कान नहीं है। लड़खड़ाते वक्त पकड़ने को कोई हाथ नही है। डगमगाते वक्त रोकने वाला कोई नहीं है। जिनपर वक्त ख़र्च किया, उनके पास आपके लिए ही वक्त नहीं है। जिनके साथ एतबार का रंग पक्का किया, वह रंग उतरकर फीके पड़ जाए। कोई अपना ही उम्मीद की सुनहरी चिड़िया के पर नोच दे। तो क्या करना है। मुझे नही पता कि ज़िंदगी की एक सांस की अहमियत क्या है। वरना जब कोई बचपन में पूछता कि क्या चाहिए, मैं कहता कि ज़िंदगी। हाईस्कूल में कोई पूछता की क्या बनोगे, तो मैं कहता कि सांसों को बुनूंगा। कोई मुझसे कपड़े के बारे में पूछता, तो कहता यार, सांसों के रंग को उकेरूंगा। मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता। मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता।

वक्त होता तो मैं बचपन में ही बोल देता की हां मुझे खिलौना न दो, बस ज़िंदगी को खिलौना न बनने देना, कोई जीभर खेले और फिर मुंह मोड़कर कह जाए, दिल भर गया.... दुनिया में सबसे बेईमान चीज़ को अपने साथ सारी ज़िन्दगी लेता फिरा, फिर भी वह साथ छोड़ती नहीं और साथ देती भी नही, मेरी बेवफ़ा सांसें....

-फेसबुक वॉल से

किसे फिक्र है हमारी

'सिमोन द बोउआर' कहती हैं कि स्त्रियां पैदा नहीं होती हैं गढ़ी जाती हैं। सच ही तो है कि हमें अपने अस्तित्व का औचित्य साबित करने के लिए लोगों से प्यार करना होता है उनकी चिंता करनी होती है तभी हमारा समाज एक औरत को जीवन को सार्थक समझता है। भले ही बदले में हमें कुछ न मिले और खुद को छला हुआ महसूस करते रहें किसे फिक्र है हमारी? जमाने भर की चिंता फिकर हो या दुनिया भर का प्यार सब करके भी हम खुद को ठगा ही महसूस करते रहेंगे हमेशा। जब तक ये हम खुद नहीं समझेंगे कि हम भी उतने ही इंसान हैं जितना कि पुरुष। संवैधानिक रुप से हर वो नियम जो उन पर लागू है हम पर भी वही नियम लागू हो। लेकिन शुरू से ही कोई भेदभाव होता देखकर खुद को संतुष्ट कर लेना, दिल टूटने पर चुपचाप रोकर आंसू पी लेना और ससुराल में अच्छी बहू साबित होने के लिए खुशी खुशी सब स्वीकार लेना।और स्वतंत्रता के नाम पर महिला दिवस मना लेना।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

घर परिवार और समाज पर जो धार्मिक मान्यताएं लादी गईं वे भी हमारे कंधे पर ही और हमारी फिल्मों और साहित्य ने हमें पीछे धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आदर्श स्त्री के लिए इन्होंने जितने मापदंड बनाए कि हर स्त्री आज बस कन्फ्यूजन की स्थिति में है कि क्या वो सच में आदर्श है ? कभी अच्छी बहू बनने के लिए वो घर का काम करना चुनती है तो कभी अच्छी मां बनने के लिए वो अपनी जॉब छोड़कर घर बैठना पसंद करती है। घर का कोई काम बिगड़ने पर और बच्चे के खराब रिजल्ट पर वो दोषी होगी जबकि सबकुछ अच्छा या बेहतरीन होने पर शायद ही उसे कोई श्रेय देगा! अब तो हम फिल्मों से सीखते हैं कि हमें क्या पहनना चाहिए और कौन से व्रत, पूजा और त्योहार करने चाहिए। इतिहास और राजनीति में हमें बेहद सीमित मौके मिले हैं और साहित्यकारों ने हमें कभी कामयाब और मजबूत रुप में नहीं गढ़ा है। मैंने पढ़ा है कि महान लेखक टॉलस्टाय ने अपनी सबसे मशहूर उपन्यास अन्ना कैरनिना लिखते समय अन्ना का चरित्र बेहद खराब बनाने की कोशिश करते हुए लिखा था पर जब उपन्यास पूरा हुआ तो अन्ना की इमेज एक मजबूत और शानदार महिला के रुप में निखर गई पर क्या ही फायदा जब लेखक उसे अंत में ट्रेन के सामने गिराकर आत्महत्या करने को मजबूर कर दे। जबकि वो बस दो पंक्तियां बदल कर उसे मजबूत बना सकता था पर उसे लगता रहा कि उसकी कृति को समाज स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि वो खुद ही स्वीकार नहीं पा रहा होगा। इसी तरह चोखेर बाली उपन्यास लिखने के बाद टैगोर माफी मांगते हैं कि वो चोखेर बाली के साथ न्याय नहीं कर पाए! आखिर क्यों? किसने रोका था उन्हें? जबकि राजा राममोहन राय विधवा विवाह शुरू करवा चुके थे तो क्या आपसे दो पंक्तियां भी नहीं बदली जा रही थीं ? लेखन बस वो नहीं होता कि आप सच दिखाने के लिए ज्यों का त्यों लिखने की कोशिश करें लेखन वो होता है जो बदलाव ला सके लोगों की सोच समृद्ध कर सके। अफसोस! आप वहां तक सोच भी नहीं पाते हैं... हम सीता बनकर भी अग्नि परीक्षा देते रहे, गार्गी और अपाला बनकर गालियां खाते रहे, विद्योतमा और रत्नावली बनकर प्रेरणा बने रहे पर हमें किसी ने प्रेरित नहीं किया। आदमियों की सफलता में हमारा योगदान रहा और हमारी सफलता में आपने बाधा बनना चुना?

मजाज़ लखनवी का शेर याद आ रहा है ...
तेरे माथे पर ये आंचल बहुत खूब है,
तू इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था!

कल्कि धाम का शिलान्यास

हाल ही में हुई धर्म अनुष्ठानों की धूम के बीच मुरादाबाद के संभल में कांग्रेसी नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम् के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे होने वाले भगवान विष्णु के दसवें अवतार 'कल्कि'के धाम का शिलान्यास किया। कल्कि भगवान भाद्रपद, शुक्ल पक्ष तृतीया को सायंकाल यहां एक सात्विकी ब्राह्मण विष्णुयश के घर उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिनकी कथा कल्कि पुराण सहित तमाम धर्म ग्रंथों में आई है। उनकी माता का नाम सुमति होगा। श्रीभद्भागवत्-स्कंध-12 के अनुसारः

सम्भलग्राम मुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।/ भवने विष्णुयशसःकल्किः प्रादुर्भविष्यति।।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वे शीघ्र ही सभी विद्याओं में पारंगत हो जाएंगे। शस्त्र विद्या उन्हें परशुराम जी सिखाएंगे; फिर उनसे वे शिव जी की तपस्या करने को और वरदान में दिव्यास्त्र मांगने को कहेंगे। कल्कि वैसा ही करेंगे और परम शक्तिशाली बन जाएंगे। उनका विवाह पद्मा नामक कन्या से होगा। उनकी एक अन्य पत्नी वैष्णो देवी की रूप रमा भी होंगी। उनके चार पुत्र होंगे। वे देवदत्त नामक सफेद घोड़े की सवारी करेंगे। उनके पास धनुष वाण और तलवार भी होगी। वे कलि नामक राक्षस को मारेंगे तथा पापियों का संहार करेंगे। जयदेव रचित "गीत गोविंद"के अनुसार वे म्लेच्छों का संहार करेंगे।"म्लेच्छनिवचनिधने कलयसि करवालम्। धूमकेतुमिव किमपि करालम्।। केशव धृत कल्कि शरीरम्"।।

यह सब होगा तो निश्चय ही, क्योंकि शास्त्रीय मान्यता हैः किंतु इसका समय अभी बहुत दूर है। वे कलियुग के अंत में अवतरित होंगे। कलियुग चार लाख बत्तीस हजार साल का होता है, जिसके अभी कुल पाच हजार साल ही बीते हैं। तब तक अभी तक हो चुके नौ अवतारों की पूजा उपासना से काम चल सकता था। चार लाख सत्ताइस हजार साल के आसपास भविष्य में होने वाले अवतार का धाम निर्माण और पूजा आदि कम समझ में आ रहा है। देश में लगभग दस लाख मंदिर हैं। सभी में प्रतिष्ठित देवी देवता आदरणीय और पूज्य हैं।क्या यह संख्या कम है? महामानवो, अवतारों की अर्चना उपासना उनके कर्मों और स्थापित किए गए आदर्शों का सम्मान और अनुसरण होता है; जबकि कल्कि का यह समय अभी बहुत दूर है। वे तो हुए ही नहीं हैं। ग्रामीण कहावत है "जौं हैं खेत, ललन हैं पेट, मुड़ने(मुणडन) की धूम मची"। इस केस में तो ललन अभी पेट में ही लाखों साल बाद आएंगे। तब क्या यह शीघ्रता आसन्न चुनावों हेतु धर्मास्त्र है? मैं समझता हूं इसके लिए "रामास्त्र"ही काफी था। अब इस पर भरोसा न रहा हो तो बात दूसरी है।

विक्टोरिया मेमोरियल हाल को दिया जाएगा आकर्षक स्वरूप

264 लाख से होगा काम, अत्याधुनिक लाइब्रेरी भी बनेगी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिले की ऐतिहासिक इमारत विक्टोरिया मेमोरियल हाल अब नये आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। इसका सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा। इसे नया कलेवर दिया जाएगा। इसके लिए 264 लाख 50 हजार रुपये की रकम स्वीकृत की गई है। खास बात यह है कि यहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इससे कम्पटीशन की तैयारी करने वाले युवाओं को काफी सुविधा हो जाएगी। रविवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया ने इस कार्य का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि यह कार्य तेजी से किया जाए और इसकी गुणवत्ता में कोई कमी नहीं हो, यदि कोई भी लापरवाही बरती या गुणवत्ता मे कमी रही तो ऐसा करने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा पुस्तकालय बन नहीं सकता था इसलिए उसको कनवेन्शन सेंटर का नाम दिया गया है। इस मिस्टेक का सुधार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका लखनऊ से उद्घाटन किया है। उन्होनें कहा कि यहां कनवेन्शन सेंटर बन जाने से युवाओं को काफी मदद मिलेगी और युवाओं के लिए इटावा में यह उपयोगी काम होगा।

उन्होंने कहा कि इस विक्टोरिया हॉल में देखिए कितने लंबे समय के बाद काम हो रहा है। यह इमारत 100 साल पुरानी है। निगम के अधिकारी के माध्यम से इस विक्टोरिया हाल की बिल्डिंग का जीर्णोद्धार होना है, वे बहुत ही गुणवत्ता के साथ क्वालिटी के साथ इस बिल्डिंग में काम करें। यदि काम में थोड़ी सी भी गड़बड़ी हुई तो सबसे पहले तो मैं ही उनके उनके सामने खड़ी हो जाऊंगी। इस सेंटर को इटावा के युवाओं के लिए समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, कृष्ण मुरारी गुप्ता, शिव प्रताप राजपूत, रामशरण गुप्ता, अजय भदोरिया, चंदन पोरवाल, नीतू नारायण मिश्रा, पर्यटन विकास अधिकारी मोहित सिंह, एमपी सिंह तोमर, सर्वेश सिंह चौहान, अश्वनी सिंह एड. व सचिन यादव मौजूद रहे।

कार्य का शिलान्यास करतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया।

जलभराव से निपटने के लिए बन रहे 8 नाले

इटावा। सदर विधायक ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या का भी निदान कराया जा रहा है। इसके निदान के लिए काफी मशक्कत के बाद 8 नाले स्वीकृत कराए हैं। इनमें से चार नालों के निर्माण का कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि सपा के नेता तीन बार मुख्यमंत्री बने और जल भराव की समस्या दूर नहीं हो पाई। इस समस्या के निराकरण के लिए पिछली बार आठ नालों के प्रस्ताव बने थे। इनमें से चार नालों पर काम भी शुरू हो गया है। जलभराव की समस्या के निदान के लिए प्राथमिकता से काम होना चाहिए।

ऑडीटोरियम बनाने का होगा प्रयास

इटावा। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि श हर में एक ऑडीटोरियम की भी जरूरत है। यह बात उनके ध्यान में आई है और वे इस बात के लिए प्रयास करेंगी कि शहर में एक अच्छा सुविधायुक्त आउीटोरियम का निर्माण करा दिया जाए। इस कार्य के लिए वे पूरा प्रयास करेंगी।

कार की टक्कर से घायल व्यक्ति ने मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। नौ दिन पहले कार की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति ने सैफई मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। चौबिया थाना क्षेत्र में कस्बा बरालोकपुर में रहने वाले 45 वर्षीय महेश कश्यप 01 मार्च को रात निमंत्रण खाकर घर जा रहे थे तभी कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, वहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। महेश के चचेरे भाई रामशरण कश्यप ने बताया कि शनिवार देर रात साढ़े 12 बजे भाई ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

बाइक सवार को बचाने में पलटी आलू भरी ट्रॉली

बकेवर, इटावा। नेशनल हाईवे पर थाना क्षेत्र में बाइक सवार को बचाने में आलू से लोड ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। बोरे सड़क पर गिरने से यातायात प्रभावित हो गया। ओरैया के थाना कुदरकोट क्षेत्र के गन्सरा गांव के किसान सुखवीर सिंह रविवार को आलू ट्रैक्टर ट्रॉली में लोड करके मनियांमऊ के पास कोल्डस्टोरेज में रखने आ रहे थे। हाईवे पर गोमती पेट्रोलपंप के पास बाइक सवार अचानक डिवाइडर पार करने लगा, उसे बचाने में ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। जिससे ट्राली सड़क पर पलट गयी।आलू के बोरे गिरकर बिखर गए। इससे हाईवे पर वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। सूचना पर पुलिस ने कुछ बोरों को हटवाकर वाहनों का आवागमन चालू कराया।

कार ने बाइक में मारी टक्कर, देवर-भाभी घायल

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत फूफई के पास सर्विस रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार देवर भाभी घायल हो गए। फूफई निवासी यशपाल राजपूत अपनी भाभी हेमलता के साथ बाइक से बाजार करने इकदिल जा रहे थे। रास्ते में कार चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसस से दोनों घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कार चालक कार को छोडकर भाग निकला। इसके अलावा इकदिल के पास हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर रैलिंग पर चढ गई। जिससे कार क्षति ग्रस्त हो गई।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं प्रिंसिपल प्रीती छाबड़ा। अमृत विचार

बाल विवाह जैसी कुप्रथा को मिटाने का दिया संदेश

इटावा। समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में ग्रामीण महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए गए।विभिन्न खेल क्रीड़ाओं में बाल पासिंग, रिंग पासिंग, सेव द बैलून जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें विभिन्न गांवों की महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डीके इंटरनेशनल स्कूल प्रीति छाबड़ा तथा इटावा समाज कल्याण समिति निदेशक फादर रोशन, सिस्टर विमला और समूह सखियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। महिलाओं ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसके द्वारा बाल विवाह जैसी कुप्रथा के दुष्प्रभावों को दर्शाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात प्रीति छाबड़ा ने अपने शब्दों द्वारा उपस्थित सभी जनों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी खेल क्रीड़ाओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

रामेंद्र के प्रदेश महामंत्री निर्वाचित होने पर बधाई देते कर्मचारी नेता। अमृत विचार

रामेंद्र के प्रदेश महामंत्री निर्वाचित होने पर जताई खुशी

इटावा। कर्मचारी नेता रामेंद्र श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के निर्विरोध प्रदेश महामंत्री निर्वाचित होने पर कर्मचारी नेताओं ने खुशी जताई है। सिंचाई डाक बंगला में जिला अध्यक्ष अजय यादव, पर्यवेक्षक अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच राजेश जादौन और सफाई कर्मचारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस मौके पर शिवमंगल दास, गजराज सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राजीव कुमार वाल्मीकि, पवन कुमार, अजय राय, प्रीतम, जीवन, सोबरन सिंह, चंचल, अरुण प्रकाश, भगवान दास, पंकज चौधरी, भागीरथ, अवधेश कुमार पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, प्रदीप कुमार, रामनरेश, वीरू कुमार, वीरूदास आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में भाग लेतीं महिलाएं। अमृत विचार

ग्रामीण आजीविका मिशन से बदली गरीबों की जिंदगी

इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नव चयनित समूह सखी का मॉडल भाग एक का प्रशिक्षण आरसेटी इटावा में हुआ। निदेशक आरसेटी मिथलेश कुमार ने सभी को अपनी इच्छा अनुरूप व्यवसाय से जुड़ने का संदेश देते हुए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जिला प्रबंधक डॉ. नंद किशोर साह ने कहा कि देश के आर्थिक विकास में महिलाओं का बड़ा योगदान है। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं लखपति बन रही हैं। कृषि हस्तशील आदि के क्षेत्र में नवाचार कर प्रदेश में कीर्तिमान स्थापित किया है। समूह सखी आजीविका मिशन की रीढ़ है। महिलाएं घर में रहकर कुटीर उद्योग जैसे आलू चिप्स, अचार-मुरब्बा एवं अन्य प्रकार के व्यवसाय लगाकर अपने आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकती हैं। जनपद की महिलाएं कृषि के क्षेत्र में पुरुषों के बराबर कार्य कर रही हैं। एफसी के प्रतिनिधि शेर सिंह, रिसोर्स पर्सन नीरज द्विवेदी, ब्लॉक रिसोर्स पर्सन वंदना विनीता मौजूद रहीं।

चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया आरोपी कोर्ट से हुआ बरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बाइक चलाने का था आरोप

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक राम चंद्र यादव ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी की बाइक सहित पकड़े गए आरोपी को दो साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

वरिष्ठ अधिवक्ता राम सरन सिंह यादव ने बताया कि जसवंत नगर थाने में तैनात उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह का आरोप था कि वह 11 मई 2021 को अपने हमराह फोर्स के साथ बस स्टैंड पुल के नीचे वाहनो की चेकिंग कर रहे थे तभी एक बाइक आती दिखी। पुलिस को देखकर बाइक सवार बाइक को मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर उसे धर दबोचा। बाइक के कागजात मांगने पर वह कागजात नहीं दिखा सका। पुलिस ने जब कड़ाई से पूंछताछ की तो उसने बताया कि उसने बाइक को सिरसागंज क्षेत्र से चोरी की थी। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सुमित पुत्र हरिश्चंद्र निवासी नगला नया थाना सिरसागंज बताया।

उसने बताया कि वह बाइक में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चला रहा था। पुलिस ने धोखाधड़ी व चोरी की माल बरामदगी के आरोप में सुमित को जेल भेज दिया। छावनी के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक में हुई। बचाव पक्ष की ओर से राम सरन सिंह यादव व शशांक शेखर यादव ने पैरवी की।

अभी नहीं देखते सूची, बाद में कहेंगे कट गया वोट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कई बूथों पर खाली बैठे रहे बीएलओ, नहीं पहुंचे लोग

अमृत विचार। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 9 व 10 मार्च को मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाए जाने और बीएलओ के मौजूद रहने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत रविवार को ज्यादातर मतदान केंद्रों पर बीएलओ तो पहुंच गए लेकिन मतदाता नहीं पहुंचे।

रविवार को कहीं मतदान केंद्रों पर प्रचार प्रसार की कमी के कारण मतदाता भी नही पहुंचे तो कुछ केंदों पर तो बीएलओ भी नही पंहुचे। इसके तहत बिजौली कंपोजिट विद्यालय में आंगनबाड़ी सूरजमुखी व अनीता मौजूद मिलीं परंतु कोई मतदाता सूची देखने नहीं आया। बीएलओ अनीता ने बताया कि स्कूल के आसपास मोहल्ले में वह दोनों लोगों के घरों पर जाकर जहां बाहर बैठे हुए लोगों को उन्होंने मतदाता सूची को दिखाया है इक्का-दुक्का लोग स्कूल में भी देखने आए थे। सरायमिट्ठे कंपोजिट विद्यालय पर दोपहर डेढ़ बजे के करीब ही बीएलओ चली गई थी वहां पर शौचालय का निर्माण कर रहे मजदूरों ने बताया कि कुछ देर पहले ही बीएलओ गई है। जनता कॉलेज बकेवर में चार बीएलओ मौजूद थे।

इंटर कॉलेज में भी पांच बीएलओ मौजूद थे। जहां बीएलओ राशिद ने बताया की एक दो लोग वोट बनवाने आए थे। उनके वोट बनाए गए। मतदाता सूची के लिए बैठे रहे परंतु इक्का-दुक्का लोगों के अलावा कोई नहीं आया। कंपोजिट विद्यालय बकेवर में मौजूद बैठे रहे बीएलओ शिवसागर में बताया कि उन्होंने दो बुजुर्गों के वोट बनाए हैं इसके अलावा लोगों को वोटर सूची दिखाने के लिए दोपहर 2 बजे तक बैठे रहे परंतु कोई भी वोटर सूची देखने नहीं आया। खालसा स्कूल पंजाबी कालोनी में दोपहर तक बीएलओ हीं नहीं पहुंचे।

शहर के मतदान केंद्र पर मतदाता सूची का अवलोकन करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव ने कहा है कि मतदाता सूची को मतदान केंद्र पर पढ़कर सुनाए जाने के अभियान में प्रशासन की उदासीनता और प्रचार प्रसार की कमी से मतदाता नही पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनपद के कई केंद्रों पर बीएलओ भी नहीं पहुंचे वहां पर मतदाता सूची नहीं पढ़कर सुनाई जा सकी।उसकी शिकायत तहसीलदार सदर से भी की गई है।

एक मतदान केंद्र पर बैठे बीएलओ व सपा नेता उदयभान सिंह। अमृत विचार

निर्णय लेने की क्षमता ही महिलाओं को सफल बनाने में होती सहायक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला शक्ति कार्यक्रम

अमृत विचार । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इटावा इकाई ने राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रांत छात्रा प्रमुख अरुणा दुबे ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर चंद्रयान मिशन तक को सफल बनाने में अपना योगदान दे रही हैं।

जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नारायण कॉलेज की निदेशक डॉ. श्रेता तिवारी ने कहा कि महिलाओं को अपने अंदर निर्णय की क्षमता को विकसित करना चाहिए, तभी वह सशक्त होकर अपने जीवन को सफलता के शिखर तक पहुंचा सकती हैं। डॉ. नमिता तिवारी ने कहा कि यदि महिलाएं अपनी दिनचर्या को नियमित कर एवं स्वयं अनुशासित होकर जीवन यापन करें तो वह निश्चित रूप से अपने जीवन को सफल बना सकती हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। तहसील सहप्रमुख कल्पना रस्तोगी ने आभार जताया। संचालन अंजली कुमारी एवं आविशी पाठक ने किया। विभाग संगठन मंत्री तरुण वाजपेई, प्राचार्य डॉ. श्याम पाल सिंह, सहमंत्री अभिषेक राठौर, ऐश्वर्य गुप्ता, प्रतीक दुबे, आर्यन, अभिषेक पाल आदि उपस्थिति रहे।

महिला शक्ति कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित छात्राएं। अमृत विचार

रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

जसवंतनगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के ग्राम कुडाखर के पास रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है।

शनिवार की रात करीब नौ बजे ग्राम कुडाखर के पास रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 1178/20 व 22 के मध्य एक 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा देखा गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे बलरई पुलिस उपनिरीक्षक अनुज कुमार ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। अनुमान लगाया गया कि मृतक किसी ट्रेन पर सवार होकर जा रहा होगा, जिससे उसकी ट्रेन से गिरकर मौत हो गई।

पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करवाने की कोशिश की लेकिन कामयाबी हासिल नहीं हो सकी। शव को मोर्चरी भेजा गया है।

2.14 करोड़ से होगा मंदिर का सुंदरीकरण

संवाददाता, ऊसराहार-इटावा

- हजारी महादेव मंदिर में छह कमरे और सड़क बनेगी

अमृत विचार। हजारी महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए अब दो करोड़ चौदह लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। बढ़ी हुई धनराशि से मंदिर में एक बडे हाल के साथ छह कमरे और मंदिर जाने वाली सड़क पर भव्य गेट का निर्माण किया जाएगा। हजारी महादेव मंदिर की अपनी अलग ख्याति है। औरैया, मैनपुरी, कन्नौज, फिरोजाबाद सहित कई जिलों के श्रद्धालु यहां आते हैं। महाभारतकालीन इस मंदिर को काफी सिद्ध माना जाता है। ऐसे में सरकार ने मंदिर के सौंदर्यीकरण पर ध्यान दिया।

मंदिर पर पर्यटन विभाग ने तीन वर्ष पहले 50 लाख रुपये की लागत से एक सत्संग भवन का निर्माण कराया था। पिछले वर्ष पर्यटन विभाग ने एक करोड़ रुपये मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए देने का ऐलान किया था। भाजपा जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से मिलकर धनराशि को और ज्यादा कराने की मांग की। उनके प्रयास के बाद हजारी महादेव मंदिर पर अब सौंदर्यीकरण एंव पर्यटन विकास के लिए 2 करोड़ 14 लाख 19 हजार रूपये स्वीकृत कर दिए गए हैं।

रविवार को जिला महामंत्री ने हजारी महादेव मंदिर पर निर्माण कार्य के लिए हवन पूजन के बाद आधार शिला रखी। प्रशांत राव चौबे ने कहा मंदिर पर एक बड़े हॉल का निर्माण कराया जाएगा यह हाल सार्वजनिक प्रयोग में रहेगा। मंदिर के सामने एक टियूवलर सेट का निर्माण किया जाएगा साथ ही ऊसराहार-सरसईनावर रोड से हजारी महादेव मंदिर को जाने वाले मार्ग पर भव्य गेट का निर्माण किया जाएगा। जिला पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह ने बताया कि मंदिर के सामने एक 12 बाई 28 मीटर का हॉल बनाया जाएगा। इसके ऊपर छह कमरों का भी निर्माण किया जाएगा। मंदिर के समीप ही एक 19 बाई 24 मीटर का टियूवलर टिन सैट डाला जाएगा साथ ही एक गेट भी बनाया जाएगा।

इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गुप्ता, रवी चक्रवर्ती, गौरव गुप्ता, दीपक नंदन, राहुल राजीव गुप्ता, शशांक मिश्रा, तिलक सिंह शाक्य, शाहरूख खान, मंदिर के महंत सियाराम दास, राजकपूर मौजूद रहे।

शिलान्यास के मौके पर पूजन करते भाजपा जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे।

आक्रोश | भदेई के ग्रामीणों ने कहा- सड़क न बनी तो नहीं डालेंगे वोट, नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

ग्रामीणों ने की चुनाव बहिष्कार की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जनप्रतिनिधि नहीं करा रहे ग्रामीणों की समस्या का समाधान

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। ऐसे में ग्रामीण भी अपने क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए आगे आ रहे हैं। रविवार को ब्लॉक सैफई की ग्राम पंचायत भदेई में ग्रामीणों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाकर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि भदेई से लेकर मेवापुर तक संपर्क मार्ग का निर्माण होना है। किसी भी जन प्रतिनिधि ने इस समस्या का समाधान कराना मुनासिब नहीं समझा है। इस सड़क संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए ग्राम प्रधान से मांग की गई लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक, सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष को भी शिकायती पत्र दिया। तीनों ही जनप्रतिनिधि सैफई गांव के ही हैं। उसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

गांव की निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता देवी ने बताया कि संपर्क मार्ग का निर्माण न होने से ग्रामीणों को वर्षों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब चुनाव आते हैं तो जनप्रतिनिधि इस समस्या का समाधान कराने का आश्वासन देते हैं। चुनाव बाद कोई उनकी सुधि तक लेने नहीं आता है। उन्होंने मांग की है कि इस बार यदि सड़क नहीं बनी तो वह सामूहिक रूप से मतदान का बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में इंद्रपाल सिंह यादव, आशाराम यादव, रामकेश जाटव, मोनू, राजेन्द्र सिंह, निखिल कुमार एवं अनिल राजपूत आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

चुनाव बहिष्कार की घोषणा करते भदेई गांव के लोग। अमृत विचार

किशोरी के साथ छेड़छाड़, केस दर्ज

जसवंतनगर, इटावा। आठ वर्षीय एससी वर्ग की बालिका के साथ अश्लील हरकतें करने वाले के खिलाफ बालिका के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

कस्बा के एक मोहल्ले में रहने वाली एससी वर्ग की आठ वर्षीय बालिका घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी एक समुदाय विशेष के एक व्यक्ति ने उसे खाने का सामान दिलाने का लालच देकर बाल्मीकि बस्ती में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। बालिका चिल्लाई तो बस्ती के लोग भी आ गए।आरोपी मौके से भाग गया। बालिका के परिजनों ने थाने में केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर कपिल दुबे का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बीईओ ने निपुण बच्चों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। विकास खंड ताखा के ब्लॉक संसाधन केंद्र मामन में 'हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निपुण 43 विद्यालयों के 43 निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। बाल वाटिका और प्राथमिक कक्षाओं की शिक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ सर्वेश कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

उन्होंने कहा तीन से छह वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करें छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व शिक्षकों की है उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। कार्यक्रम का संचालन एआरपी बीरेंद्र कमल ने किया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर ने कार्यक्रम की सराहना की। एआरपी शैलेंद्र यादव, अनिल दुबे, अनमोल कुशवाहा, विनय कुमार, तरुण रंजन गुप्ता, विपिन शाक्य, पुष्पेंद्र,हरेंद्र आदि मौजूद रहे।

बच्चों को सम्मानित करते बीईओ सर्वेश कुमार। अमृत विचार

फिजिक्स का पेपर बिगड़ने पर छात्र ने लगा ली फांसी

बबूल के पेड़ से लटका मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, कुदरकोट, औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के नगला परसादी में रविवार को ग्रामीणों ने छात्र का शव पेड़ पर लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मौत के पीछे फिजिक्स का पेपर बिगड़ना बताया जा रहा है।

इरशाद अली।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय इरशाद अली पुत्र हैसियत अली निवासी नगला परसादी का शव घर के पीछे एक बबूल के पेड़ पर लटका मिला। रविवार को गांव के लोग खेतों पर काम करने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में एक बबूल के पेड़ के सहारे शव लटका देखा तो लोगो ने मृतक के परिजनों को सूचना दी।

मृतक के भाई शकील ने बताया कि उसने 12वीं की परीक्षा दी थी। भौतिक विज्ञान का पेपर खराब हो जाने से वह काफी नाखुश था। सीओ अशोक कुमार, थानाध्यक्ष पूजा सोलंकी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की।

सीओ अशोक कुमार ने बताया कि छात्र इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहा था। जिसमे भौतिक विज्ञान का पेपर बिगड़ गया था, जिससे वह परेशान था और फांसी लगा ली। वहीं, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

छात्र की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु, लगाए जयकारे

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत दसरौरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को कथा वाचक चन्द्रेश महाराज ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है। राम जन्म एवं कृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तब प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब रावण का अत्याचार बढ़ा तब राम का जन्म हुआ। जब कंस ने सारी मर्यादाएं तोड़ीं तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ। जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी अतुल मिश्रा, सर्वेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, अमित मिश्रा, दीपक मिश्रा, शाश्वत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रोता। अमृत विचार

विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। रविवार को नगर के एक मोहल्ला में जिला उद्योग केंद्र की ओर से कैंप लगाया गया। इसमें पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी दी गई। ज्यादा से ज्यादा आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

नगर के मोहल्ला ऊंचाटीला में जिला उद्योग केंद्र द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक प्रबंधक हेमंत कुमार ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी आयी हुईं महिलाओं व पुरुषों को दी। योजना में ज्यादा से ज्यादा आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि योजना में 18 ट्रेडे नाई, मोची, बुनकर, दर्जी, धोबी, नाव बनाने वाले, कुम्हार, राजमिस्त्री आदि व्यवसाय से जुड़े लोग आवेदन कर सकते हैं।

योजना के तहत लाभार्थी को 15 हजार रुपये तक की किट, ढाई हजार रुपया मानदेय व प्रमाण पत्र मिलेगा। इसका लाभार्थी एक लाख तक का ऋण लेकर अपना उद्योग स्थापित कर सकता है। इस मौके पर वरिष्ठ सहायक ओमकार, सभासद शब्बीर क़ुरैशी, ओम बाबू तिवारी, मुईन अंसारी मौजूद रहे।

कैंप में लोगों को संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

सूची में नाम नहीं होने से आक्रोशित दिखीं महिलाएं

फफूंद, औरैया। नगर के सैकड़ों लोगों ने पीएम विश्वकर्मा योजना में आवेदन किया है। आवेदनकर्ता नफीसा बेगम, जुबैदा, गिरजा देवी, शहनाज आदि ने बताया कि बीते 7 मार्च को विकास भवन ककोर में पीएम विश्वकर्मा के आवेदन कर्ताओं को बुलाया गया था। लेकिन, हम लोगों का लिस्ट में नाम नहीं था। फफूंद से मात्र 8 नाम पात्रता सूची में थे। पता किया तो बताया गया कि नगर पंचायत से आपका सत्यापन नहीं हुआ है, जिसको लेकर महिलाएं आक्रोशित हो उठीं थी। वापस आकर नगर पंचायत में संपर्क किया। वहां बताया गया कम्प्यूटर आपरेटर अपने पास सत्यापित लिस्ट रखे हुए है, लेकिन पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापन नहीं किया। इसका संज्ञान सभासदों ने लिया तब जाकर हम लोगों के आवेदन नगर पंचायत से वेरीफाई हो सके। रविवार को नगर के मोहल्ला ऊंचाटीला में लगे कैंप में पहुंचे उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक हेमंत कुमार व वरिष्ठ सहायक ओमकार से आक्रोशित आवेदकों ने पात्रता सूची में नाम शामिल करने के लिये कहा। इस पर सहायक प्रबंधक हेमंत कुमार ने बताया कि जिन लोगों के आवेदन नगर पंचायत ने सत्यापित कर दिए हैं, उनका नाम अगली लिस्ट में आ जाएगा।

बैठक के दौरान निर्देश देते सीओ अशोक कुमार। अमृत विचार

रेलवे स्टेशन का लोकार्पण कल

कंचौसी। भाऊपुर खुर्जा पूर्वी डीएफसी रेल खंड पर कानपुर इटावा रेल स्टेशनों के बीच न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन व उस पर तैयार रेलवे संचालन सिस्टम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मार्च को सुबह 9:30 बजे अहमदाबाद गुजरात से सीधे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर देश की 5811 रेल परियोजनाएं एक साथ देश को समर्पित होगी। जिसमे न्यू कंचौसी भी सम्मिलित है। स्टेशन अधीक्षक कंचौसी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस अवसर पर न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन परिसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

श्रीमद्भागवत कथा मोक्षदायिनी

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- सिद्ध पीठ शिव मंदिर नूरपुर खरगपुर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

अमृत विचार। सिद्ध पीठ शिव मंदिर नूरपुर खरगपुर में पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन धाम के भगवताचार्य पंडित जगमोहन त्रिपाठी ने परीक्षित जन्म व सती अनुसुइया चरित्र कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्षदायिनी है इसके श्रवण करने मात्र से मानव का कल्याण संभव हो जाता है।

भगवताचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा चंद्रमा की किरणों के समान है जो सभी के हृदय में एक समान शीतलता प्रदान करती है। अमीर गरीब नहीं देखती सिर्फ कथा सुनने वाले के भाव को देखती हैं। इस मौके पर औरैया के राम कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित रामू दीक्षित ने राम कथा प्रवचन करते हुए कहा कि राम नाम की नौका मानव को भवसागर से पार कर देती है वहीं लोकहित करने वाला मानव भी समाज में पूज्यनीय हो जाता है।

उन्होंने कहा कि रामकथा मानव को जीवन जीने की कला सिखाती है। राम कथा प्रवक्ता अजीतमल के अमित कुमार तिवारी जी महाराज छुन्ना बाल व्यास विट्ठल त्रिपाठी जी महाराज ने भी प्रवचन किए। बाद में कथा के विश्राम पर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रेम शंकर तिवारी, छुन्नू पंडित, अखिलेशानंद शुक्ला महराज बिधूना, अवधेशानंद महाराज चिरकुआ, विनयानंद स्वामी सुखचौनपुर रविन्द्र मिश्रा, संजय मिश्रा, पंकज दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

कथा कहते पं. जगमोहन त्रिपाठी।

सार-संक्षेप

विवाद खत्म करने के बाद थानाध्यक्ष के साथ विवाहित जोड़े। अमृत विचार

दो जोड़े एक साथ रहने को राजी

औरैया। प्रोजेक्ट नई किरण के तहत रविवार को पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी रीना गौतम की अध्यक्षता में जनसुनवाई की गई। जिसमें 15 फाइलें दायर की गईं व दो परिवार को जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनों से अलग रह रहे थे, एक-दूसरे के साथ रहने को राजी नहीं थे। उन्हें समझा-बुझाकर मिलाया गया। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रोजेक्ट नई किरण के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

साइकिल चोरी की घटना सीसीटीवी में हुई कैद

फफूंद, औरैया। थाना क्षेत्र में इन दिनों साइकिल चोरों का गिरोह सक्रिय है। आलम यह है कि चोरी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। रात में चोरी की घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो दिन में ही हौसलाबुलंद चोर आराम से चोरी कर निकल जा रहे हैं। मामला फफूंद थाना क्षेत्र चमनगंज तिराहा का है। यहां से शनिवार को लगभग साढ़े पांच बजे दुकान के बाहर खड़ी एक पत्रकार की साइकिल को चोरों ने गायब कर दिया। चोरी की वारदात सीसीटीवी में भी कैद हो गई। जब सीसीटीवी फुटेज को चेक किए तो उसमें एक चोर उनकी साइकिल ले जाते हुए दिखा। जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दी गई है। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

बैठक के दौरान मौजूद समाज के लोग। अमृत विचार

बैठक कर बनाई गई रणनीति

औरैया। दिबियापुर कस्बे के बेला रोड स्थित पीतांबरा वाटिका में रविवार को विप्र वंश की बैठक हुई। इस अवसर पर पंडित राजेश पांडे ने हवन यज्ञ कराया। विप्र वंश के संयोजक महेश पांडेय ने बैठक के उद्देश्य के बारे में समाज के लोगों को अवगत कराया। बैठक में ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य लड़के एवं लड़कियों की जानकारी समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच साझा की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रीओम प्रकाश तिवारी ने की। रमेश कुमार शुक्ला ने कहा कि बैठक के उद्देश्य की पूर्ति के लिए वर्ष में एक बार लड़का एवं लड़की के परिवारों, सहित समाज का परिचय सम्मेलन होना चाहिए। बैठक में जीत कुमारी दुबे, विनोद कुमार तिवारी, मोहन कृष्ण त्रिवेदी, अमित कुमार तिवारी, विभु शंकर पांडेय, पारस नाथ द्विवेदी, शिवम तिवारी, भूषण गोविंद गिरी, गोपाल दीक्षित ने अपने विचार व्यक्त किए।

देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

औरैया। सहायल थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने दीपचन्द्र पुत्र राजकुमार निवासी बल्हलूपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 19 क्वार्टर देशी बरामद हुई है।

होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्ती

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

- सीओ व थाना प्रभारी ने की बैठक, पुलिस करेगी गश्त खुले में नहीं बजेंगे डीजे

अमृत विचार। होली का पर्व करीब आते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी हुड़दंगियों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। होली पर पुलिस क्षेत्रों में गश्त करती हुई नजर आएगी। हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी और खुले में डीजे नहीं बजेंगे। ताकि किसी भी तरह विवाद की स्थिति उत्पन न हो।

अछल्दा थाना परिसर में रविवार को सीओ अशोक कुमार ने पीस कमेटी की बैठक की। इसमें मौजूद लोगों से सीओ ने कहा कि होली का त्योहार सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। छोटी हो या बड़ी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें। डीजे पर गाने बजाने को लेकर अधिकतर विवाद की बात सामने आती है, इस वजह से इस बार डीजे खुली जगह में न बजाए। सीओ अशोक कुमार ने बताया कि शराब के नशे में यदि कोई हुड़दंग मचाते मिलता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर पुलिस की नजर रहेगी और सोशल मीडिया में किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस टीम की पैनी नजर रहेगी। महिला संबंधित अपराधों के लिए वूमेन हेल्प लाइन नंबर 1090 का इस्तेमाल जरूर करें। गांव में अगर किसी प्रकार का विवाद होता है तो उसे तूल न दे। सर्वप्रथम थाने में सूचना दें। थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक सतीशचंद्र व कस्बा के संभ्रात लोग मौजूद रहे।

रमजान में साफ-सफाई रहेगी बेहतर: चेयरमैन

फफूंद, औरैया। इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र माह रमजान की शुरुआत मंगलवार से हो जाएगी। जिसकी तैयारी को लेकर नगर पंचायत चेयरमैन मो. अनवर क़ुरैशी ने नगर पंचायत के कर्मचारियों को नगर में सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने के सख्त निर्देश दिए। पवित्र माह रमजान की शुरुआत मंगलवार से होगी। यदि सोमवार को रमजान का चांद नजर आ गया तो मंगलवार का पहला रोजा होगा और अगर चांद नजर नहीं आया तो मंगलवार को पहली तरावीह होगी। जिसको लेकर नगर की मस्जिदों में साफ-सफाई की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों में रमजान को लेकर उत्साह है। वहीं, रमजान को मद्देनजर रखते हुए नगर पंचायत फफूंद के चेयरमैन मो. अनवर क़ुरैशी ने नगर के साथ-साथ मस्जिदों के बाहर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। रविवार को चेयरमैन बताया कि पवित्र माह रमजान में मस्जिदों के आसपास विशेष रूप से साफ सफाई तथा रोशनी की उचित व्यवस्था रखी जाएगी। जिसको लेकर नगर पंचायत कर्मियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

बूथों पर वोट बनाने की प्रक्रिया जारी

संवाददाता, ककोर, औरैया

- बीएलओ ने सुबह 9 बजे से अपने बूथ पर दी दस्तक

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार वोट बनवाने की प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है। वहीं, प्रत्येक बूथ पर बीएलओ द्वारा लिस्ट चेक एवं नाम बढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा है।

आयोग द्वारा सभी बीएलओ को तारीखों को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक फोटो मतदाता सूची दिखाई जाएगी। जिसे देखकर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपका नाम मतदाता सूची में है या नहीं। यदि है तो उसमे कोई गलती है तो आप सुधारने के लिए फार्म भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नए वोटर कार्ड के लिए नए फॉर्म भरा जाएगा।

वोटर कार्ड बनवाने के लिए ये कागजात साथ लेकर जाएं : दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, राशन कार्ड की फोटो कॉपी, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, जन्मतिथि प्रमाण-पत्र की फ़ोटो कॉपी दे कर मतदाता बन सकते हैं उसके लिए आवेदक की उम्र 18 वर्ष की होनी चाहिए। इसके साथ ही घर के किसी एक सदस्य के वोटर कार्ड की फ़ोटो कॉपी भी हो।

पोलिंग बूथ पर बीएलओ बैठेंगे, नाम जरूर चेक करें

वोटर लिस्ट में अपना नाम जरूर चेक कर लें, जो अब नई लिस्ट आई है, उसमें बहुत लोगों के नाम नहीं हैं। यदि आपका वोटर लिस्ट मे नाम नहीं है, तो 6 नम्बर फार्म भर कर अपना नाम ज़रूर जुड़वा लें। वोटर कार्ड से सम्बंधित किसी अन्य समस्या के लिए भी किसी भी दिन अपने बूथों पर बीएलओ से सम्पर्क किया जा सकता है।

ग्रामीणों को मतदान की दिलाई शपथ

औरैया। सक्षम दृष्टि क्षमता विकास अनुसंधान मंडल द्वारा वोटर जागरुकता अभियान के अंतर्गत ग्रामीण जनों को शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर प्रांत सह सचिव पंकज तिवारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को भी शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए। अब सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को बूथ तक पहुंचाने के लिए बहुत सुविधा दी जाती है। शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों हेतु व्हीलचेयर की सुविधा भी उपलब्ध है। बीएलओ मंजू राजपूत, शिवराम और ग्रामीण आकाश, राजू, देवपाल आदि मौजूद रहे।

बच्चों की संख्या बढ़ाने को घर-घर पहुंचेंगे गुरु जी

ककोर, औरैया। जिले के परिषदीय विद्यालयों में सर्दी बीतने के बाद बच्चों की उपस्थिति कम हो गई है। इसको लेकर शिक्षा विभाग परेशान है। समस्या से निजात पाने के लिए विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए विद्यालय के शिक्षक अब अभिभावकों को फोन करने के साथ ही उनके घर भी जाएंगे। जिससे विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति संख्या में सुधार हो सके।

शीतकालीन अवकाश के बाद अधिकांश स्कूलों में बच्चों की संख्या घटकर आधे से भी कम हो गई है। इस कारण स्कूल के प्रधानाचार्य परेशान हैं। परिषदीय स्कूलों में एमडीएम का कोई हिसाब नहीं बन रहा है। जिले में इस समय 1265 परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें करीब एक लाख बच्चे पंजीकृत हैं। सर्दी गुजर जाने के बाद भी बच्चों ने स्कूल की ओर अपना रुख नहीं किया। जिससे स्कूलों में छात्र संख्या को लेकर असमंजस की स्थिति है। वहीं परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने के लिए अध्यापक घर वालों को फोन कर रहे हैं। फिर भी स्कूल में संख्या न बढ़ने पर अध्यापक घर-घर जाकर बच्चों से स्कूल चलने की अपील करेंगे। जिससे उपस्थिति में बढ़ोतरी की जा सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया शीतकालीन अवकाश के बाद बच्चों की संख्या कम होने की जानकारी मिल रही है। विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए उनके माता-पिता से संपर्क किया जाएगा और विद्यालय में बच्चों की उपस्थित बढ़ाई जाएगी।

समाजसेवा के कार्य | बैठक में जन-समस्याओं पर किया गया विचार-विमर्श

तपा बाबा मंदिर पर चला सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। एक विचित्र पहल सेवा समिति की ओर से रविवार को शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर दक्षिण दिशा बीहड़ में यमुना तट की सबसे ऊंची चोटी पर स्थित प्राकृतिक धरोहर अति प्राचीन तपा बाबा मंदिर पर सफाई अभियान व आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत मंदिर व उसके आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इसके उपरांत मंदिर परिसर में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संतोष कुशवाहा ने की।

बैठक में समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वच्छता अभियान के अंतर्गत समिति के सदस्यों द्वारा गत 9 वर्षों से अनवरत यमुना तट पर स्थित श्मशान घाट, प्राचीन विश्रांत तथा प्रमुख मंदिरों व देवालयों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिससे जनमानस को काफी सहूलियत मिल रही है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी में प्रतिवर्ष बाढ़ आने पर यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थल कई महीनों तक जलमग्न हो जाता है। तदोपरांत यमुना तट पर ऊपर नगर पालिका परिषद द्वारा निर्माणाधीन सीमेंटेड अंत्येष्टि स्थलों पर शवों की अंत्येष्टियां होने लगती हैं।

अंत्येष्टि स्थल पर वाटर कूलर व हवादार पंखे लगवाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद तपा बाबा मंदिर के पुजारी स्वामी संतोषानंद गिरी, नारायन बाबा व भारत बाबा सेवादारों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। समापन पर प्रसाद भंडारा वितरण किया गया। बैठक में ज्ञान सक्सेना, डॉ. एसएस परिहार, भीमसेन सक्सेना, अखिलेश पोरवाल, सभासद विनोद यादव (कल्लू), दिनेश चंद्र शिवहरे, अनिल पोरवाल, तेज बहादुर वर्मा, सुनील अवस्थी, व्यापारी नेता नीरज पोरवाल, कपिल गुप्ता, हिमांशु दुबे, शिक्षक अनुराग गुप्ता, आदि आधा सैकड़ा सदस्य व श्रद्धालु मौजूद रहे।

तपा बाबा मंदिर पर सफाई करते संस्था के सदस्य। अमृत विचार

- अंत्येष्टि स्थल पर वाटर कूलर व पंखे लगवाने की योजना को दी गई गति

फिसलकर गिरा युवक, गई जान

बिधूना औरैया। बाथरूम में नहाते समय अचानक पैर फिसल कर गिरने से एक 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएसचसी बिधूना में भर्ती कराया जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया जहां उसकी मौत हो गई।

कस्बे के तिलक नगर निवासी महेंद्र शुक्ला उर्फ पुत्तन का छोटा पुत्र प्रतीक शुक्ला उर्फ सोनू लिटिल एंजेल स्कूल कीरतपुर में प्राइवेट शिक्षक के रूप में कार्य करता था। रविवार को प्रतीक शुक्ला बाथरूम में नहाने गया था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया जिससे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहोशी की हालत में उसे स्वजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में उसे कानपुर रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

सामूहिक विवाह : 131 जोड़ों ने लिए फेरे, चार का पढ़ाया निकाह

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में ककोर स्थित तिरंगा मैदान में 135 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे। इस मौके पर 131 जोड़ों को हिंदू-रीति रिवाज से तथा चार जोड़ों का निकाह पढ़ा गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इन जोड़ों ने अपने-अपने जीवनसाथी को चुनकर आगे सुखमय जीवन व्यतीत करने का रास्ता ढूंढा है। उन्होंने नव दांपत्य को वस्त्र आदि देते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शादी के दौरान 35 हजार रुपये, कन्या के बैंक खाते में जमा किया जाता है। 10 हजार रुपये की पायल, बिछिया, वस्त्र, बर्तन तथा रुपये 6000 अन्य व्यवस्थाओं पर व्यय किया जाता है।

इस मौके पर जिला विकास अधिकारी करुणापति मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम सहित खंड विकास अधिकारी व शादी के जोड़ों के अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शादी करते जोड़े। अमृत विचार

एक नजर

सपा ने बनवाया था आजमगढ़-मुरादाबाद एयरपोर्ट : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आजमगढ़ और मुरादाबाद का एयरपोर्ट नेताजी और समाजवादी पार्टी ने बनाया था, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को किया। सपा प्रमुख ने कहा कि डबल इंजन की सरकार एयरपोर्ट नहीं बना पा रही। रसूलाबाद में एक हवाई पट्टी बनाई थी, सरकार बनते ही उस पर हवाई जहाज उतार दिया। आज वहां पूरी हवाई पट्टी पर बबूल उग गया है। ये केवल दिखावा है। चुनाव आ गया है तो दिखाना है कि हमने कुछ काम किया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य हो सकते हैं इंडिया गठबंधन का हिस्सा

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी से हाल ही में निकलकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य से रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हो सकते हैं। सपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। सपा ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 17 सीटें देने की घोषणा की है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इंडिया गठबंधन में आने की स्थिति में सीटों के बंटवारें को लेकर पेंच फंस सकता है। सूत्रों का कहना है कि सपा द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य को एक भी सीट न दिए जाने की स्थिति में कांग्रेस अपने हिस्से की एक सीट दे सकती है।

पिछली सरकारों ने चीनी मिलों को औने-पौने दामों पर बेचा : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने औने-पौने दाम पर चीनी मिली बेच दिया। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने के साथ औद्योगिकरण, विश्वविद्यालय, कॉलेज, सड़कें-पुल आदि तमाम सौगात दी। गोरखपुर समेत शहरों को इज ऑफ लिविंग के लिए ऐसा स्मार्ट बनाने का निर्देश दिया कि दुनिया सीखे।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर नगर निगम की 482 करोड़ रुपये की 253 विकास परियोजनाओं, देवरिया को 679 करोड़ रुपये की 673 विकास परियोजनाओं और कुशीनगर में 2,134 करोड़ की 483 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार 50 साल की गारंटी वाली सड़कें बनवा रही है। गोरखपुर शहर की सुंदरता में रामगढ़ताल की चर्चा करते हुए कहा कि जो रामगढ़ताल 7 साल पहले गंदगी और अपराध का गढ़ था, जिसके समीप सर्किट हाउस में किसी वीआईपी को ठहराने से पहले पीएसी लगानी पड़ती थी, वह आज सेल्फी और शूटिंग का केंद्र बन गया है। कहा कि आज गोरखपुर के पास सबकुछ है। इसे संजोने और संवारने का काम नगर निगम का है।

देवरिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आम जनमानस 'फिर एक बार मोदी सरकार' का संकल्प ले चुकी है। अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री दया शंकर सिंह, मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ **इज ऑफ लिविंग के लिए शहरों को स्मार्ट बनाने की जरूरत: मुख्यमंत्री**

ये भी रहे उपस्थित

कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, ग्राम्य विकास की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, सांसद सांसद रविकिशन शुक्ला, सांसद विजय कुमार दुबे, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी, सांसद रविंद्र कुशवाहा, विधायक सादर डॉ शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक विवेकानंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

कुशीनगर में योगी ने कहा कि भारत आज किसी के सामने झुकता नहीं और न तो अपने लक्ष्य से हटता है। ये आपके वोट की ही ताकत है कि पांच सदी का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनकर तैयार हुआ। योगी ने सवाल भी पूछा कि क्या सपा, बसपा या कांग्रेस की सरकार होती तो राम मंदिर का निर्माण हो पाता। उन्होंने कहा कि आज देश की आवाज है, 'फिर एक बार मोदी सरकार।' अगर विकास और समृद्धि चाहिए तो इसके लिए लक्ष्मी जी की कृपा भी चाहिए और लक्ष्मी जी कमल पर बैठकर ही आती हैं।

उपेक्षित पिछड़ी जातियों को 2.57 लाख सीएम आवास

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सात साल में कुल 2.57 लाख आवासों का आवंटन किया। खास बात ये है कि बड़ी संख्या में उपेक्षित मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास दिए गए हैं।

दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है, जबकि कुष्ठ रोग, कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस/एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियो से ग्रसित लोगो को भी आवास उपलब्ध कराए गए हैं। शासन के मुताबिक मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार ने 2018-19 से 2023-24 तक मुसहर जाति से जुड़े लोगों को 47,795 आवास, कोल को 29,923, वनटांगिया को 4,838, थारू को 3,233, सहरिया को 6,979, चेरो को 5,367, बैगा को 1,584, नट को 2,220, बोक्सा को 164, और पछइया लोहार को 17 व गढ़इया लोहार को 11 आवास प्रदान किए गए हैं। वहीं, 71,257 आवास दिव्यागंजन को प्रदान किए गए हैं तो दैवीय आपदा से अपना मकान गंवाने वालों को भी 78,101 आवास प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा कुष्ठ रोग से पीड़ित 5,021, जेई/ एईएस को 674 और कालाजार पीड़ितों को 249 आवास आवंटित किए गए।

श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू होंगे नवोदित कलाकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **ललित कला अकादमी की ओर से अयोध्या में राष्ट्रीय चित्रकला शिविर आज से**

▸▸ **देश-प्रदेश के सुप्रसिद्ध 51 नामचीन चित्रकार लेगें हिस्सा तैयारी पूरी: निदेशक**

अमृत विचार: अयोध्या में श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद राज्य सरकार नवोदित कलाकारों को श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू कराएगी। रामोत्सव-2024 के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी की ओर से 11 से 16 मार्च तक राष्ट्रीय चित्रकला शिविर इसका माध्यम बनेगा। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार हिस्सा लेंगे।

यह जानकारी देते हुए राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि रामोत्सव 2024 के जरिए अयोध्या में देश-प्रदेश के कलाकारों को कला-संस्कृति, साहित्य का बड़ा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में कलाकृतियों के जरिए भी दिग्गज कलाकारों की शैली और तकनीक को जानने का अवसर भी छात्र छात्राओं को मिलेगा। राममय अयोध्या को कलाकार किस दृष्टि से देखते हैं, इस शिविर का आयोजन भी इसी उद्देश्य के साथ किया गया है। शिविर अवधि में वरिष्ठ कलाकारों द्वारा अपने कार्यों का स्लाइड शो व व्याख्यान भी दिया जाएगा। शिविर में स्थानीय स्तर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का सहयोग भी रहेगा।

बताया कि अयोध्या में देश के सभी प्रदेशों से आए सुप्रसिद्ध कलाकार भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन एवं उनसे संबंधित पात्रों को चित्र के माध्यम से जीवंत एवं मूर्त रूप में सृजित करेंगे। चित्रकला शिविर में नवोदित कलाकार एवं कला के विद्यार्थियों को चित्रकला की बारीकियों को देखने एवं सीखने का सुअवसर प्राप्त होगा। शिविर के तहत 51 वरिष्ठ कलाकार चित्रकला के जरिए युवाओं को श्रीराम का जीवन दर्शन बताएंगे। शिविर में प्रोफेसर एस प्रणाम सिंह, किशन सोनी, राजेंद्र प्रसाद, कन्नू पटेल, नवल किशोर सरीखे कलाकार हिस्सा लेंगे। शिविर अवधि में सभी प्रतिभागी कलाकारों द्वारा एक-एक कलाकृति का सृजन किया जाएगा। साथ ही कम से कम एक-एक स्केच भी चित्रित किया जाएगा। शिविर अवधि में सृजित चित्र और स्केच अकादमी के होंगे। इन्हें शिविर के पश्चात प्रदर्शित भी किया जाएगा।

ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करते चार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला दिया जाता है डिवाइस**

अमृत विचार: आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट की रविवार को आयोजित परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने वाले चार अभ्यर्थियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यह चारो आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट (लखनऊ) से पकड़े गए हैं। इनमें कन्नौज का अमित कुमार, आगरा का जयप्रकाश, जोधपुर राजस्थान का विकास बिश्नोई तथा पलवल जिले का अभिषेक हैं।

एसटीएफ के मुताबिक आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा सेना के अधिकारियों को इस बात से अगवत कराते हुए आर्मी इन्टेलीजेन्स लखनऊ टीम के साथ मिलकर आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट पहुंच गई। जांच के दौरान 4 अभ्यर्थियों को ब्लूटुथ डिवाइस के माध्यम से नकल करते हुए पकड़ लिया गया।

अभ्यर्थियों ने पूछताछ पर बताया कि वह आर्मी की परीक्षाओं की तैयारी करते थे। इस दौरान कुछ अन्य छात्रों ने बताया कि एके सिंह (आगरा) और कुनाल (दिल्ली) द्वारा 25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला डिवाइस दिया जाता है। सम्बन्धित परीक्षा में उसी डिवाइस के माध्यम से प्रश्न पत्र हल कराने के बदले 5-5 लाख रूपये लिया जाता है।

एसटीएफ ने 20 हजार के इनामी तस्कर को किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने रविवार को अन्तर्राज्यीय गो-तस्कर को आजमगढ़ से गिरफ्तार किया है। अबुल कैश उर्फ कैश मोहम्मद नाम के इस तस्कर की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इसके खिलाफ आजमगढ़ में 14 मुकदमें दर्ज हैं। आजमगढ़ एवं आस-पास के जनपदों से बिहार में गोवंश की तस्करी करने वाले गिरोहों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ टीम को उसके गंभीरपुर क्षेत्र में होने की सूचना मिली। उसके टीम ने सक्रियता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। अबुल कैश ने बताया कि लगभग तीन माह पूर्व एक पिकप गाड़ी में क्रुरता पूर्वक गो-वंशीय पशुओं को लोड होने का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में उसके और उसके साथी पप्पू यादव के खिलाफ गम्भीरपुर में मुकदमा दर्ज हुआ था। पिछले साल 8 दिसम्बर को गो-तस्करी के दौरान अपने सहयोगी पप्पू यादव के साथ मिलकर पुलिस टीम पर फायर करके भाग गया था। उस दौरान स्थानीय पुलिस ने एक मुठभेड़ में पप्पू यादव गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन अबुल कैश फरार हो गया था।

सहारनपुर के विस्तार की कार्ययोजना बनाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **दिल्ली व अंबाला रोड को व्यावसायिक पोटेंशियल के दृष्टिगत बाजार मार्ग किया घोषित**

अमृत विचार: राज्य सरकार ने देवभूमि का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले सहारनपुर का महायोजना के तहत विस्तार करने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया है। इसमें सहारनपुर में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास को सुनियोजित ढंग से अमलीजामा पहनाया जाएगा।

विस्तार वर्ष 2031 तक अनुमानित सहारनपुर नगर क्षेत्र की कुल जनसंख्या 11.77 लाख और योजना क्षेत्र की कुल अनुमानित जनसंख्या 13.73 लाख के अनुसार करने की योजना है। महायोजना के तहत निर्माणाधीन चुंहेटी देवला बाईपास के दोनों ओर 500 मीटर तक भू उपयोग, मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के निर्माण के दृष्टिगत जनता रोड पर मुख्यतः आवासीय भू उपयोग, देहरादून मार्ग पर औद्योगिक विकास के लिए उद्योग भू उपयोग और उद्योग शहर के बाहरी क्षेत्रों में स्थापित होने के अनुकूल भू उपयोग की योजना है। वहीं, दिल्ली रोड एवं अंबाला रोड को व्यावसायिक पोटेंशियल के दृष्टिगत बाजार मार्ग घोषित किया गया है जबकि व्यावसायिक एवं सामुदायिक भू उपयोग को मुख्य मार्गों से संबद्ध किया गया है। इसके अलावा महायोजना में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए भूमि चिन्हिकरण, लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब, वृहद सब सिटी सेंटर, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं शैक्षणिक सुविधाओं के लिए स्थान समेत अन्य सुविधाएं शामिल है। इसके साथ ही इकोनॉमिक डेवलपमेंट पर कार्य योजना बनाई जा रही है।

भाजपा व लोकदल के समर्थकों ने कांग्रेस की सदस्यता की ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हरदोई से भाजपा नेता पूर्व विधायक ओमेन्द्र वर्मा के साथ आये उनके समर्थकों ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में जनपद बहराइच के राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष डॉ. अजीमुल्ला खान के साथ आये लोगों ने भी कांग्रेस का दामन थामा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, डॉ. सीपी राय, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, अंशू अवस्थी, सचिन रावत, विक्रम पांडेय मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रामनाथ वर्मा, साजिद हुसैन मंसूरी, शिवराज वर्मा, हरी सिंह, सईद अहमद, आरिफ बेग, अब्दुल अजीज, सगीर अहमद, समीर खान, आरए सिद्दीकी, अलिफ सिद्दीकी, मो. जैद, मो. आसिफ पूर्व बीडीसी सदस्यों के साथ सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

वर्ग पहेली-6

बाएं से दाएं

2. (संगीत) मध्य रात्रि में गाई जाने वाली षाड़व जाति की एक रागिनी।
3. 1. रोब, डींग, झूठी शान, अकड़ 2. घमंड, अभिमान।
4. 1. तंत्र-मंत्र या जादुई तरकीबों द्वारा किया जाने वाला कोई काम, जादू करने की कला 2. (अंधविश्वास) टोटका, झाड़-फूंक।
6. 1. देहरहित 2. आकृतिविहीन।
7. 1. तेज़ होने का भाव, गतिशीलता 2. उग्रता, प्रबलता, तीव्रता 3. प्रखरता, तीक्ष्णता, पैनापन 4. शीघ्रता, जल्दी 5. दक्षता, होशियारी 6. अधिक चंचलता या चपलता 7. चलन से अधिक भाव हो जाना, महंगाई, 'मंदी' का विलोम 8. उत्साह; जोश।
8. 1. काजल रखने का डंडीदार लोहे का पात्र 2. गोदने की स्याही रखने का पात्र।

ऊपर से नीचे

1. 1. अनंत 2. पूरा, समूचा, मुकम्मल 3. अपार 4. असंख्य।
2. हर हाल में।
5. 1. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखा जाना, (एनरोलमेंट) 2. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखने के लिए शुल्क के रूप में लिया जाने वाला धन।
6. 1. आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था।



वर्ग पहेली -5 का हल

1 बु	2 स	ना	■	■	3 फ़
■	ह	■	4 सू	बे	दा	री
■	जा	■	बे	■	■	द
■	ति	■	दा	■	5 हि	■
6 इ	क	रा	र	ना	मा	■
षु	■	■	■	■	ल	■
■	■	7 अ	वि	धे	य	■

सुडोकू -85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5		3		4			6
		8		6			3	
			2		1		9	
7		3		9		5		
	9							
		6		2		9		8
	4		5		8			
	7			3		2		
9			7		2		8	

सुडोकू -84 का हल

3	9	1	7	4	5	6	2	8
6	8	4	2	3	1	9	5	7
2	5	7	8	6	9	4	3	1
1	7	3	6	8	2	5	4	9
8	4	5	3	9	7	2	1	6
9	2	6	1	5	4	8	7	3
5	3	9	4	7	6	1	8	2
4	1	8	9	2	3	7	6	5
7	6	2	5	1	8	3	9	4

पांच राज्यों तक जुड़ा पेपर लीक कनेक्शन अब फिर पूर्वांचल में आकर ठहरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **हर गिरफ्तारी पर आए नए कनेक्शन ने एसटीएफ को उलझाया**

अमृत विचार : सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में एसटीएफ की जांच में अभी तक उप्र के अलावा पांच राज्यों तक जुड़ रहा कनेक्शन अब पूर्वांचल पर आकर ठहर गया है।

एसटीएफ की जांच में सामने आयी नई सूचना में पता चला कि कुछ लोग परीक्षा शुरू होने से पहले ही पेपर में आए सवालों की तैयारी करा रहे थे। इससे इस बात की आशंका गहरी हो गई है, पेपर कुछ दिन पहले ही लीक हो गया था। इस दिशा में वाराणसी और जौनपुर पर निगाह टिक गई है। एसटीएफ ने उन जिलों में अपनी सक्रियता तेज कर दी है।

दरअसल, पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ और जिले की पुलिस ने साढ़े तीन सौ अधिक गिरफ्तारी कर चुकी है, लेकिन अभी तक मास्टर माइंड पकड़ से दूर है। एसटीएफ सूत्रों का कहना है कि हर गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में नया एंगल सामने आ जा रहा है। कभी प्रिंटिंग प्रेस से पेपर लीक होने का अंदेशा सामने आया। इन सबके चलते उप्र के अलावा कभी बिहार तो कभी पश्चिम बंगाल तो कभी हरियाणा और मध्य प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का कनेक्शन सामने आया। इस दौरान कई गिरोहों के पकड़ में आने से तफ्तीश उलझती ही जा रही है, जिससे एसटीएफ अभी तक किसी नतीजे पर नही पहुंच पा रही है। इधर, हाल ही एसटीएफ की जांच में फिर कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिससे एक बार फिर उप्र में मास्टर माइंड के होने का अंदेशा हो चला है। इस क्रम में पूर्वांचल वाराणसी ओर जौनपुर में पेपर लीक की जड़ें तलाशी जा रही हैं।

वेतनवृद्धि के लिए उप मुख्यमंत्री से मिले आउटसोर्स संघ के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत हैं 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारी**

अमृत विचार : सरकारी चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत करीब 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर आउटसोर्स संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की।

संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बताया कि वेतन बढ़ोतरी की पत्रावली शासन स्तर पर कई माह से लंबित है। पीजीआई, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, केजीएमयू, कैंसर संस्थान में करीब 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारी अलग-अलग पदों पर तैनात हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रितेश मल्ल और महामंत्री सच्चितानंद मिश्रा ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि आने वाले समय में आचार संहिता लग जाने से वेतन बढ़ोतरी का मामला रुक जाएगा। इसलिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव से वार्ता कर वेतन बढ़ोतरी के संदर्भ में उचित निर्देश जारी करवा दें। इस पर उप मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 10.44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 23.02 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज आर्थिक स्थिति बेहतर होने की संभावना है। यदि आपके बच्चे कॉलेज में पढ़ रहे हैं तो उनको लेकर तनाव हो सकता है। घर के सभी सदस्यों के साथ इसको लेकर चर्चा होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

वृष — आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। सावधानी के साथ धन का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है अन्यथा बड़ा नुकसान होने की प्रबल संभावना है। यदि पैसों को कहीं निवेश किया हुआ है तो वहां से नुकसान झेलना पड़ेगा।

मिथुन — आज दोस्तों से आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। पूरा दिन जोश से भरा हुआ होगा तथा जो काम कुछ दिनों से करने का सोच रहे थे वह कर देंगे। ऑफिस में कनिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

कर्क — आज किसी के साथ अनबन होने की संभावना है। ऐसे में पहले से ही किसी प्रकार के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। जीनवसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।

सिंह — आज कुछ बातें अपने दोस्तों के साथ साझा करना चाहेंगे। इसके लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है अन्यथा बातों को सही तरीके से समझा नहीं पाएंगे। पुराना डूबा हुआ धन मिलने की प्रबल संभावना है।

कन्या — आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पराक्रम में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर में सुख-शांति से रहेगी। अविवाहितों का विवाह तय हो सकता है।

तुला — आज व्यवहार में चिड़चिड़ापन देखने को मिलेगा। किसी के साथ कहासुनी भी हो सकती है। ऐसे में यदि आपने गुस्से को नियंत्रण में नहीं रखा तो बात बढ़ भी सकती है। धैर्य का परिचय देंगे तो बेहतर रहेगा।

वृश्चिक — आज आप अपने घर में परिवर्तन संबंधी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं या फिर कोई नया घर लेने का विचार भी किया जा सकता है। इसको लेकर सभी के बीच गहन चर्चा भी संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु — आज भाग्य आपके साथ हैं। बिगड़े हुए काम भी आसानी से बन जाएंगे। पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी मिल जाएगा। पुरानी स्मृतियों को सोच मन कुछ व्यथित हो सकता है। एलर्जी की समस्या हो सकती है।

मकर — आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। कुछ बातों को लेकर खुशी मिलेगी तो कुछ में असफलता भी हाथ लग सकती है। ऐसे में बुद्धिमता से काम लेंगे तो बेहतर रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों को आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

कुंभ — आज कई ऐसे अवसर आएंगे जब आपको स्वयं को परखने की आवश्यकता पड़ेगी। इससे मन खट्टा तो होगा, लेकिन मनोबल में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर के लोगों का पूरा साथ मिलेगा। संबंधों में नई ताजगी महसूस करेंगे।

मीन — आज मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे तथा काम में मन नहीं लगा पाएंगे। आपको लेकर घर वाले परेशान रह सकते हैं। किसी बात को लेकर ठोस निर्णय ले सकते हैं। भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मजाल — सुबह : 10.49
आज का रावण — रात : 07.10

SONY PIX
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — सुबह : 11.16
सिसु — रात : 07.40

SONY SMAX
1942 : ए लव स्टोरी — सुबह : 10.17
रॉकी हैंडसम — रात : 10.07

ZEE CINEMA
सत्याग्रह — सुबह : 10.30
लॉस्ट — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
सनम बेवफा — सुबह : 11.50
अग्निपथ — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात 10.07 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

एक नजर

एक्सईएन ने निरीक्षण कर जांची सड़क की गुणवत्ता

बसरेहर, इटावा। बसरेहर से राहिन पुल मार्ग पर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग 698.79 लाख रुपये की लागत से 14.45 किमी सड़क बना रहा है। यह लिंक रोड इटावा-बरेली हाईवे से जुड़ेगा। कस्बा बसरेहर में राहिन लिंक मार्ग पर कार्यदायी संस्था लगभग 200 मीटर सीसी रोड एवं नाले का निर्माण करवा रही है। लगभग साढ़े पांच मीटर चौड़ी सीसी रोड का निर्माण हो रहा है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन संजीव कुमार वर्मा, एई रोहित कुमार, अवर अभियंता ऋषि प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर काम की गुणवत्ता की जांच की। एक्सईएन संजीव कुमार ने बताया कि निर्माणाधीन रोड की गुणवत्ता का निरीक्षण किया है। रोड को पांच साल के लिए ठेकेदार की गारंटी में रखा गया है।

मंदिर के शीशे तोड़ने और धमकाने में केस दर्ज

इटावा। शनिवार को कोतवाली सदर क्षेत्र में एसडी फील्ड में भगवान पार्श्वनाथ जैन मंदिर में वेदी के शीशे तोड़कर वहां पूजा अर्चना कर रही महिलाओं को गाली गलौज करते हुए धमकाने की घटना हुई थी। मामले में मंदिर समिति के अध्यक्ष सुबोध जैन तथा कोषाध्यक्ष दिलीप जैन ने सीसीटीवी कैमरों से सारी घटना देखने के बाद कोतवाली सदर में धर्मप्रकाश जैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने छानबीन कर रही है।

जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षक आज बीएसए को देंगे ज्ञापन

इटावा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्याओं की शासन एवं विभाग के स्तर से हो लगातार हो रही अनदेखी पर आक्रोश व्यक्त किया है। कहा कि ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन के बाद भी शिक्षक समस्याओं के समाधान में गंभीरता नही दिखाई जा रही। वर्तमान में टैबलेट से अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। दबाव और कार्रवाई की धमकी के विरोध में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल)शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के सभी बीएसए के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया है। 11 मार्च को दोपहर तीन बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन दिया जाएगा। संघ के जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी, मंत्री अहसान अहमद, कोषाध्यक्ष मंजू यादव सहित सभी पदाधिकारियों ने सोमवार को तीन बजे बीएसए कार्यालय पहुंचने का आह्वान किया है।

8.28 करोड़ की लागत से बनीं दो सड़कें जनता को समर्पित

याकूबपुर- डभारी और शाला- बराहार मार्ग का उद्घाटन

संवाददाता, बेला, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 8 करोड़ 28 लाख की लागत से बनी दो सड़कों का लोकार्पण सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रिया शाक्य ने किया। विकास खंड क्षेत्र बिधूना के याकूबपुर से डभारी को जोड़ने वाली 6.540 किलोमीटर सड़क व शाला से बराहार को जोड़ने वाली 5.500 किलोमीटर लंबी सड़क का लोकार्पण कन्नौज लोकसभा सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य ने किया।

प्रधानमंत्री सड़क के लोकार्पण के दौरान मौजूद कन्नौज सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार तेजी से विकास कार्य करा रही है। कहा कि बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर वासुदेव प्रजापति जिला पंचायत सदस्य, विपुल त्रिपाठी सेक्टर सयोजक भाजपा, कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता, अनिल चौहान सोशल मीडिया सहसंयोजक भाजपा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग दिलीप कुमार, अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग दीक्षा पांडे, राजा ठाकुर, विजय राजपूत क्षेत्र पंचायत सदस्य, सुनील गुप्ता डीलर, विनोद कुमार डीलर, गोविंद गुप्ता, कप्तान कुशवाहा, कमल राजपूत, चांद मोहम्मद, ज्ञान सिंह राजपूत आसाराम चक्रवती आदि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में दोबारा सुब्रत पाठक की जीत से तीसरी बार मोदी सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा।

भाविप ने 21 कन्याओं के हाथ पीले कराए

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने नवविवाहितों को दिया आशीर्वाद

अमृत विचार। भारत विकास परिषद संस्कार ने 21 कन्याओं के हाथ पीले कराये। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव अंकुर ने इस सामूहिक विवाह समारोह में भाग लेकर सभी 21 नव दंपतियों को सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। रेलमण्डी के राम सीता मंदिर से लगभग 11 बजे शुरू होकर लधुपुरा, नदी का पुल, छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा होती हुई दूल्हों की बारात घोड़ियों व बग्गियों पर सवार होकर बैंड बाजे के साथ नगर की सड़कों पर निकली और समारोह स्थल पर पहुंची।

समारोह में आरती संग शिवकुमार, रिंकी संग देव, अंजली संग देव, फूल माला संग मुकेश, नेहा संग दीपक, प्रीति संग सुमित कुमार, मिथलेश संग अंकुश, देवकी संग मनमोहन, दिव्या संग संदीप, अनामिका संग हरिओम, प्रियंका संग अनमोल, सुनीत संग ऋषि, मोहिनी संग हरिओम, अंजली संग पंकज, हेमलता संग श्रवण कुमार, अनुष्का संग अंकुश, अनामिका संग प्रमोद, रोशनी संग कुलदीप, ज्योति संग दीपक, बबली संग मनोज, शालिनी संग अंकित शादी के बंधन में बंधे।

मुख्य अतिथि आदित्य अंकुर यादव की मौजूदगी में एक-एक कर दूल्हा दुल्हन ने वरमाला पहनाई। इस सामूहिक विवाह के गवाह बने हजारों लोगों ने तालियां बजाकर और आशीर्वाद देकर इन नव दंपतियों को बधाई दी। आदित्य यादव अंकुर ने कहा कि हमारे जसवंतनगर की यह संस्था बहुत बड़ा समाज सेवा का काम कर रही है, ऐसे सेवा कार्य समाज को जोड़ने और गरीब वर्गों को राहत देने का काम करते हैं। भाविप संस्कार शाखा के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के अलावा सभी पदाधिकारी के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख व विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव, राहुल गुप्ता, विश्वनाथ प्रताप सिंह, विनोद यादव, गोपाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

नवनिर्मित बिल्डिंग का निरीक्षण करते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

आंगनबाड़ी केंद्र की नवनिर्मित बिल्डिंग जर्जर

कुदरकोट, औरैया। कुदरकोट में प्राइमरी स्कूल के बगल में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए नवनिर्मित बिल्डिंग अभी ही जर्जर हो गई। गांव के प्रधान एवं सचिव उस बिल्डिंग को देखने पहुंचे। वहां पर मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुगरा बानो एवं रत्ना कुमारी आंगनबाड़ी शोभा मिश्रा, सहायिका किरन वर्मा और प्राइमरी विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वनाथ सिंह मौजूद रहे। सचिव और प्रधान के द्वारा आंगनबाड़ी की जर्जर बिल्डिंग को देखा गया। जगह-जगह टूटी हुई दीवारें चटकी तथा छत में पड़ा बीम भी चटका मिला। बिल्डिंग के पीछे ग्रामीणों ने अवैध कब्जा भी कर रखा है। सभी इस बात पर एकमत हुए कि सबसे पहले इस बिल्डिंग के लिए जो रुपया पास किया गया उसकी रिकवरी कराई जाए। इसमें आंगनबाड़ी के बच्चे न बैठें। यहां पर कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इसको देखते हुए उन्होंने मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आप एक प्रार्थना पत्र फोटो लगाकर दीजिए। जिससे आपकी बिल्डिंग का कायाकल्प करने के लिए शासन से पैसा मंजूर कराया जाए। प्रधान संजय बाथम ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र को मजबूती से बनवाए जाने का प्रयास करेंगे।

उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित होने वाली महिलाओं के साथ नीलम राय।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

इटावा। ग्लोबल पीस फाउंडेशन के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की पत्नी नीलम राय ने कहा कि महिला सदियों से समाज में भेदभाव से प्रताड़ित रही है। अधिकारहीन रहते हुए अपने विकास के लिए छटपटाती रही है। आज नारी अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक है। ग्लोबल पीस फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि फाउंडेशन हमेशा से महिलाओं को जागरूक करने व उनको स्वरोजगार से जोड़कर समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने हेतु कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं नमिता तिवारी, सुनीता मिश्रा, डॉ. रजनी रावत, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. अर्चना सिन्हा, डाइटिशियन पल्लवी दुबे, अनीता देवी, विनीता देवी, सीमा यादव, मंजू यादव, मालती देवी, चंचल दुबे, राजश्री वर्मा को नीलम राय एवं विशिष्ट अतिथि पदमा त्रिपाठी, मनीषा शुक्ला, बिरला शाक्य एवं स्मिता यादव ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मांडवी पंकज मिश्रा ने किया। महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रभा गावा, नेहा दुबे, सोनी कठेरिया, प्रमिला, कामना, गरिमा दुबे आदि का विशेष सहयोग रहा।

मुस्तकीम राईन को नियुक्ति पत्र सौंपते शमशाद आलम।

जमीअत-उर-राईन के जिलाध्यक्ष बने मुस्तकीम राईन

इटावा। जमीअत-उर-राईन की ओर से शहर के चौखर कुआं स्थित एक होटल में सभा आयोजित की गई। इसमें नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जमीअत-उर-राईन के प्रदेश अध्यक्ष मु. वसीम राईन व ऑल इण्डिया जमीअत-उर-राईन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमशाद आलम राईन ने मुहम्मद मुस्तकीम राईन को जमीअत का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। सभा में अध्यक्ष शमशाद आलम ने राईन समाज की शादियों में फिजूल खर्ची पर रोक लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा की बहुत कमी है। शिक्षा सभी के लिए जरूरी है हर घर में बच्चों को तालीम दी जाना आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि हिन्दुस्तान में विरादरी की संख्या सबसे ज्यादा है। चन्दा देने में सबसे आगे समाज रहता है फिर भी हम पिछड़े हुए है। इस मौके पर जैनुल आबदीन को सदस्य एवं रईसुद्दीन राईन को जिला प्रभारी बनाया गया। जाकिर हुसैन राईन चौधरी इदरीश राईन, हाजी बाबू भाई, निजाम राईन, हाजी जमा याकूब राईन आढ़ती, हाजी बन्ने राईन, नदीम राईन, साबिर राईन, सलीम राईन, तौहीद राईन आदि मौजूद रहे।

दो वारंटी गिरफ्तार

औरैया। सहायल थाना में तैनात उप निरीक्षक विकास त्रिपाठी ने चेकिंग के दौरान वारंटी आरोपी विमल कुमार पुत्र राजेश बाबू निवासी ग्राम बमुरीपुर व सुरेन्द्र पाण्डेय पुत्र रामनाथ पाण्डेय निवासी सहायल को गिरफ्तार किया है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम डुढहा में एक 46 वर्षीय व्यक्ति ने गृह कलेश के चलते फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि कि व्यक्ति सट्टा खेलने का आदी था। जिसके चलते घर में आए दिन लड़ाई होती रहती थी।

गांव निवासी स्वदेश कुमार जाटव रविवार की सुबह साढे सात बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह हाईवे पर मुर्गी फार्म पर जा रहा है। उसका शव पास के ही प्लॉट के टिन शेड में लगी रस्सी से लटका मिला। मौके पर प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे मय फोर्स के पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक सट्टा खेलने का आदी था। आए दिन घर में झगड़ा होता था। इसी के चलते उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

परेड में जवानों ने दिखाए करतब

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। पाता स्थित गेल संयंत्र को सुरक्षा प्रदान कर रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई द्वारा रविवार को दिबियापुर में बल का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गेल सीआईएसएफ कैंप में सीआईएसएफ जवानों द्वारा एक शानदार परेड का प्रदर्शन किया गया। कार्यकम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किया। इस दौरान दिबियापुर स्थित सीआईएसएफ कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में अजय त्रिपाठी कार्यकारी निदेशक गेल पाता ने समारोह में भाग लिया।

मुख्य अतिथि ने परेड एवं आयोजित कार्यकमों की भी प्रशंसा की और कहा कि जब सीआईएसएफ की स्थापना हुई थी तो यह कल्पना की गई थी कि भारत के औद्योगिक विकास और उत्पादन की यात्रा के लिए ऐसे बल की आवश्यकता होगी जो आर्थिक बुनियादी ढांचे को सुरक्षित कर सके।

सीआईएसएफ के जवानों को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

- केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने मनाया 55वां स्थापना दिवस

सीआईएसएफ ने उस दृष्टि को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि सीआईएसएफ ने अपने कौशल के साथ खुद के लिए भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ी है। गेल पाता की सुरक्षा में मुखिया के तौर पर तैनात इकाई प्रभारी अमित कुमार शर्मा उप कमांडेंट ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि सीआईएसएफ का धेय सुरक्षा एवं संरक्षण है, जिसमें हम सभी हमेशा अग्रणी रहेंगे। इकाई प्रभारी ने केंद्रीय पुलिस बलों के उन वीर सूपतों को याद और नमन किया जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। कहा कि यह बल अपने ऐसे प्रत्येक शहीद का हमेशा ऋणी रहेगा।

बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

बकेवर, इटावा। बकेवर थाना में कोर्ट के आदेश पर बाइक चालक के खिलाफ एक महिला व किशोरी को टक्कर मार कर घायल करने का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम मेंहदीपुर निवासी महावीर पुत्र उमाशंकर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 26 दिसंबर 2023 को उनकी पुत्री रचना पड़ोसी महिला ममता पत्नी रामाधार के साथ घर से महेवा जा रही थी। बहेड़ा निवासी मोनू पुत्र जिलेदार ने अपनी मोटरसाइकिल से तेजी व लापरवाही से चलाते हुए दोनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों घायल हो गईं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। उसने थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराना चाहा लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नही किया। बाद में उसने कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर उसका मामला दर्ज हुआ है।

मनरेगा मजदूरों से मारपीट का आरोप, पुलिस से शिकायत

संवाददाता सैफई, इटावा

- ग्राम पंचायत जाफरपुर के मजरा नंदपुर का मामला

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जाफरपुर के मजरा नंदपुर में रविवार सुबह मनरेगा मजदूरों को चक रोड पर काम करते समय नामजद लोगों ने जाति सूचक गालियां देकर मारपीट की। पीड़ित मजदूरों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत जाफरपुर निवासी रामवीर सिंह पुत्र रामनाथ कठेरिया ने मनरेगा मजदूरों के साथ थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया की ग्राम पंचायत के मजरा नन्दपुर में चक रोड का कार्य चल रहा था। जिसमें वह मजदूरी कर रहा था। इस दौरान गांव के चार लोग आए और मजदूरों के साथ जाति सूचक गालियां देकर काम बंद कराकर मारपीट की और फावड़ा छीन लिया तथा जान से मारने की धमकी दी। ग्राम पंचायत जाफरपुर के वर्तमान प्रधान दलवीर सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के मजरा नन्दपुर में मनरेगा योजना के अंतर्गत चक रोड पर मिट्टी का कार्य कराया जा रहा था। मजदूरों के साथ मारपीट की है। और कार्य करने के लिए रोक दिया है। इन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। थाना प्रभारी बलराम मिश्रा ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

डंपर ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर चालक घायल

जसवंतनगर, इटावा। कस्बा के कचौरा मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। घटना में टैक्टर चालक घायल हो गया और ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया।

शनिवार की रात करीब आठ बजे ग्राम सिरहौल निवासी रामदास एक कोल्ड स्टोर से आलू रखकर ट्रैक्टर लेकर घर वापस आ रहे थे। वह कचौरा मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के पास पहुंचे तभी एक डंपर ने टैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टैक्टर चालक रामदास घायल हो गए और टैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

शांति और सद्भावना के साथ मनाएं माहे रमजान: मौलाना

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- पेश इमामों ने रमजान माह को शांति के साथ मनाने की आमजन से की अपील

अमृत विचार। शाबान महीने के अंतिम जुमे व माहे रमजान का स्वागत करते हुए नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा के पेश इमाम मौलाना इफ़्तेख़ार हुसैन रिजवी व हजरत मखदूम शाह मस्जिद के पेश इमाम मौलाना हशमत उल्ला ने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना आ रहा है। इसमें मुसलमान रोज़ा रखने के साथ अनेक अच्छे कार्य को अंजाम देता है। इस माह में एक नेकी के बदले हजार नेकियां लिखी जाती हैं, इसलिए हर मुसलमान भूखों को खाना खिलाता है और राहे खुदा में खर्च करता है। रोज़ा रखना इस बात का एहसास दिलाता है कि जिनके पास खाने को कुछ नहीं है उनका एहसास कैसा होता है। कहा कि रमजान पर अपनी जुबान, आंख व कान पर अनुशासन बनाये रखें और अनुशानहीनता न करें।

रमजान माह का स्वागत करते हुए पेश इमामों ने कहा कि रोज़ा सिर्फ भूख और प्यास को नहीं कहते हैं बल्कि पूरे शरीर का रोज़ा होता है। यानी आंख से, ज़ुबान से, हाथ से व कान से भी कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे अल्लाह नाराज़ हो। यह वो महीना है। जिसमें पूरी दुनिया के मुसलमान पाक-साफ होकर मस्जिदों में अल्लाह की इबादत करते हैं। जिससे पूरा माहौल मज़हबी और धार्मिक बन जाता है। पूरी दुनिया में हर तरफ इबादत, शांति, सद्भावना और पाक मन से रोजा रखने में लोग खुद को मजहबी बना लेते हैं।

मैं आपसे यह आग्रह करता हूं कि सिर्फ रमजान ही नहीं, बल्कि साल के और भी 11 महीने हम खुद को इसी तरह से मजहबी बुनियादों पर खड़ा रखें तो कितना अच्छा होगा। हमें चाहिए कि हम सब रमजान की तरह हमेशा खुद की इबादत में अपने सिर को झुकाए रखें।

दी जानकारी उत्तर-प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में कार्यशाला का आयोजन

फार्मा क्षेत्र में नए उद्यमियों के लिए बेहतर संभावनाएं

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। उत्तर-प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के फैकेल्टी ऑफ फार्मेसी एवं सोसाइटी ऑफ फर्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के सहयोग से एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय रोड मैप टू आन्ट्रप्रनर्शिप रहा।

कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया। कुलपति एवं सिमेन लेबोरेटरी गुरुग्राम के प्रोपराइटर आदित्य बंसल के मध्य एक आन्ट्रप्रनर्शिप पर एमओयू भी साइन किया गया। डीन फार फार्मेसी, एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ डॉ. देवेन्द्र पाठक तथा दंत चिकित्सा विभाग, यूपीयूएमएस के डॉ. राहुल मिश्रा उपस्थित रहे।

कार्यशाला में भाग लेते कुलपित डॉ. प्रभात कुमार सिंह एवं अन्य। अमृत विचार

कार्यशाला में डायरेक्टर, ई-स्पीन नैनोटेक प्राइवेट लि. कानपुर डॉ. संदीप पाटिल, स्पेयर मार्केट रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, नोएड़ा डॉ. उपेन्द्र नागैच, सीनियर आर एंडडी साइंटिस्ट हायलो टेक, न्यू जर्सी यूएस डॉ. अंकुर शर्मा एवं डायरेक्टर एलमास बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, भरथना प्रदीप पोरवाल ने संबोधन करने के साथ अपने आन्ट्रप्रनर्शिप अनुभवों को भी साझा किया।

मुख्य अतिथि डॉ. संदीप पाटिल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिसके पास नये उद्यम को शुरू करने की इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प है, एक उद्यमी या आन्ट्रप्रनर्शिप हो सकता है। बशर्ते उसके अंदर सम्बन्धित उद्यम के साथ आने वाले सभी जोखिमों से निपटने का संकल्प हो। उन्होंने कहा कि आज से एक दशक पूर्व नएउद्यमियों के लिए इतनी सम्भावनाएं नहीं थीं। उन्होंने कहा कि फार्मा में नये उद्यमियों के लिए बेहतर सम्भावनाएं उपलब्ध हैं।

- ई-स्पीन नैनोटेक प्राइवेट लि. कानपुर के निदेशक ने कार्यशाला को किया संबोधित

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि जोखिम लेने की क्षमता, इनोवेशन, दूरदर्शी एवं नेतृत्व लेने की क्षमता तथा अपने उत्पाद के बारे में बारीकी से जानने वाला एक सफल उद्यमी हो सकता है। संकायाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन फार्मेसी डॉ. कमला पाठक ने कहा कि एक नया उद्यमी या आन्ट्रप्रनर्शिप नये रोजगार का सृजन करता है, जिसका समाज एवं सामुदायिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर डॉ. रमाकान्त यादव, कुलसचिव डॉ. चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी सिंह, आग्रनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार, डॉ. अंकुर वैद्य आदि उपस्थित रहे।

शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भरथना, इटावा। थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर सेंगर नदी पुल के पास से एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से चोरी का सामान व नकदी बरामद हुई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

एसएसपी ने बताया कि क्षेत्र के गांव कुअरा निवासी अशोक बाबू व श्यामवीर के घर से आठ मार्च की रात को चोरी हो गई थी। इसकी जानकारी उन्होंन पुलिस को दी थी। चोरी की घटना के बाद से पुलिस चोरो की तलाश में जुटीथी। रविवार को प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक शातिर चोर सेंगर नदी पुल के पास मौजूद है उसके पास चोरी का सामान भी है। सूचना पर उन्होंने अपनी टीम के साथ छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन पुत्र राकेश निवासी कुंअरा बताया। उसके पास से पुलिस ने एलईडी, छह मोबाइल एक आधार कार्ड के अलावा 62 सौ रूपये की नकदी बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने अशोक बाबू के घर से 16 हजार रुपये तीन मोबाइल एवं श्यामवीर के घर से एलईडी टीवी को चोरी किया था। तीन अन्य मोबाइल उसने कस्बा भरथना तथा इटावा शहर से चोरी किए हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत बाचीपुर, वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर

पत्रांक /पं0 रा0वि0आ0/पन्द्रह वॉ वि0/मनरेगा /निविदा 2023-24 दिनांक 11/03/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बाचीपुर विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोग एव पन्द्रहवॉ वित्त आयोग व मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 14/03/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 14/03/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/03/2024 से दिनांक 13/03/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत लाख रू0 में	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	इन्सपेक्टर के घर से तालाब तक नाली व पुलिया निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	3.99	00	15 दिन
2	शिवली सकरवॉ मार्ग से राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	इन्क्लूड बिल के अनुसार	4.96	00	15 दिन
3	जगलेश्वर धाम से रामदरबार के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	4.50	00	15 दिन
4	लडडूनाथ के घर से अंगानाथ के घर तक नाली निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	3.40	00	15 दिन

नियम व शर्ते :-
1-उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक-एक ही कार्य कराये जायेगें।
2-निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 13/03/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।
3- निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4- दिनांक 14/03/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।
5- निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
6- बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- बाचीपुर
शिवराजपुर कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- बाचीपुर
शिवराजपुर कानपुर नगर

एक नजर

गो फर्स्ट समाधान पेशेवर को कारण बताओ नोटिस जारी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय संकट से जूझ रही 'गो फर्स्ट' विमानन कंपनी के समाधान पेशेवर (आरपी) को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि पट्टेदारों (किराए पर विमान मुहैया कराने वालों) के विमानों के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति देने संबंधी न्यायिक आदेशों की प्रथम दृष्टया जानबूझकर अवहेलना करने के लिए उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत के आदेशों को लागू करने की मांग करने वाले पट्टेदार द्वारा अवमानना कार्यवाही का अनुरोध किए जाने के बाद आरपी 12 अक्टूबर, 2023 के फैसले के कार्यान्वयन में कठिनाइयों की दलील नहीं दे सकता।

ट्रेन में गोलीबारी करने में दो सिपाही बर्खास्त

मुंबई। पिछले साल जुलाई में मुंबई-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में चेतन सिंह चौधरी द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के दो सिपाहियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी पर आरोप है कि उसने पिछले साल 31 जुलाई को ट्रेन मुंबई के पास पालघर में थी तब अपने वरिष्ठ अधिकारी एएसआई टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है संकल्प

महतारी वंदन योजना की शुरुआत कर मोदी बोले-डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण

रायपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 'महतारी वंदन' योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य की 'डबल इंजन' सरकार (केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार) की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश में तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया है।

मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से रिमोट दबाकर इस योजना की शुरुआत की और 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। उन्होंने योजना की शुरुआत करते हुए कहा, ''छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को मेरा प्रणाम..आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली 'महतारी वंदन योजना' को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये देने का वादा किया गया था। भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आज महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं के खाते में अब हर महीने बिना किसी परेशानी के यह पैसा आता रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 (टी-1) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। अब इसका कुल क्षेत्रफल तीन गुना होकर 2,06,950 वर्ग मीटर हो गया है। विस्तारित टर्मिनल-1 के उद्घाटन के साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता मौजूदा चार करोड़ यात्रियों से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। हवाई अड्डा परिचालक डायल के अनुसार, सभी प्रवेश द्वारों पर चेहरा पहचानने की प्रणाली (डिजी यात्रा), 20 ऑटोमेटेड ट्रे रीट्राइवल सिस्टम्स (एटीआरएस), इंडीविजुअल कैरियर सिस्टम (आईसीएस), 108 कॉमन यूजेज सेल्फ सर्विस (सीयूएसएस) और 100 चेक-इन काउंटर हैं, जिनमें 36 सेल्फ बैगेज ड्रॉप (एसबीडी) कियोस्क शामिल हैं।

ग्वालियर, जबलपुर व पुणे, कोल्हापुर हवाई अड्डों की इमारतों का उद्घाटन

भोपाल/ पुणे। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश में ग्वालियर और जबलपुर हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि इस कार्यक्रम के लिए ग्वालियर हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र में पुणे और कोल्हापुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। ये टर्मिनल भवन विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सीएम यादव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया के नाम पर नए हवाई अड्डे का उद्घाटन बदलते भारत के विकास का एक नया कीर्तिमान है।

दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति 15 मार्च तक होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी

चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे से बनी रिक्तियों को भरने के लिए 15 मार्च तक दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होने की संभावना है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले ही गोयल ने शुक्रवार सुबह चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और कानून मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार चुनाव प्राधिकरण के एकमात्र सदस्य रह गये हैं। पांडे 14 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में एक खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी। इस समिति में गृह सचिव और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सचिव शामिल होंगे। बाद में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल होंगे, चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए दो व्यक्तियों का नाम तय करेगी। इसके बाद नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि चयन समिति सदस्यों की सुविधा के आधार पर 13 या 14 मार्च को बैठक कर सकती है और नियुक्तियां 15 मार्च तक होने की संभावना है।

संविधान में संशोधन के लिए भाजपा को दो-तिहाई बहुमत दिलाना जरूरी : हेगड़े

करवार (कर्नाटक)। भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने रविवार को कहा कि प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने के लिये भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। हेगड़े ने छह साल पहले भी इसी तरह का बयान दिया था। हेगड़े ने कहा कि भाजपा को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।

कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों सहित कई पार्टी नेता भाजपा में शामिल

जयपुर, एजेंसी

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई को करारा झटका देते हुए राज्य की पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र यादव और लाल चंद कटारिया सहित कई नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए।

कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्टी नेता रामपाल शर्मा, रिजु झुनझुनवाला और अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए। जयपुर में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा का दामन थामने वाले लाल चंद कटारिया और राजेंद्र यादव अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे थे।

राजस्थान में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

तेलंगाना में बीआरएस के चार और कांग्रेस का एक नेता भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दो पूर्व सांसद समेत चार नेता और कांग्रेस के एक नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्र में सत्तारूढ़ दल दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भाजपा में शामिल होने वालों में बीआरएस के पूर्व सांसद जी. नरेश, सीताराम तथा पार्टी के पूर्व विधायक एस. रेड्डी और जलगाम वेंकट राव और कांग्रेस नेता श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर नई दिल्ली के पुराना किला में विकसित भारत के दृष्टिकोण से संचालित कलाकृतियों की एक शृंखला बनाने के लिए आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान कलाकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग को देखते हुए। ● एजेंसी

राहुल ने गुजरात में यात्रा के अंतिम दिन सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

तापी (गुजरात)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात चरण के अंतिम दिन रविवार को सूरत में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यहां पत्रकारों को बताया कि चार दिन में गुजरात के सात जिलों से गुजरने के बाद यह यात्रा राज्य में समाप्त हो गयी है और यह एक दिन के विराम के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र नंदुरबार जिले से फिर से शुरू होगी। राहुल ने सूरत जिले के बारदोली में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। रमेश ने कहा- कुछ मिनटों के लिए वह स्वराज निवास में गए जिसे 1922 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने बनवाया था।

एसबीआई की अर्जी पर आज सुनवाई करेगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनावी बॉण्ड मामला

- याचिका में एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का किया गया है अनुरोध

उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की ''जानबूझकर'' अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। कोर्ट ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी: कपिल सिब्बल



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा बताए गए कारणों को ''बचकाना'' करार देते हुए रविवार को कहा कि अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी है और जब संविधान पीठ फैसला सुना चुकी है तो एसबीआई की याचिका को स्वीकार करना ''आसान नहीं होगा''। चुनावी बॉण्ड योजना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में मामले में याचिकाकर्ताओं के लिए दलीलें सिब्बल के नेतृत्व में पेश की गईं। उन्होंने कहा कि एसबीआई का दावा है कि डेटा को सार्वजनिक करने में कई सप्ताह लगेंगे, जिससे ऐसा लगता है कि ''कोई किसी को बचाना चाहता है।'' सिब्बल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए वीडियो साक्षात्कार में कहा कि यह स्पष्ट है कि एसबीआई का इरादा सरकार का बचाव करना है, अन्यथा बैंक ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि 30 जून तक बढ़ाए जाने का ऐसे समय में अनुरोध नहीं किया होता जब अप्रैल-मई में चुनाव होने हैं।

कारोबार/कृषि

एक नजर

विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 .6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625 .6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2 .97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619 .07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6 .04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554 .2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56 .9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 .42 अरब डॉलर हो गया।

इंडियन बैंक के नए कार्यकारी निदेशक बने ब्रजेश कुमार सिंह

चेन्नई। केंद्र सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंह इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। इंडियन बैंक ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार ने नौ मार्च, 2024 की अधिसूचना संख्या 4/1(8) के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह को तीन साल के लिए इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक बनाया है।" इलाहाबाद कृषि संस्थान से कृषि स्नातक सिंह के पास बैंकिंग क्षेत्र में 28 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

अगले 15 साल में मिलेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीए पर हस्ताक्षर को 'ऐतिहासिक पल' करार देते हुए कहा कि यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए ने अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है।

ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा- एफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। इसके एवज में भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी... कुल मिलाकर टीईपीए से हमें अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने और अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

करार निष्पक्ष व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि यह एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने एक लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

समझौते से भारतीय बाजार में सस्ती होंगी स्विस घड़ियां, चॉकलेट

भारत ईएफटीए ब्लॉक के साथ अपने व्यापार समझौते के तहत कलाई घड़ियों, चॉकलेट, बिस्किट और दीवार घड़ियों जैसे उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पादों पर क्रमिक रूप से सीमा शुल्क को समाप्त कर देगा। इससे घरेलू ग्राहकों को कम कीमत पर इन उत्पादों तक पहुंच मिलेगी। भारत और चार-यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए ने आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। विभिन्न देशों में इस समझौते को मंजूरी देने की विस्तृत प्रक्रिया के कारण इसे लागू होने में एक साल तक का समय लगेगा।

भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्री बोले-सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का स्वागत

भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है।

टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है।

कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर घोषित होने की संभावना है। वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी का ताजा दौर कोयला मंत्रालय के नामांकित प्राधिकारी द्वारा 20 दिसंबर, 2023 को शुरू किया गया था। नौवें दौर में 32 कोयला खदानों को नीलामी पर रखा गया। अधिकारी ने कहा-नौवें चरण के नतीजे घोषित होने में अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इसके अंदर ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, ऑफलाइन रूप में कुल 40 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 374.04 अंक या 0.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद थे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई।

एफपीआई ने मार्च में 6,100 करोड़ रुपये का किया निवेश

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है।

मोबाइल विनिर्माण 10 साल में 21 गुना हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीईए के मुताबिक, बढ़कर 4.1 लाख करोड़ रुपये हुआ

भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण मूल्य के लिहाज से पिछले 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उद्योग निकाय आईसीईए ने बयान में कहा कि सरकार के पीएलआई जैसे नीतिगत उपायों ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा कि भारत अब अपनी कुल मोबाइल फोन मांग का 97 प्रतिशत स्थानीय स्तर पर उत्पादित करता है और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। आईसीईए ने कहा-मोबाइल फोन का उत्पादन 2014-15 के 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2,000 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात महज 1,556 करोड़ रुपये था। उद्योग को वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 1,20,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निर्यात की उम्मीद है। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि होगी। विनिर्माण पर एक नोट के अनुसार, स्मार्टफोन के क्षेत्र में एप्पल और सैमसंग ने देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत निर्मित उपकरणों को बड़ी मात्रा में ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली अमेरिकी बाजारों में निर्यात किया जा रहा है।

कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लॉन्च

दोहा। दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस कतर एयरवेज ने लॉन्च कर दी है। कंपनी ने दुनिया की पहली डिजिटल ह्यूमन केबिन क्रू आईटीबी बर्लिन 2024 के दौरान पेश की है। इसका नाम समा है।

कंपनी ने एआई बेस्ड एयर होस्टेस का डेमो कतर वेब समिट के दौरान दिया था। ये केबिन क्रू ह्यूमन एयर होस्टेस को रिप्लेस नहीं करेगा। इसे बतौर फ्लाइट अटेंडेंट ट्रेनिंग दी गई है। यह खुद को अपडेट करती रहती

लापता मछुआरों की खोज के लिए पाकिस्तान भारत से मांगेगा मदद

इस्लामाबाद, एजेंसी

- हिजामक्रो क्रीक में नाव पलटने से पांच मार्च को हुआ था हादसा, अब तक 31 लोगों के शव बरामद

पाकिस्तान सरकार 14 मछुआरों के शव बरामद करने के लिए भारत से मदद मांग सकती है, जो नाव पलटने के बाद से लापता हैं। सिंध के गांव इब्राहिम हैदर के 45 मछुआरे मछली पकड़ने गए थे, लेकिन पांच मार्च को थट्टा में केटी बंदर के पास हिजामक्रो क्रीक में नाव पलट गई। 31 मछुआरों को बचा लिया गया, जबकि 14 लापता हैं।

अधिकारियों ने कहा कि लापता लोगों को ढूंढने के लिए पाकिस्तानी नौसेना, समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के गोताखोरों द्वारा अभियान चलाया गया, लेकिन 14 लापता मछुआरों का पता नहीं चल सका। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के विधायक आगा रफीउल्ला ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से बात की थी और उनसे भारतीय अधिकारियों से संपर्क करने और लापता मछुआरों का पता लगाने के लिए उनकी मदद लेने को कहा था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सरकार मामले को भारतीय अधिकारियों के साथ उठाएगी, क्योंकि ऐसी आशंका है कि ज्वार की लहरें मछुआरों को भारत की क्षेत्रीय सीमा तक ले गई होंगी। रफीउल्ला ने कहा कि लापता मछुआरे के रिश्तेदारों के संपर्क में हैं।

अमेरिकाः एडल्ट स्टार सोफिया लियोन का निधन

वाशिंगटन। एडल्ट फिल्म स्टार सोफिया लियोन का निधन हो गया है। 26 साल की सोफिया इस महीने की शुरुआत में अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। सौतेले पिता माइक रोमेरो ने उनके निधन की पुष्टि की है। फिलहाल मौत का कारण सामने नहीं आया है। सोफिया की मौत के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। पिछले तीन महीने में ये तीसरा मामला है जब किसी एडल्ट स्टार की मौत हुई है। सौतेले पिता ने गोफंडमी पर उनके मेमोरियल के लिए पैसे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सोफिया एक मार्च को अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। फिर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

स्मिशिंग से यूजर्स को फांस रहे साइबर ठग, संदिग्ध लिंक से बचें

भारत समेत दुनिया में एसएमएस धोखाधड़ी बढ़ रही है। इसे 'स्मिशिंग' कहा जाता है। साइबर सुरक्षा कंपनी प्रूफपॉइंट के अनुसार, दुनिया में रोज 4 लाख एसएमएस हमले होते हैं। साइबर लुटेरों के फैलाए इस जाल में फंसकर लोग अपने बैंक खातों से पैसा गंवा रहे हैं। जानते हैं 'स्मिशिंग' क्या है और इससे कैसे बचें...

4 लाख एसएमएस हमले करके दुनिया में रोज साइबर लुटेरों लोगों को फंसा रहे

स्मिशिंग, ईमेल ठगी से भी ज्यादा खतरनाक

स्मिशिंग ईमेल ठगी से अधिक खतरनाक मानी जाती है, क्योंकि ऐसे साइबर अपराधियों की पहचान करना मुश्किल होती है। जबकि, पीड़ितों को लगता है कि उनके नंबर का उपयोग केवल ज्ञात लोग ही कर सकते हैं।

क्या है स्मिशिंग ठगी

स्मिशिंग साइबर हमला है, जो मोबाइल टेक्स्ट मैसेज भेजकर किया जाता है। इसे एसएमएस फिशिंग भी कहते हैं। इससे लोगों और कंपनियों दोनों को निशाना बनाया जाता है। ठग लोगों को भ्रामक संदेश भेजता है, जिसे पढ़कर लगता है कि किसी भरोसेमंद स्रोत से भेजा गया है। इनमें अक्सर एक लिंक होता है, जो यूजर को फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है। जब यूजर अपनी जानकारी (पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड डिटेल आदि) डालता है, तो ठग इसे चुरा लेता है। कुछ मामलों में मैसेज में मैलवेयर भेजा जाता है। पिछले साल 39% यूजर को कम से कम ठगी का एक मैसेज आया है।

ठगी से कैसे बचें

अनचाहे संदेशों से सावधान रहें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। बैंक से जुड़ा संदिग्ध मैसेज मिले तो बैंक से संपर्क करें। निजी लेनदेन के लिए अलग ईमेल का इस्तेमाल करें। ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, ताकि संबंधित मामले में बचा जा सके।

ऑनलाइन शिकायत दर्ज कैसे करें

चक्षु पोर्टल का लिंक sancharsaathi.gov.in पर उपलब्ध है। सरकार चक्षु के लिए एक एप बनाने पर काम कर रही है। अगर आपके पास धोखाधड़ी के इरादे से कोई कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज आता है तो पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। शिकायत में कॉल या एसएमएस आने का समय, तारीख और इससे जुड़ी सभी जानकारियां देनी होती हैं। रिकॉर्ड के तौर पर ऐसे कॉल या मैसेज का स्क्रीनशॉट भी देना होगा। अगर साइबर ठगी का शिकार हो चुका है तो उसे 'चक्षु' पोर्टल की बजाय भारत सरकार के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज करवानी चाहिए।

एक नजर

नरसंहार से नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहेः बाइडन

विलमिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में हमास के खिलाफ अपने युद्ध के तरीके से इजराइल की मदद करने के बजाय उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाइडन ने कहा- इजराइल गाजा में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग खो सकता है। उनकी ताजा टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण होते संबंधों की ओर इशारा करती है। बाइडन ने गाजा में लोगों के बड़ी संख्या में मारे जाने पर बात की।

पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर 10 आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 10 आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना ने कहा, उत्तरी वजीरिस्तान जिले में खुफिया-आधारित अभियान चलाया। सेना कहा- पहले ऑपरेशन में आतंकवादियों के बीच झड़प में चार आतंकवादी मारे गए, जबकि अनुवर्ती सफाया अभियान के दौरान चार और आतंकवादी ढेर कर दिए गए। आईएसपीआर ने कहा कि एक अलग ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश में दो आतंकियों की मौत हुई है, जबकि पांच को हिरासत में लिया गया है।

पश्चिम बंगाल में पहली बार राम नवमी पर सार्वजनिक अवकाश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने आगामी 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर पहली बार सार्वजनिक छुट्टी की घोषिणा की है। शनिवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि 17 अप्रैल 2024 को राम नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐसा अपनी हिंदू विरोधी छवि को भुनाने के लिए किया है, लेकिन अब बहुत देर हो गई है। बंगाल में हमेशा से दुर्गा पूजा, काली पूजा और सरस्वती पूजा बड़े त्योहार के रूप में मनाए जाते हैं।

इंडोनेशिया में भूस्खलन और बाढ़ से 19 की मौत, सात लापता

पदांग (इंडोनेशिया)। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लापता हैं। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी बताया है कि शुक्रवार देर रात कई टन मिट्टी, चट्टानें और उखड़े हुए पेड़ एक पहाड़ से लुढ़ककर एक नदी तक पहुंच गए। एजेंसी ने कहा इस आपदा में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचानक आई बाढ़ से कम से कम दो ग्रामीण घायल हो गए और बचावकर्मी ऐसे सात लोगों की तलाश कर रहे हैं जो र अब भी लापता हैं। एजेंसी ने कहा- राहत बचाव कार्य जारी है।

टिकटॉक से प्रचार कर रहे बाइडन ट्रंप महिलाओं की आजादी के विरोधी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः ट्रंप विरोधी नारों के बीच युवाओं को लुभाने में जुटे हैं राष्ट्रपति

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव लगभग तय हो गया है कि जो बाइडन का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगा। भले ही हाल के कई सर्वे में बाइडन की उम्र (81 वर्ष) को लोगों ने बड़ा मुद्दा माना हो, लेकिन बाइडन ने जेन-जी युवाओं को लुभाने में ताकत लगा दी है। इसके लिए बाइडन अपने प्रचार में ट्रंप के भूलने की समस्या का जिक्र करते हैं।

ट्रंप को महिलाओं की आजादी का विरोधी बताते हैं। गर्भपात कानून का जिक्र करते हैं। इजराइल-फिलीस्तीन मुद्दे पर युद्ध- विराम के अपने प्रशासन के प्रयासों को बताते हैं। बॉर्डर पर दीवार का विरोध करते रहे हैं। युवाओं तक पहुंच बनाने के लिए टिकटोंक पर भी प्रचार अभियान शुरू किया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडन को बहस की चुनौती दी है। ट्रंप ने कहा कि यह हमारे देश और लोगों के लिए अच्छा रहेगा कि बाइडन और मैं अमेरिका के लिए अहम मुद्दों पर बहस करें। मैं कहीं भी, कभी भी डिबेट के लिए तैयार हूं।

अमेरिका में 20 फीसदी युवा मतदाता चुनाव में करेंगे खेला

20 साल से कम के 20% वोटर जो बाइडन को दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए युवा मतदाताओं का समर्थन जरूरी है। कुल अमेरिकी वोटरों में 18 से 19 साल तक युवा मतदाता करीब 20 फीसदी हैं। ये चुनाव के नतीजे को बना या बिगाड़ सकते हैं। वहीं, युवाओं के संगठन सनराइज मूवमेंट ने बाइडन लिए एक रोडमैप पेश किया है। इसमें 2035 तक ग्रीन एनर्जी अपनाने, आपदा प्रभावित त लोगों को मुफ्त इलाज और सस्ता आवास देने की मांग की गई है। गाजा-वेस्ट बैंक में स्थायी और तुरंत युद्धविराम तथा इजराइल को सैन्य और हथियार मदद रोकने की मांग शामिल है।

बाइडन-ट्रंप में आरोप-प्रत्यारोप

राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदारों में 81 वर्षीय बाइडन और 77 वर्षीय ट्रंप आरोप-प्रत्यारोप से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। लोकप्रियता में कमी के बावजूद पार्टियों पर पकड़ बनाए हुए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि हमें बाइडन को हराना ही होगा। वह (बाइडन) इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, यदि हम ये चुनाव हारते हैं तो आपको एक फिर डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल के साथ जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान नहीं करूंगाः एलन

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि राष्ट्रपति पद के किसी उम्मीदवार को पैसा दान करने की उनकी कोई योजना नहीं है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, बस पूरी तरह से स्पष्ट होने के लिए आपको बता रहा हूं कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को पैसा दान नहीं कर रहा हूं। दो दिन पहले ट्रंप से मिले थे।

चीनी एप पर अमेरिका लगाएगा पाबंदी, पेश किया विधेयक

वाशिंगटन। अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में रूस ने सोशल मीडिया के माध्यम से दखल दिया था। स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट मुलर ने 2018 में पेश आरोप पत्र में बताया कि किस तरह रूसियों ने सोशल मीडिया पर हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ और डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में प्रचार किया था।

अब 2024 के राष्ट्रपति चुनाव पर ऐसा ही खतरा मंडरा रहा है। कई विशेषज्ञ चीनी कंपनी बाइटडांस के एप टिकटॉक को गंभीरता से लेने की सलाह दे रहे हैं। अमेरिका में टिकटॉक के लगभग 17 करोड़ मासिक यूजर्स हैं। यह युवाओं में ज्यादा पॉपुलर है। खासकर कॉलेजों में इसके जरिये राजनीतिक प्रचार हुआ है। इसे ध्यान में रखकर 5 मार्च को रिपब्लिकन पार्टी के माइक गैलागर और डेमोक्रेटिक पार्टी के राजा कृष्णमूर्ति सहित 18 अन्य सांसदों ने बाइटडांस से संबंध नहीं तोड़ने की स्थिति में टिकटॉक पर पाबंदी लगाने का विधेयक प्रतिनिधि सदन में पेश किया है। विधेयक पास होने पर टिकटॉक बैन हो जाएगा। भारत ने 2020 में टिकटोंक पर प्रतिबंध लगाया था, अब अमेरिका तैयारी कर रहा है।

एआई से बन रहे सबसे ज्यादा चुनावी फेक फोटो और वीडियो

वाशिंगटन, एजेंसी

- टेक वॉचडॉग की रिपोर्ट में खुलासा सॉफ्टवेयर से सबसे ज्यादा चुनावी कंटेंट किए जा रहे तैयार

अगले कुछ महीनों में भारत-अमेरिका समेत दुनिया के दर्जन भर से ज्यादा देशों में होने जा रहे चुनाव इस बार मुद्दों से ज्यादा एआई से लड़े जाएंगे। इसके लिए एआई के जरिए फेक न्यूज और फेक फोटोज क्रिएट किए जा रहे हैं। टेक वॉचडॉग सेंटर फॉर डिजिटल हेट की रिपोर्ट के अनुसार, एआई इमेज क्रिएटर इस वक्त सबसे ज्यादा फेक पॉलिटिकल इमेज जेनरेट कर रहे हैं।

इनके जरिए चुनाव से संबंधित फेक इमेज सबसे ज्यादा तैयार किए जा रहे हैं। मिडजर्नी, स्टैबिलिटी एआई की ड्रीम स्टूडियो, ओपेन एआई की चैट जीपीटी प्लस, माइक्रोसॉफ्ट इमेज क्रिएटर जैसे एआई इमेज जेनरेटर भ्रम पैदा करने वाले इमेज तैयार कर

रहे हैं। इनमें ज्यादातर अमेरिका के चुनाव या वोटिंग सुरक्षा को लेकर हैं। यह हाल तब है, जब इन कंपनियों ने यह वादा किया है कि उन्होंने अपने एआई सॉफ्टवेयर में पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम किया है और इनसे फेक फोटोज नहीं बनाई जा सकेंगी। सेंटर फॉर डिजिटल हेट ने कहा- इन एआई सॉफ्टवेयर में कुछ टूल्स हैं, जो फेक इमेज तैयार करने से रोकते हैं, लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं।

वर्जीनिया की सीनेट में भारतवंशी पत्रकार सम्मानित

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी पत्रकार टी विष्णुदत्त जयरामन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, वर्जीनिया के सदन ने जयरामन के पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति समर्पण के लिए उनके काम की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव भारतीय अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने चार मार्च को पेश किया था। बता दें, सुब्रमण्यम वर्जीनिया के 10वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भी हैं। बाद में आठ मार्च को सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया। सीनेट में जयरामन का परिचय देते हुए सुब्रमण्यम ने पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्हें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिष्ठित अशोक पुरस्कार प्राप्त करने वाले पत्रकार के रूप में संदर्भित किया।

उग्र छात्रों ने घेरा संसद...

एथेंसः ग्रीस के छात्रों ने निजी विश्वविद्यालयों की योजनाबद्ध शुरुआत के खिलाफ एथेंस में प्रदर्शन किया। करीब 20 हजार छात्रों ने संसद का घेराव करने का प्रयास किया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर उन्हें रोकने की कोशिश। इससे छात्र हिंसा पर उतर आए। उन्होंने पुलिस पर पेट्रोल बम, पटाखे फेंके और जवानों से भिड़ गए। जनवरी से ही सरकार के निजी विश्वविद्यालयों को खोलने की मंजूरी से जुड़ा प्रस्ताव आने के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। ● एजेंसी

इजराइल ने बेन डेविड की हत्या का लिया बदला, आतंकी ढेर

तेल अवीव। इजराइली सेना ने उस आतंकवादी को हवाई हमले में मार गिराया है, जिसने गाजा में एक रिजर्व अधिकारी की हत्या की थी। रविवार सुबह इजराइल रक्षा बलों ने यह जानकारी दी है। आईडीएफ सैनिकों ने मेजर (रेस.) अमीशर बेन डेविड की हत्या के बदले में मारा है।

43 वर्षीय बेन डेविड कमांडो ब्रिगेड प्रमुख की फॉरवर्ड कमांड टीम के प्रमुख थे। वह शुक्रवार को दक्षिणी गाजा में मारे गए थे। बेन डेविड को रविवार दोपहर यरुशलम के माउंट हर्जल सैन्य कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस बीच, मध्य गाजा में, इजरायली बलों ने पिछले दिन विमान और लड़ाकू जेट, स्नाइपर फायर और टैंक फायर के माध्यम से 13 आतंकवादियों को मार गिराया है।

ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों के 300 खाते सीज, 100 करोड़ जब्त

लंदन, एजेंसी

- सुनक सरकार का एक्शन कनाडा सहित कई देशों में ट्रांजेक्शन ट्रैक

ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार ने भारत विरोधी खालिस्तान समर्थकों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई विशेष टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सीज कर लगभग सौ करोड़ रुपये की रकम जब्त की है। टास्क फोर्स ने इन सभी बैंक खाते से कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को हुए संदिग्ध ट्रांजेक्शन को ट्रैक किया था।

टास्क फोर्स के अनुसार, पिछले साल गठित टीम की वॉच लिस्ट में पांच हजार से ज्यादा बैंक खाता हैं। टास्क फोर्स ने इन खातों को दो तरह से बांटा है। पहला- वो खाता जो सीधे तौर पर घोषित खालिस्तानी नेताओं के हैं और दूसरा- वे खाते जो खालिस्तान समर्थकों के हैं। बैंक अकाउंट से एक बार में 50 हजार रुपए से ज्यादा का लेनदेन होने पर जानकारी निकलवाई जाती है।

टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के अमेरिका में नेटवर्क के भंडाफोड़ के लिए जांच एजेंसी एफबीआई से भी संपर्क साधा है। टास्क फोर्स के एक अफसर ने बताया कि भारत में प्रतिबंधित संगठनों के अमेरिका में बसे नेताओं की फंडिंग को रोकने के लिए एक दल अगले महीने अमेरिका जाएगा। बैंक अकाउंट सीज होने की कार्रवाई तेज होने पर आशंका है कि हवाला के जरिए फंडिंग हो सकती है।

एक साल के भीतर तीसरी बार विश्वासमत हासिल करेंगे दहल

काठमांडू, एजेंसी

- मंत्रिमंडल का किया विस्तार, 13 को सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य का लिया फैसला

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड इस बार सत्ता में आने के बाद 15 महीने के भीतर तीसरी बार 13 मार्च को संसद में विश्वासमत हासिल करने की योजना बना रहे हैं। 25 दिसंबर 2022 को तीसरी बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड ने हाल ही में नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन कर लिया।

प्रचंड की पार्टी सीपीएन-माओवादी सेंटर की संसदीय दल की बैठक में 13 मार्च को अपने सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए व्हिप जारी करने का फैसला लिया गया। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की 13 मार्च के सत्र की बैठक बुलाई गई है। नेपाली

मीडिया के अनुसार, नए गठबंधन के पास संसद में 275 सदस्य हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। वरिष्ठ मधेसी नेता और जनता समाजवादी पार्टी के चेयरमैन उपेंद्र यादव को जनसंख्या एवं स्वास्थ्य और उन्हीं की पार्टी के किशोर शाह को वन मंत्री बनाया है। इसके साथ ही प्रचंड मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 22 हो गई है।

अध्ययन हालिया सर्वे में सामने आए आंकड़े, इसकी बड़ी वजह बाकी कर्मीयों के मुकाबले अधिक कामगर होना

विश्व में मैनेजर लेवल जॉब के लिए भारतीय कर्मी पहली पसंद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कामगार न केवल भारत में बल्कि देश के बाहर भी परचम लहरा रहे हैं। इनकी डिमांड अब देश के बाहर भी बड़े पैमाने पर हो रही है। हालिया एक सर्वे में सामने आया है कि दुनियाभर की कंपनियों में मैनेजर स्तर की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं।

इसके पीछे की बड़ी वजह इन्हें बाकियों के मुकाबले अधिक कामगर होना है। इसके अलावा भारतीय कर्मचारी का कल्चरली सेंसेटिव होना है, जिस वजह से यह ऑफिस में कल्चरली आसानी से घुल-मिल जाते हैं। इसके साथ ही भारतीय कर्मचारी काफी विनम्र होते हैं और काम करने के लिए कहीं भी जाने को तैयार रहते हैं। पिडिलाइट के डायरेक्टर भरत पुरी,जो पहले कैडबरी और मॉडेलेज के साथ काम कर चुके हैं। वे कहते हैं, पिडिलाइट के एशिया-पैसिफिक के तमाम रिजनल ऑफिस में एक-तिहाई मैनेजर भारतीय हैं। वो कहते हैं कि भारतीय मैनेजर यूरोपीय समकक्षों की तुलना में विदेश में नौकरी के लिए जल्दी और अच्छी तरह से तैयार होते हैं।

पूरी कहते हैं कि 20 साल पहले किसी मल्टीनेशनल कंपनी में भारतीयों की संख्या एक या दो होती थी, लेकिन यह संख्या अब 60-70 हो चुकी है। लग्जरियस फैशन ब्रांड शनैल की सीईओ लीना नायर कहती हैं कि हालिया दौर में जहां कॉम्पिटिशन बहुत ज्यादा है उस दौर में भारतीय अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। भारतीय मैनेजर्स की विविधता और कौशल को देखकर मैं भी प्रभावित होती हूं। बता दें कि बाहर नौकरी पाने के लिए सबसे बढ़िया सोर्स उस देश की एंबेसी की वेबसाइट खोज कर ज्यादातर भारतीय है।

वहां से पता किस तरह की जॉब मिल सकती हैं, वीजा के लिए कैसे अप्लाई करना है, बगैर-बगैरा जानकारी आसानी से मिल जाती है। इनके अलावा ईमेल आईडी पर कम्यूनिकेशन कर लेते हैं। देशों की वेबसाइट्स और वहां मौजूद जॉब जब आप किसी भी देश की वेबसाइट पर जाएंगे तो वहां ऊपर ही वीजा के लिए आवेदन करने जैसे ऑप्शन होते हैं।

सीईओ में भी भारतीय पहली पसंद बन रहे

न केवल मैनेजर लेवल की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं बल्कि सीईओ के रूप में भी दुनियाभर की कंपनियों के लिए भारतीय पहली पसंद हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, गूगल के सुंदर पिचई, यूट्यूब के नील मोहन, एडोब के शांतनू नारायण, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन और आइबीएम के अरविंद कृष्णा सभी भारतीय मूल के हैं।

लेह में 'सरगर्मी' तेज, माइनस 15 डिग्री में उपवास पर बैठे वांगचुक

लेह, एजेंसी

- लद्दाख को मिले राज्य का दर्जा केंद्र सरकार को दी चेतावनी अनिश्चितकालीन चलेगा आंदोलन

लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर मशहूर इनोवेटर सोनम वांगचुक लेह में माइनस 15 डिग्री की हाड़ कंपाने वाली सर्दी में खुले आसमान के नीचे 21 दिनों के उपवास पर बैठ गए हैं।

वांगचुक की मांग है कि केंद्र जल्द से जल्द लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दे या इसे विधानसभा के साथ केंद्रशासित प्रदेश बनाए। इसके अलावा छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग हो रही है। उन्होंने ने चेताया कि यदि केंद्र सरकार लद्दाख के लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं करती तो आंदोलन अनिश्चितकालीन चलेगा। बता दें कि लद्दाख, पहले जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा था, अब इसको अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्ज दे दिया गया है।